दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004 कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 206 | जयपुर | शनिवार, 31 मई, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष पंचमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## पाकिस्तानी सेना गिड़गिड़ा रही थी, बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा : मोदी




बढ़ता राजस्थान

**कानपुर ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर में जनसभा की। 45 मिनट के भाषण में उन्होंने आतंक को लेकर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। कहा, बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। हमारे भारतीय हथियारों ने और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचाई है। आतंकियों के ठिकानों को सैकड़ों मील अंदर जाकर तबाह किए। इससे पहले, मोदी ने कानपुर एयरपोर्ट पर शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। मोदी ने शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या, मां सीमा और पिता संजय द्विवेदी से मुलाकात की। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि पीएम परिवार से मिलकर भावुक हो गए। ऐशन्या और शुभम के पिता की आंखों से आंसू निकल आए तो पीएम ने ढांढस बंधाया। शुभम की मौत पहलगाम आतंकी हमले में हुई थी। पत्नी ऐशन्या के सामने उन्हें गोली मारी गई थी। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

### पीएम के स्पीच की बड़ी बातें

- **ऑपरेशन सिंदूर पर:** पहलगाम के कायराना हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी बर्बरता का शिकार हुए। बेटी ऐशन्या की वो पीड़ा, वो कष्ट और भीतर का आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। स्वतंत्रता संग्राम की इस धरती से मैं सेना के इस शौर्य को बार-बार सैल्यूट करता हूं। मैं फिर कहना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन गिड़गिड़ा रहा था, वो किसी धोखे में न रहे। ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है।
- **कनपुरिया अंदाज में पाकिस्तान को धमकी :** पाकिस्तान का यह खेल अब नहीं चलने वाला। अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया, उस ब्रह्मोस मिसाइल का भी नया पता है-उत्तर प्रदेश।
- **आतंक के खिलाफ 3 सूत्रीय फॉर्मूला दिया:** भारत ने आतंक के खिलाफ अपनी लड़ाई में तीन सूत्र स्पष्ट रूप से तय किए हैं। 1- भारत हर आतंकी हमले का करारा जवाब देगा, उसका समय, तरीका और शर्तें हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। 2- भारत अब एटम बम की गीदड़भभकी से नहीं डरेगा और न ही उसके आधार पर कोई फैसला लेगा।

### मोदी कानपुर में पहलगाम हमले के पीड़ित परिवार से मिले

#### मृतक की पत्नी के आंसू देखकर भावुक हुए, पिता से बोले-ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं



कानपुर। पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कानपुर पहुंचे। उन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिवार से 8 मिनट मुलाकात की। चकेरी एयरपोर्ट पर पीएम मोदी के सामने शुभम की पत्नी ऐशन्या, पिता संजय, मां सीमा भावुक हो गईं। सभी ने रोते हुए हाथ जोड़े। कहा, हमारे बेटे की मौत जाया न होने पाए। शुभम की पत्नी ऐशन्या फफक-फफक रोने लगीं। मोदी भी उनके आंसू देखकर भावुक हो गए। कहा- आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर थमा है...खत्म नहीं हुआ, यह आगे भी जारी रहेगा। पीएम मोदी ने पिता संजय द्विवेदी के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें ढांढस बंधाया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कानपुर के शुभम को उनकी पत्नी ऐशन्या के सामने आतंकियों ने गोली मारी थी। शुभम की पत्नी ऐशन्या ने पति को शहीद का दर्जा देने की मांग की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट का आदेश- नीट पीजी एग्जाम एक शिफ्ट में हो

#### कहा- समय चाहिए तो आवेदन कर सकते हैं, 15 जून को होनी है परीक्षा



बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नीट पीजी परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। छात्रों ने 2 शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि 2 शिफ्ट में एग्जाम से क्वेश्चन पेपर के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किए गए नंबर्स में भी फर्क आ जाता है। नीट पीजी एग्जाम 15 जून को होना है जिसके लिए एडमिट कार्ड 2 जून को जारी होंगे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की जल्द सुनवाई की है।

#### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- नॉर्मलाइजेशन एक्सेप्शनल केसेज के लिए

बेंच ने कहा- ये तर्क माना नहीं जा सकता कि एग्जाम कराने के लिए एनबीई (नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन) को पर्याप्त सेंटर नहीं मिले। 2 शिफ्ट में एग्जाम कराना फेयर नहीं है। दो पेपर्स का डिफिकल्टी लेवल कभी एक जैसा नहीं हो सकता। नॉर्मलाइजेशन का इस्तेमाल एक्सेप्शनल केसेज में होना चाहिए, न कि रूटीन परीक्षाओं में। इस साल का एग्जाम 15 जून को होना है। अभी भी एग्जामिनेशन बॉडी तय करने और सेंटर्स चुनने के लिए 2 सप्ताह से ज्यादा का समय बाकी है। इसके बावजूद अगर और समय की जरूरत होती है तो आवेदन कर सकते हैं।

### कमल हासन बोले- गलत नहीं हूं तो माफी नहीं मांगूंगा

#### कर्नाटक में एक्टर की फिल्म ठग लाइफ बैन; कहा था- कन्नड़ भाषा तमिल से निकली



बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई ( एजेंसी )।** एक्टर और नेता कमल हासन ने कन्नड़ भाषा पर अपनी टिप्पणी को लेकर जारी विवाद के बीच माफी मांगने से इनकार कर दिया है। उन्होंने चेन्नई में शुक्रवार को अपनी फिल्म ठग लाइफ के प्रमोशन के दौरान कहा कि अगर मैं गलत नहीं हूं तो माफी नहीं मांगूंगा। हासन ने कहा, भारत एक लोकतांत्रिक देश है। मैं कानून और न्याय में विश्वास करता हूं। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और केरल के लिए मेरा प्यार सचा है। जीत हमेशा प्यार की होती है। मुझे पहले भी धमकियां दी गई हैं, लेकिन अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा, अगर गलत हूं तो माफी नहीं मांगूंगा। इधर, कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की रिलीज पर बैन लगा दिया है। चस्त्रष्ट्ट के अध्यक्ष एम नरसिम्हालु ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा कि अगर कमल हासन चाहते हैं कि उनकी फिल्म रिलीज हो तो उन्हें माफी मांगनी होगी।

#### अंकिता भंडारी मर्डर

### भाजपा नेता के बेटे समेत 3 को उम्रकैद

#### 2 साल 8 महीने बाद कोर्ट का फैसला

बढ़ता राजस्थान

**कोटद्वार ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री के बेटे पुलकित आर्य समेत 3 को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलकित के अलावा उसके दो कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को भी सजा सुनाई गई है। कोटद्वार जिला कोर्ट ने इस मामले में 2 साल 8 महीने के बाद फैसला दिया है। तीनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। लाइव लॉ के अनुसार कोर्ट ने तीनों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अंकिता ऋषिकेश में पुलकित आर्या के रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी।

#### परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

## राजस्थान रोडवेज का बदलेगा परिदृश्य, सुविधायुक्त होंगी बसें और बस स्टैंड : सीएम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार परिवहन व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं सुविधायुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए लक्ष्य निर्धारित कर कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान रोडवेज की बसों में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराएं, जिससे कार वाले भी बसों में यात्रा के लिए प्रेरित हों। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग और राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रोडवेज चालक, परिचालक सहित सभी कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित कराने के निर्देश दिए। इसमें रोडवेज बस सुविधाओं के आधुनिकीकरण, सुव्यवस्थित परिवहन में सबकी भागीदारी, स्वच्छता और नियमों की पालना जैसे विषयों की विस्तृत जानकारी दी जाए। उन्होंने रोडवेज बस स्टैंड और विश्राम स्थलों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें एक ही रंग में विकसित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पथ परिवहन निगम भविष्य को देखते हुए सुविधाओं का विस्तार करे। सुरक्षित सफर के साथ बसों में भोजन और सरस उत्पाद उपलब्ध कराने का नवाचार किया जाए।



#### सख्त कार्रवाई और कड़ी निगरानी के निर्देश-

शर्मा ने पद दुरूपयोग करने वाले कार्मिकों, ओवरलोड और ओवरस्पीड वाहन चालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और निगरानी के निर्देश दिए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि ट्रांसपोर्ट व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग एंड इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम के कमांड एंड कंट्रोल रूम की शीघ्र शुरूआत की जाएगी। साथ ही, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के राजधरा एप से बसों के रूट्स का डिजिटाइजेशन भी जल्द करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन परमिट जारी करने से पहले रूट निर्धारण करें, जिनमें अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, राजकीय कार्यालयों का विशेष ध्यान रखा जाए। नई बसों की खरीद व संचालन समयबद्ध सुनिश्चित कराएं। राजस्थान व्हीकल स्क्रैप पॉलिसी शीघ्र लागू की जाए तथा ऑटोमैटिक टैस्टिंग स्टेशन भी आरंभ किए जाएं। शर्मा ने कहा कि सुव्यवस्थित परिवहन सेवाओं के लिए देश के अन्य राज्यों का अध्ययन कराएं। विशेषज्ञों से भी सुझाव आमंत्रित किए जाएं।

### ओडिशा में इंजीनियर के घर से 2 करोड़ कैश बरामद

#### विजिलेंस टीम को देखकर खिड़की से नोटों के बंडल फेंके; 7 ठिकानों पर रेड की



बढ़ता राजस्थान

**भुवनेश्वर ( एजेंसी )।** ओडिशा में विजिलेंस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को एक चीफ इंजीनियर के 7 ठिकानों पर रेड की। इस दौरान उसके दो घरों से 2 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हुआ। लाखों रुपए के सोने के गहने और महंगे कपड़े भी मिले हैं। विजिलेंस टीम को देखते ही चीफ इंजीनियर भुवनेश्वर स्थित अपने फ्लैट की खिड़की से 500 रुपए के नोटों के बंडल फेंकने लगा था। अधिकारियों ने नोटों की गड्डी बरामद कर ली है। कैश गिनने के लिए मशीनों का सहारा लेना पड़ रहा है। नोटों की गिनती जारी है। इंजीनियर की पहचान ओडिशा सरकार के कर्मचारी बैकुंठ नाथ सारंगी के रूप में हुई है। वह राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में काम करता है। उसके पास आय से ज्यादा संपत्ति होने का पता चला था।

## राजस्थान के 7 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट

#### जयपुर-अजमेर-टोंक में बरसात, आनासागर के 3 गेट खोले; बाड़मेर में 6 साल का रिकॉर्ड टूटा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान में आंधी-बारिश के बाद तापमान गिर गया है। शुक्रवार को दौसा, पाली, झुंझुनूं, हनुमानगढ़, जयपुर, चूरू, चित्तौड़गढ़ समेत कई शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ। जयपुर, अजमेर और टोंक में तेज बारिश हुई।

जयपुर शहर में दिनभर आसमान बादलों से ढका रहा। दोपहर 2.30 बजे बाद सांगानेर और जगतपुरा में हल्की बारिश हुई। अजमेर में भी दिनभर की गर्मी के बाद शाम को 30 मिनट तक तेज बरसात हुई। यहां सुबह आनासागर झील के तीन गेट 3-3 इंच खोले गए हैं। टोंक के भी कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। उधर, बाड़मेर में पिछले 24 घंटे में 30 एमएम बारिश हुई।

यह मई में 6 साल में एक दिन की बारिश का रिकॉर्ड है। मौसम केंद्र जयपुर ने 31 मई को 7 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। 1 जून को भी 17 जिलों बारिश का अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 2 जून को एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिसके असर से दो दिन राजस्थान के अधिकांश जिलों में आंधी-बारिश की गतिविधियां फिर से बढ़ेगी।



**जैसलमेर में 43.6 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान**-पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा तापमान जैसलमेर में 43.6 डिग्री दर्ज हुआ। गंगानगर में अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री, बीकानेर में 42.2 डिग्री, बाड़मेर में 41.4 डिग्री, कोटा में 41.8 डिग्री, वनस्थली (टोंक) में 41.2 डिग्री, जोधपुर में 40.4 डिग्री, बारां में 40.9 डिग्री और फलोदी में 40.2 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। बाकी जिलों में शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। प्रतापगढ़, डूंगरपुर, जयपुर, अलवर में अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री के बीच दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**यहां कम रही गर्मी**-जयपुर के अलावा शुक्रवार को अजमेर में अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री, भीलवाड़ा में 39.3 डिग्री, अलवर में 35.5 डिग्री, पिलानी में 37.2 डिग्री, सीकर में 36.5 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 39.8 डिग्री, उदयपुर में 36 डिग्री, चूरू में 39.9 डिग्री, डूंगरपुर में 35.5 डिग्री, हनुमानगढ़ में 37.1 डिग्री, जालोर में 37.9 डिग्री, सिरोही में 34.1 डिग्री, फतेहपुर (सीकर) में 36.7 डिग्री, करौली में 37.4 डिग्री, दौसा में 37.9 डिग्री, प्रतापगढ़ में 35.2 डिग्री, झुंझुनूं में 37.1 डिग्री और पाली में अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री दर्ज हुआ।



# स्वायत्त शासन विभाग मंत्री पँहुचे नाथद्वारा झाबरसिंह खर्रा ने किए श्रीनाथजी के दर्शन

## विपक्षी नेताओं को बताया पाकिस्तान परस्त, साल के अंत तक नगर निकाय चुनाव कराने का प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान सरकार में शहरी विकास और स्वायत्त शासन विभाग के राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा शुक्रवार को नाथद्वारा पहुचे यहां उन्हीने प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन किए । दोपहर को नाथद्वारा पहुचे खर्रा ने प्रभु श्रीनाथजी की राजभोग झांकी के दर्शन किए जिसके बाद मंदिर परंपरा अनुसार उनका स्वागत किया गया । दर्शनोपरांत मंत्री ने कहा कि वे यहां राजसमंद के दौरे पर आए थे जहां उन्होंने महाराण प्रताप की प्रतिमा के साथ ही विभिन्न शिलान्यास व लोकर्पण किए, वहीं आज श्रीनाथजी के दर्शन किए व प्रभु से देश प्रदेश में खुशहाली की कामना की व देश की प्रगति उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो यही प्रार्थना की है, उन्होंने कहा कि देश मे कुछ अति बुद्धिजीवी नेता है जिन्हें सेना की ताकत व शौर्य पर विश्वास नही है और



इन्ही नेताओं के बयानो को पाकिस्तान भी इस्तेमाल करता है और यह देश के लिए ठीक नही है, विपक्ष का काम समालोचना करना है लेकिन विपक्ष केवल आलोचना करना चाहता है चाहे कार्य अच्छे ही क्यो ना हो । नगर निकायों के चुनावों को लेकर भी मंत्री ने बताया कि सरकार फिलहाल नगर निकायों के पुनर्गठन व सीमांकन का कार्य कर रही है, जिसके बाद मतदाता सूचियों बनाने का कार्य होगा व इसके बाद दिसम्बर माह तक सभी नगर निकायों के एक साथ चुनाव करवाने की प्रक्रिया की जाएगी ।

जहां तक अतिक्रमण या अवैध निर्माण की बात है तो चाहे जनप्रतिनिधि हो या प्रशासक सभी इसके लिए उत्तरदायी होते है और अगर शिकायत मिलती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी । उन्होंने बताया कि वे लगातार जनता से विचार विमर्श कर नई टाऊनशिप पालिसी बनाने का कार्य कर रहे है और नगर निकायों से सम्बंधित नियम व कायदों का सरलीकरण कर सीधे व स्पष्ट नियम बनाने का कार्य कर रहे है । मंत्री खर्रा दर्शनोपरांत पूर्व नगर अध्यक्ष के भाई के देहांत हो जाने पर उनके घर शोक व्यक्त करने पहुँचे व इसके बाद स्थानीय होटल में कार्यकर्ताओं से वार्ता कर क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली, जिसके बाद आगे के लिए प्रस्थान कर गए।



# हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दिया सामाजिक सौहार्द का संदेश

## कायमसाह पीर दरगाह पर धूमधाम से मना 10वां उर्स

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे स्थित बाबा कायमसाह पीर की दरगाह पर शुक्रवार को दसवें विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और पंगत प्रसाद ग्रहण किया। जुम्मेरात की सुबह 04 बजे हजरत को गुस्ल शरीफ एवं सुबह 07 बजे कुरान खानी फातिहा शरीफ व मिलाद का कार्यक्रम आयोजित हुआ। शाही जामा मस्जिद से गाजे बाजे के साथ चल रहे जायरीनों ने शाम को बाबा कायमसाह पीर दरगाह पर चद्दर चढ़ाई और देश में अमन-चैन व भाईचारा के लिए दुआ की। समाज सेवी अनिल बादशाह ने बताया कि रात्री में चिड़ावा की पार्टी द्वारा इदरिश कव्वाल की महफिल संजाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और कव्वाली का आनंद लिया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ता वसीम लोहार, मुजिफ खान, यासीन शाह, सकिल शाह, ईसलाम शाह, रोहित मीणा, रहमान शाह, निजामुद्दीन शाह, महमूद लोहार, यासिन कुरेशी, बिलाल लोहार, शरीफ शाह, फतेह खान, रफिक शाह, मुकेश कुमावत, ग्यारसी लाल मास्टर, राकेश मीणा, जयसिंह मीणा, रामसिंह मीणा, बाबूलाल पेंटर, तक्षक मीणा, रिंकु मीणा, सतीश कुमार, गोपाल, बंशी मेहरा, अजय मीणा, मुकेश सैनी आदि मौजूद रहे। सभी ने बाबा कायमसाह पीर की दरगाह पर चद्दर चढ़ाई और देश में अमन-चैन व भाईचारा के लिए दुआ की। बाबा कायमसाह पीर की दरगाह पर आयोजित उर्स के दौरान हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर भाईचारा और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे के साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण किया और देश में अमन-चैन की दुआ की।

# पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय द्वारा वीर सेवा संस्थान के पक्षी मित्र अभियान का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी /करौली ( अंशु गुप्ता )।** वीर सेवा संस्थान राजस्थान द्वारा करौली में पक्षी मित्र अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियान का शुभारंभ करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय द्वारा उनके कार्यालय में परिंडा लगाकर किया गया।इस अवसर पर करौली पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने कहा कि वीर सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा यह कार्य बहुत ही पुण्य का कार्य है और हमें अपने लिए पानी की



व्यवस्था करने के साथ-साथ बेजुबान जानवरों और पक्षियों के लिए भी व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने संस्थान को आगे भी इस प्रकार के कार्य को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।वीर सेवा संस्थान के संस्थापक तरुण जैन ने बताया कि इस वर्ष पूरे जिले में 1000 परिंडे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। संस्थान की टीम करौली जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना द्वारा चलाए जा रहे एक परिंडा मेरा भी अभियान में भी सहयोग कर रही है।उक्त संस्थान के सचिव ने जानकारी दी कि वीर सेवा संस्थान द्वारा पिछले 4 वर्षों में पक्षियों के लिए अब तक 5000 से अधिक परिंडे राजस्थान के कई जिलों जैसे सवाई माधोपुर, जयपुर, अलवर व करौली में लगाए जा चुके हैं। उन्होंने आमजन से इस पुण्य कार्य में अपना सहयोग और समर्थन देने और पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की अपील की।इस अवसर पर वीर सेवा संस्थान के सदस्य तरुण जैन, मोहित जैन, विपिन जैन, पंकज जैन, चेतक जैन, कुशल जैन, धर्मवीर चौधरी, भगवानदास मंजीत, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# आईएस बनने पर प्रथम बार आगमन पर पालीवाल समाज केलवा में स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** 24 श्रैणी पालीवाल समाज मेवाड़ के युवा गौरव राहुल पालीवाल निवासी मोराणा को भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस 2024 में 712 वीं रैंक पर अंतिम रूप से चयन होने के बाद प्रथम बार राजसमंद आगमन पर 24 श्रैणी पालीवाल समाज केलवा व पालीवाल नवयुवक मंडल केलवा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। 24 श्रैणी पालीवाल समाज मुख्यालय खमनोर के व केलवा अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल ने मेवाड़ी पगड़ी व ईकलाई व फुल माला से स्वागत किया।

इस दौरान पालीवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष कमलेश पालीवाल, युवा ब्रह्मशक्ति राष्ट्रीय संगठन मंत्री सत्यनारायण पालीवाल, पुर्व उपप्रधान भरत पालीवाल, पुर्व नवयुवक मंडल अध्यक्ष मनिष पालीवाल, समाजसेवी भंवर पालीवाल, संजय पालीवाल, राजकुमार प्रियंका, मदन पालीवाल, रणजीत पालीवाल पर्व खेड़ी, मनोज भगवान्दा, नंद किशोर पालीवाल, गोपाल पालीवाल, अनिल पालीवाल, मुकेश, नरेश पालीवाल, दिनेश पालीवाल, राहुल पालीवाल, मुकेश पालीवाल, सभी सदस्यों द्वारा ईकलाई से स्वागत किया।एवं पालीवाल नवयुवक मंडल के सदस्य उपस्थित थे।

## अणुव्रत समिति 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर करेगा इको फ्रेन्डली बैग का वितरण

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अणुव्रत समिति उदयपुर आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता अभियान को गति देकर पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देने व विश्व पर्यावरण दिवस मानानें का संकल्प जन-जन तक पहुँचानें हेतु हरित सोच,स्वच्छ भविष्य की भावना के साथ कार्यक्रम के तहत इको फ्रेन्डली बैग का वितरण किया जायेगा। अणुव्रत समिति उदयपुर अध्यक्ष प्रणिता तलेसरा ने बताया कि इस अवसर पर हम इको-फ्रेंडली कैरी बैग का वितरण के साथ ही समितियों एवं मंचों से इस दिन को और अधिक प्रभावशाली व पर्यावरण हितैषी बनाने हेतु आग्रह किया जायेगा। मंत्री कुंदन भटेवर ने बताया कि यह आयोजन न केवल पर्यावरण के प्रति आपके संकल्प को दर्शाएगा,बल्कि आपकी प्रकृति-प्रेम की भावना का सजीव उदाहरण बनेगा। इस आयोजन में उपाध्यक्ष राजेंद्र सेन वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ सुनील इटोदिया संस्थान संरक्षक गणेश डागलिया, प्रकाश बाबेल,पर्यावरण जागरूकता अभियान प्रकल्प को गति देंगे।

## संविधान बचाओ रैली और जातिगत गणना की मांग

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी,प्रदेश प्रभारी ऋतिक मकवाना रहे मौजूद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि सिंह राठौड़ पीसीसी सदस्य देवकीनंदन गुर्जर ने भी किया संबोधित

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद ( सुरेश बागोरा )। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजसमंद जिला मुख्यालय के कांकरोली पुराना बस स्टैंड पर संविधान बचाओ रैली और जातिगत गणना की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सीपी जोशी, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ऋतिक मकवाना, जिला प्रभारी विजेंद्र सिंह सिद्धू सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरि सिंह राठौड़, पीसीसी सदस्य देवकीनंदन गुर्जर,नारायण सिंह भाटी के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहै। सभी ने एक स्वर में पंचायती राज में सरकार के दबाव का विरोध करते हुए जातिगत गणना को तुरंत लागू करने की मांग की। इस मौके पर बोलते हुए प्रदेश प्रभारी रित्विक मकवाना ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार केवल पर्चियों के भरोसे चल रही है और जनता से झूठे वादे कर भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दबाव के बाद बीजेपी को मजबूरन जातिगत करना को स्वीकार करना पड़ा और अब सरकार इस काम को करने में जान करके देरी कर रही है जिसे कांग्रेस द्वारा देश भर में विरोध किया जा रहा है।

## शाहगंज और तुलसीपुरा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया

बढ़ता राजस्थान

हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)। शाहगंज और तुलसीपुरा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर स्थानीय निवासियों ने आज विरोध प्रदर्शन किया। वार्ड संख्या 42 और 44 में कचरे के ढेर से उत्पन्न गंदगी के कारण लोगों में रोष है।वार्ड पार्षद धर्मेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले सरकारी सफाई कर्मचारियों द्वारा पर्याप्त सफाई की जाती थी। कुछ दिन पहले यह जिम्मेदारी प्राइवेट कंपनी को सौंप दी गई। इसके बाद से सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ गई है। प्रदर्शनकारियों ने सफाई व्यवस्था को फिर से सरकारी कर्मचारियों को सौंपने की मांग की है।इस दौरान प्रदर्शन में पार्षद धर्मेंद्र गुर्जर के अलावा जल्लो, गोपाल, धारा, सतीश, सप्पो, राज, प्रवीण, रफीक, मदन और वाहिद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए।

# गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर छबील सेवा लगायी



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** गुरु अर्जन देव जी के शहादत दिवस पर आज रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर अचीवर्स व अतुल्य श्री पंजाबी समाज ने संयुक्त रूप से हिरणमगरी से. 4 स्थित गुरु नानक कॉलेज में छबील सेवा लगायी। यह सेवा सुबह 11 से शाम 4 बजे तक अनवरत जारी रही और करीब 8000 लोगों ने कच्ची लस्सी के लंगर की सेवा ली। क्लब अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र बहल ने बताया कि इस अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारी व अन्य लोग भी शामिल थे। मुख्य रूप से रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर अचीवर्स, व अतुल्य श्री पंजाबी समाज के महासचिव डॉ जितेंद्र बहल, संरक्षक जगदीश अरोड़ा, सुधीर सरीन,नरेंद्र अनेजा, जितेंद्र लूथरा,डॉ देवेंद्र सरीन, मधु सरीन, संजीव तलवार, कमल जुनेजा, वीना जुनेजा,संदीप सोनी, कमल किशोर छाबड़ा, दीपक खन्ना व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शारदा, सक्षम मेहरा, डॉ. गुरुशा बहल, अनुराधा बहल,अशोक सारस्वत, तुषार दवे, धीरज अरोड़ा, विनोद चौधरी, अजय चोपड़ा दम्पत्ति, आदित्य टंडन, विजय खत्री, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के अशोक पनवा, गौरव दाना, शानु परिहार, रोटरी क्लब उदयपुर अचीवर्स के राजू बरवा और जैन समाज के सुरेश जैन भी उपस्थित रहे। इसके अलावा समाज के कई लोगों ने दूध, चीनी, रोज शरबत, ठण्डा जल की सेवा का योगदान दिया व लगातार सेवा कार्य मे भाग लिया।

## गुरु अर्जुन देव सिंह के शहीदी दिवस पर मीठा पानी व शरबत पिलाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** सिख समाज के 5वें गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के मौके पर शुक्रवार को श्री श्याम नवयुवक मण्डल विवेकानन्द चौक अलवर की तरफ से लोगों को ठंडा और मीठा पानी व शरबत पिलाया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

मंडल अध्यक्ष बॉबी नरूला ने बताया कि 1606 में मुगल बादशाह जहांगीर ने ईर्ष्या के कारण गुरु अर्जुन देव सिंह को शहीद करवा दिया था। गुरु अर्जुन देव जी को इस तेज गर्मी में कई यातनाएं देकर शहीद कर दिया गया, उस समय भी आप वाहेगुरु जी का शुक्रिया अदा करते हुऐ फरमाते रहे कि तेरा भाना मीठा लागे हर नाम पदार्थ नानक मांगे अथार्थ तेरी रजा में ही मजा है,



ऐसे समय में भी मालिक का कोटि कोटि शुकराना किया। ऐसे गुरु की याद में तेज गर्मी में ठंडा शीतल शरबत शरीर मे राहत व शुकुन पहुंचाता है। इसी कारण हर साल आज ही के दिन उनका शहीदी दिवस मनाया जाता है। वे सिखों के पांचवें गुरु थे। उन्होंने अपना जीवन धर्म और लोगों की सेवा में बलिदान कर दिया। वे सभी धर्मों को एक समान दृष्टि से देखते थे। गुरु अर्जुन देव सच्ची धर्मनिरपेक्षता के पूरक और मानवता के रक्षक थे। ऐसे गुरुओं के जीवन से हमें प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

## आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने 10वीं का परीक्षा परिणाम एक बार फिर से मारी बाजी

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** आशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, के छात्र-छात्राओं ने 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित मे एक बार फिर से सर्वोत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर संपूर्ण जिले में अपना नाम रोशन किया7 स्थानीय विद्यालय से सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों में आरुष अग्रवाल 96.50, स्वरित दीवान ने 96.33 प्रतिशत, यश आर्य ने 96.33 प्रतिशत, रुचि जोशी ने 95.67 प्रतिशत, निशांत गुर्जर ने 95 . 50त्न जयदीप गुप्ता ने 95.17 ,अरहम जैन ने 95, मानवी जैन ने 94.68 प्रतिशत, अदिति मीणा ने 94.67 प्रतिशत, ध्रुव गुप्ता ने 94.67 प्रतिशत, आदेश गुप्ता ने 94.50 प्रतिशत, आकाश गुर्जर ने 94, मयंक चौधरी ने 93.83त्न, भूमिका ने 93.67 प्रतिशत,अभिलाषसिंहने93.50 ,मोनिका गोयल ने 93त्न, इशिका





गोयल ने 92.97 ,अंजलि गुर्जर ने 92. 17, सौम्या अग्रवाल ने 91.83 प्रतिशत, उदिता जैन 91.83 प्रतिशत ,अभिषेक गुर्जर ने 91.33 प्रतिशत,योगिता जांगिड़ ने 91.17, धनंजय बेनीवाल ने 90.83 ,हर्षित गुप्ता ने 90. 17 प्रतिशत, कुलदीप ने 90.17 प्रतिशत,नेत्रा ने 90 ,और रजनीश सर्सैनिया ने 90 अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के निदेशक रिद्धि चंद जी जैन, प्रशासक अशोक शर्मा, प्रधानाचार्य वर्धमान जैन और पूर्व प्रधानाचार्या विकास शर्मा ने सभी बच्चों को माल्यार्पण कर एवं तिलक लगाकर बधाई दी एवं सुनहरे भविष्य की कामना की7 इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय से महेश चंद्र महावर, बृजेश नागर, गिरीश चौहान, बृजभूषण सिंह, वीरेंद्र सिंह, बालमुकुंद महावर, नीरज सोनी, वेद प्रकाश गौतम, जितेंद्र सिंह, पूनम जैन, अर्चना जैन, रेशू जैन, निशा खत्री, काजल पाराशर, पूजा गुप्ता, आशीष,कपूर,आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्रीराम गौसेवा समिति गोशाला का निरीक्षण, अधिकारियों ने जाहिर की प्रशंसा

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( सुशील कुमार बंसल )।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पांचूडाला स्थित श्रीराम गौसेवा समिति द्वारा संचालित पांचूडाला की श्रीराम गोशाला का पावटा तहसीलदार संजय कुमार खेदड़ और वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ नवल कुमार द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने गौशाला के मैनेजमेंट और रिकॉर्ड का अवलोकन किया और गौशाला में साधारण स्वस्थ गोवंश को देखकर प्रशंसा जाहिर की। गौशाला प्रबंधक समिति के संरक्षक लालचंद मीणा ने बताया कि श्रीराम गौसेवा समिति द्वारा गोशाला का संचालन किया जा रहा है, जिसमें गोवंश की नियमित देखभाल कर उनका संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोशाला में गोवंश की संख्या बढ़ रही है और समिति द्वारा उनके लिए



उचित व्यवस्था की जा रही है। तहसीलदार संजय कुमार खेदड़ और वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ नवल कुमार ने गौशाला प्रबंधक समिति को बधाई दी और कहा कि गोशाला का संचालन बहुत ही अच्छे तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोशाला में गोवंश की देखभाल और संरक्षण के लिए समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा काबिले तारीफ है।

### जयपुर जिले की समीक्षा बैठक आयोजित

# राज्यपाल ने कहा, राजस्थान देव धर्म, गौ सेवा से जुड़ी आध्यात्मिक संस्कृति का सभ्य प्रदेश

## जिले में शिक्षा, कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने केंद्र और राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं का लोगों को जल्दी और समुचित लाभ दिए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की पहचान कर पूर्ण पारदर्शिता से योजनाओं का लाभ आम जन को मिले। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जयपुर में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ रास्ता खोलने का अभियान, डेयरी और शिक्षा क्षेत्र में महती काम हुए हैं। ये अनुकरणीय हैं। उन्होंने खेती में रसायनों के उपयोग से कैंसर जैसे होने वाले भयावह रोगों के प्रति काश्तकारों को जागरूक करते हुए प्राकृतिक खेती पर ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों की बौद्धिक क्षमता और बढ़ाई जाए। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा सीखने की नींव हैं। इसमें सिखाने की व्यावहारिक पद्धतियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि लॉर्ड मैकाले द्वारा पारंपरिक भारतीय शिक्षा को बदल कर ऐसी शिक्षा व्यवस्था देश में लागू की गई जिससे हमारे नैतिक मूल्य और प्रामाणिकता पर प्रहार हुआ। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर से ही अब ऐसे प्रयास हों कि बच्चे प्राचीन ज्ञान की हमारी समृद्ध परंपरा से जुड़ सकें। राज्यपाल शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिले की समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने काश्तकार, गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए विकास योजनाओं का आंकड़ों में ही नहीं व्यावहारिक रूप में क्रियान्वयन किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने दुग्ध संग्रहण के अंतर्गत पशुपालकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु और प्रयास किए जाने की आवश्यकता जताई।

**प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता आदि के लिए किए कार्यों की समीक्षा :** बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2023- 2024 तक जिले में 12789 आवासों की निर्माण किया गया है। राज्यपाल ने निर्मित आवासों की समीक्षा करते हुए इनमें अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोगों को इस योजना से अधिकाधिक लाभान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, स्वामित्व योजना के तहत पट्टे वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, बायोगैस प्लांट निर्माण और गांवों में स्वच्छता के लिए हो रहे कार्यों की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए योजनागत कार्य किए जाने के साथ आम जन को स्व प्रेरणा से स्वच्छता की आदत डालने हेतु जागरूक भी किया जाए।

**एक माह नो एक्सीडेंट रूप में मनाया जाए :** राज्यपाल ने जिले में एक माह नो एक्सीडेंट के रूप में मनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाएं। उन्होंने शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने और वाहन चलाते नींद आने की स्थितियों को रोके जाने पर भी विशेष रूप से कार्य किए जाने की हिदायत दी। जिला कलक्टर श्री जितेंद्र कुमार सोनी ने इस सुझाव को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जिले की सौ सड़कों को चिन्हित कर इस दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर में आकस्मिक दुर्घटनाओं वाले 88 स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किया गया है।

## ऑपरेशन शील्ड के तहत जयपुर के स्थान विशेष पर शनिवार को होगा मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट का पूर्व अभ्यास

- चिन्हित स्थान के परिधि क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में सामान्य बनीं रहेंगी परिस्थितियां
- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की नागरिकों से की सहयोग की अपील
- घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों वाहनों की लाइट बंद कर ब्लैक आउट में करें सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा प्रदत्त आदेशों की अनुपालना में शनिवार को जयपुर जिले के एक स्थान विशेष पर ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट के पूर्व अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अभ्यास से संबंधित क्षेत्र के नागरिकों से ब्लैक आउट के दौरान स्वेच्छा से घरों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों एवं वाहनों की लाइट बंद कर सहयोग की अपील की है। पूर्व अभ्यास के लिए चिन्हित परिधि क्षेत्र के अतिरिक्त जिले के अन्य क्षेत्रों में सामान्य परिस्थितियां बनीं रहेंगी।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) श्री संतोष मीणा ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर द्वितीय सिविल डिफेन्स अभ्यास (ऑपरेशन शील्ड) के तहत 31 मई को ड्रोन हवाई हमले के समय राहत एवं बचाव के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिस स्थान विशेष पर मॉक ड्रिल का आयोजन होगा उसी स्थान पर सायरन सुने जाने तक के परिधि क्षेत्र में रात्रि में ब्लैक आउट किया जाएगा।

**ब्लैक आउट के दौरान क्या करें, क्या न करें :** उन्होंने बताया कि चिन्हित स्थान पर ब्लैक आउट किये जाने वाले क्षेत्र में रात्रि के समय सायरन बजा कर स्थानीय नागरिकों को ब्लैक आउट की सूचना दी जाएगी। संबंधित क्षेत्र के नागरिक ड्रोन से होने वाले हवाई हमले की स्थिति में ब्लैक आउट किए जाने पर सायरन या हूटर बजते ही बिना घबराए सभी नागरिक अपने घरों में रहे व अनावश्यक घर से बाहर न निकलें, अपने प्रत्येक स्थान की लाइट स्वेच्छा से बंद कर दें, भगदड न मचाए व धूम्रपान न करें, माचिस, मोबाइल, टॉर्च एवं फ्लैश लाइट का इस्तेमाल न करें।

यदि किसी घर अथवा प्रतिष्ठान की खिडकी से प्रकाश बाहर निकलता दिखें तो उस स्थान पर काला कागज लगाये, सडक पर चलने वाले वाहनों की लाइट बंद करें तथा जहां जो हो वहीं वाहन के साथ रूक जाएं, ब्लैक आउट में क्षेत्र के सिविल डिफेन्स के वार्डनों की सहायता करें, दो मिनट तक सायरन बजने पर बचाव कार्य व अन्य गतिविधि में लग जाएं, ऐयर रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक सुरक्षित स्थान पर शरण ले, अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना करें, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें, मोबाइल या रेडियो पर सरकारी अलर्ट सुने, सुरक्षित शरण स्थल की जानकारी लें, शरण स्थल तक जल्दी से पहुंचने का रास्ता पहले से तय करें, समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें, घबराये नहीं ट्रैफिक नियमों और आपदा प्रबंधन कर्मियों व पुलिस के निर्देशों का पालन करें। ड्रोन के हवाई हमले का रेड सिग्नल 2 मिनट तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन बजाकर दिया जाएगा तथा खतरा टलने की सूचना 2 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज में बजाकर दी जाएगी।

### छायाकार पुष्पेन्द्र व्यास सहित विधान सभा के दो कर्मी सेवानिवृत्त

# राज्य सेवा कार्य जीवन की पूंजी - देवनानी राजस्थान विधान सभा देश की सर्वश्रेष्ठ विधान सभा

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राज्य सेवा कार्य किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के जीवन की महत्वपूर्ण और अनमोल पूंजी होती है। अपने जीवनकाल का महत्वपूर्ण समय राज्य सेवा के अधिकारी और कर्मचारी सेवाकाल में पूरा कर लेते है। उन्होंने राजस्थान विधान सभा के कर्मचारियों से कहा है कि वे सभी राजस्थान विधान सभा की गरिमा को बनाये रखने वाले कार्य करें। निष्ठा का स्वभाव बनाएं और संस्था के प्रति समर्पित रहे। सही समय पर आना और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन कर समय पर कार्यालय से जाना ही जिम्मेदार कर्मचारी की पहचान होती है। प्रत्येक व्यक्ति में राष्ट्र प्रथम का भाव होना आवश्यक है। श्री देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा देश की सर्वश्रेष्ठ विधान सभा है। इसे सर्वश्रेष्ठ बनाने में विधान सभा के प्रत्येक कर्मी का महत्वपूर्ण योगदान है। विधान सभा अध्यक्ष श्री देवनानी शुक्रवार को विधान सभा में छायाकार श्री पुष्पेन्द्र व्यास और अनुभाग अधिकारी श्री जुगल किशोर जोशी के सेवानिवृत्ति समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों को श्रेष्ठता से करके संस्थान का नाम रोशन करने का प्रयास करना चाहिए। किसी भी संस्था के कर्मी ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, तो संस्था भी उनके हितों का ध्यान प्राथमिकता से रखेगी। उन्होंने कहा कि विधान सभा में कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी सौभाग्यशाली होते है। लोकतंत्र के इस मंदिर में काम करने का मौका कुछ लोगों को ही मिल पाता है। लोकतंत्र के इस पवित्र स्थल पर मनोभाव और सकारात्मक दृष्टि से काम करके निष्ठावान होने का परिचय दें। विधान सभा का प्रत्येक कर्मी सहभागिता से कार्य करें। संस्था के हित के लिए सामूहिक प्रयास करें। अपनी श्रेष्ठ क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र के विकास में करें। स्पीकर श्री देवनानी ने सेवानिवृत्त हुए कर्मियों का समारोह में साफा पहनाकर, शॉल ओढाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। इस मौके पर मौजूद राजस?थान विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली ने कहा कि छायाकार श्री व?यास ने विधान सभा के ऐतिहासिक पलों को छायांकन के माध?यम से यादगार बनाए है। प्रमुख सचिव श्री भारत भूषण शर्मा, उप सचिव श्री संजीव शर्मा और राजस्थान विधान कर्मचारी सहकारी साख समिति के अध्यक्ष श्री रवि जैन सहित विधानसभा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। सेवानिवृत्त हुए श्री व?यास और श्री जोशी ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किये।

## नारेहड़ा मे प्रतिभाओं का सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम नारेहड़ा के विवेकानंद उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के प्रांगण में बोर्ड कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 10 में विवेक यादव पुत्र बिलेश कुमार यादव 96.67त्न, 12 विज्ञान वर्ग में जिया बनो पुत्री हनीफ खान ने 88.60, और कला वर्ग में सचिन शर्मा पुत्र अशोक शर्मा ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त सभी छात्र-छात्राओं को जिन्होंने श्रेष्ठ अंक प्राप्त किए उन्हें विद्यालय की ओर से माला, साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बोर्ड कक्षाओं का 100 परीक्षा परिणाम रहने पर सभी आगंतुकों ने बधाई दी।कार्यक्रम में ओमेंद्र सैनी शाखा प्रबंधक मरुधरा ग्रामीण बैंक, बनवारी लाल सेहरा शाखा प्रबंधक एसबीआई नारेहड़ा, परम पूज्य संत श्री 108 श्री घनश्याम दास महाराज, समाजसेवी मांगू सिंह, एन एस कांवत,ओम सिंह लंबरदार,बजरंग पूर्व सरपंच, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मैथिलीशरण बंसल, एडवोकेट अशोक सुरेलिया, संजय सिंह निदेशक SNVP नारेहडा, संजय मीणा, ग्राम पंचायत नारेहड़ा सरपंच प्रतिनिधि अशोक, खड़ब पंचायत सरपंच मालाराम, विद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन मीणा ने कार्यक्रम में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक रतनलाल सैनी ने सभी अतिथियों और अभिभावकों को स्मृति चिन्ह और दुप्पटा भेंटकर सभी का आभार व्यक्त किया।


**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, अजमेर समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**
**मुकदमा नम्बर: DEV/AJMER/TRUST/2025/167**

चूंकि प्रार्थी श्री श्री सैयद विलायत हुसैन, 184/6, नबुवत हाउस, नवी मंजिल झालरा स्ट्रीट, अजमेर। ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास के जी एन हैल्पिंग हैण्डस फाउन्डेशन, के जी एन हैल्पिंग हैण्डस फाउन्डेशन, 184/6, नबुवत हाउस, नबी मंजिल झालरा स्ट्रीट, अजमेर (राज.) के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 28-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

**आइदा तारीख पेशी 07/08/2025**

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, अजमेर**


## शुद्ध आहार सप्ताह के तहत कोटपूतली-बहरोड़ में खाद्य सुरक्षा विभाग की सघन कार्रवाई,हानिकारक रसायनों की जांच शुरू

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी ) । सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध आहार सप्ताह अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटपूतली-बहरोड़ ओम प्रकाश सहारण के निर्देशन में क्षेत्र में विशेष खाद्य सुरक्षा निरीक्षण अभियान चलाया गया । इस अभियान का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ . आशीष सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा सहित विभागीय टीम शामिल रही ।अभियान के तहत कोटपूतली क्षेत्र में चाय सेवाओं, आम, संतरा, अनार, पपीता और नींबू बेचने वाले ठेले व फुटकर विक्रेताओं के खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई। मौके से लिए गए सैंपलों को प्रयोगशाला में भेजा गया है, जहां इन फलों में एथीलीन गैस, कार्बाइड और अन्य हानिकारक रसायनों की जांच की जाएगी ।खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि फलों को एथीलीन गैस से पकाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और यह खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंधित है। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने फल एवं सब्जी विक्रेताओं को लाइसेंस एवं पंजीयन करवाने के निर्देश दिए, जो कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के अंतर्गत अनिवार्य है ।अधिकारियों ने यह भी बताया कि अत्यधिक चमकदार व एक समान रंग वाले फलों को रसायनों से पकाया गया हो सकता है।

## एन.सी.सी. में ड्रिल एवं गार्ड ऑफ ऑनर प्रतियोगिता में 19 गोल्ड मेडल



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय के एन.सी.सी. केडेटस ने दिनांक 12मई 2025 से 22 मई 2025 तक श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय,जयपुर में आयोजित एन.सी.सी. शिविर में ड्रिल एवं गार्ड ऑफ ऑनर प्रतियोगिता में कुमकुम बारेठ, विनिता शर्मा, कुमकुम कंवर, प्रिति डोई, रजीता, सारा सैनी, अनुष्का शर्मा, तन्नु ज्योतिषी, नवीन सैन, धीरज जाट, अमित कुम्हार, शंकर कुलदीप, सुनील यादव, विवके सैनी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इस प्रकार केडेटस ने कुल 19 गोल्ड मेडल प्राप्त किये।प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह ने विजेता केडेटस को इस उपलब्धि के लिये बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. पी.सी.जाट, प्रो. सुरेश कुमार यादव, प्रो. सत्यवीर सिंह, प्रो. कपूर चन्द वर्मा, प्रो. मालीराम मीणा, प्रो. खेमचन्द गुर्जर एवं एन.सी.सी. केडेटस उपस्थित रहें।

# डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने किया पोस्टर का विमोचन, प्रेस क्लब में समर कैंप 1 जून से प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा के नेतृत्व में प्रबंध कार्यकारिणी ने की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन बाल अभिरूचि शिविर (समर कैम्प) का पोस्टर विमोचन किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा के नेतृत्व में प्रबंध कार्यकारिणी ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में डिप्टी सीएम दिया कुमारी से मुलाकात कर समर कैंप में आने का न्योता दिया और प्रेस क्लब भवन के जीणोद्धार के लिए ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर डिप्टी सीएम ने समर कैम्प के पोस्टर का विमोचन कर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। साथ ही पत्रकारों की समस्याओं पर बातचीत कर समाधान का आश्वासन दिया और क्लब भवन का जीणोद्धार करवाने की बात कही। प्रेस क्लब महासचिव मुकेश चौधरी ने बताया कि प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य अनिता शर्मा के संयोजन में क्लब सदस्यों के बच्चों के लिए रविवार 1 जून से 10 जून तक समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। शिविर संयोजक अनिता शर्मा ने बताया कि समर कैम्प में बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अनेक विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रात: 7 बजे से आयोजित होने वाले शिविर में बच्चों को योग, मार्शल आर्ट, कथक, राजस्थानी नृत्य, वेस्टर्न डांस, नाटक, कला एवं पेंटिंग का सिखाई जाएगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रबंध कार्यकारणी को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दी ।

प्रबंध कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष विकास शर्मा,उपाध्यक्ष डॉ.मोनिका शर्मा, ओमवीर भार्गव, दीपक सैनी, ज्ञानेंद्र मिश्रा, निखलेश शर्मा, शालिनी श्रीवास्तव, उमंग माथुर एवं विकास आर्य मौजूद रहे।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT SAKRAI P. S. PIPRALI (SIKAR)**

**No:Epro./12** **Date: 26.05.2025**

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat Sakrai for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 05.06.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (**http://sppp.raj.nic.in** or **https://eproc.rajasthan.gov.in**) of the state.

**NIB: PIV2526A0062**
**UBN: PIV2526GLRC00063**

**Sarpanch G. P. Sakrai** **Village Development Officer G. P. Sakrai**

## सम्पादकीय

# एफडीआई के हालिया आंकड़ें और उभरते सवाल

वर्ष 2024-25 के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के आंकड़ों ने जनता और नीति-निर्माता, दोनों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। वर्ष के दौरान जहां सकल स्तर पर एफडीआई से भारत ने 81 अरब डॉलर की राशि जुटाई वहीं विशुद्ध स्तर पर केवल 0.35 अरब डॉलर हासिल हुए जो बीते दो दशक का सबसे निचला स्तर है। विशुद्ध एफडीआई का स्तर इतना कम इसलिए रहा क्योंकि विदेशी कंपनियों ने जमकर विनिवेश किया और प्रत्यावर्तन किया। यहां प्रत्यावर्तन से तात्पर्य अपने मूल देश में धन वापस भेजना है। इसके अलावा भारतीय कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर विदेश में निवेश करना भी एक वजह रही। विगत वित्त वर्ष में विदेशी कंपनियों ने करीब 51 अरब डॉलर की राशि अपने देश भेजी जो बीते दो दशक से भी अधिक समय का उच्चतम स्तर है। इस बीच भारतीय कंपनियों द्वारा विदेश में किया जाने वाला निवेश पिछले साल की तुलना में करीब 75 फीसदी बढ़कर 29.2 अरब डॉलर हो गया। इसके परिणामस्वरूप विशुद्ध स्तर पर बहुत कम राशि बची। सामान्य समय में विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्वदेश धन भेजना या भारतीय कंपनियों द्वारा विदेश में निवेश करना भारत जैसी बड़ी और खुली अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय नहीं होना चाहिए। कुछ विदेशी कंपनियां अपनी खास वजहों से मुनाफा अपने देश भेजती हैं, दूसरी तरफ बढ़ती भारतीय कंपनियां विदेशों में मिल रहे अवसरों का लाभ लेना चाहती हैं। बहरहाल जो बात ध्यान आकर्षित कर रही है और चिंता की वजह बनी है, वह है बाहर जाने वाली राशि का पैमाना। वर्ष 2023-24 में सकल एफडीआई महज 71 अरब डॉलर था लेकिन उस साल भारत के पास विशुद्ध एफडीआई के रूप में 10 अरब डॉलर बचे थे। यह भी ध्यान देने लायक बात है कि विदेशी कंपनियों द्वारा जहां धन वापस भेजने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, वहीं दूसरे देशों में भारतीय कंपनियों की एफडीआई में भी गत वर्ष उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। वित्त मंत्रालय की ताजा मासिक समीक्षा में भी इस घटनाक्रम पर गौर किया गया और कहा गया, 'भारतीयों द्वारा विदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश वित्त वर्ष 25 में करीब 12.5 अरब डॉलर तक बढ़ा। यह तब हुआ जबकि विश्व स्तर पर अनिश्चितता का माहौल था। ऐसे में घरेलू निवेश को लेकर उनकी सतर्कता के चलते इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।' यह समूचा घटनाक्रम यकीनन जांच करने लायक है। इस संदर्भ में नीति-निर्माता विदेशी और भारतीय कंपनियों के लिए मामले से अलग तरह से निपट सकते हैं। विदेशी कंपनियां प्राथमिक तौर पर भारत इसलिए आईं ताकि वे भारतीय अर्थव्यवस्था की मांग को पूरा कर सकें। चूंकि भारत दुनिया का सबसे तेज अर्थव्यवस्था वाला देश बना हुआ है और खबरों के मुताबिक वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तो फिर विदेशी कंपनियां अपना अधिशेष यहीं भारत में क्यों नहीं निवेश कर रही हैं? इस बात की संभावना नहीं है कि धन का प्रत्यावर्तन केवल शेयरधारकों को रकम लौटाने के लिए हो रहा है। कुछ कंपनियां भारतीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही हैं क्योंकि उन्हें बेहतर मूल्यांकन की उम्मीद है। परंतु इससे भी बात पूरी तरह स्पष्ट नहीं होती। इसकी गहन जांच आवश्यक है कि कहीं वे कारोबारी माहौल के कारण या मांग की हालत के चलते तो नहीं जा रहीं? भारतीय कंपनियों की स्थिति तो और रहस्यमय है। वे भारत में निवेश की इच्छुक नहीं हैं लेकिन उन्हें इस अनिश्चित समय में भी विदेश में अवसर मिल रहे हैं। बहरहाल बाहर जाने वाले एफडीआई में इजाफा एकबारगी घटना हो सकती है। वर्ष 2018-19 और 2023-24 में क्रमशः 12 अरब डॉलर और 18 अरब डॉलर की राशि बाहर गई जो 2024-25 में करीब 29.2 अरब डॉलर हो गई। इस मसले की गहन जांच आवश्यक है। परंतु इसके चलते सरकार और नियामकों को विदेशी या घरेलू कंपनियों के विदेश फंड स्थानांतरित करने पर रोक नहीं लगानी चाहिए।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 31 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमेरिका के उत्तरपूर्वी प्रांत पेनसिल्वेनिया में 1759 में सभी थियेटर के कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगा दिया।
- बंबई में 1867 में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1878 में डॉलर के सर्कुलेशन को घटाया।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार 1921 में किया गया।
- पहली बार मिकी माउस का बोलता हुआ कार्टून कार्निवाल किड 1929 में रिलीज किया गया।
- अमेरिकी चर्चित नाटककार आर्थर मिलर को 1957 में अवमानना का दोषी पाया गया।
- बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में 1959 को शरण दी गई।
- बंबई में 1964 को इलेक्ट्रिक ट्राम अंतिम बार चली।
- दक्षिणी वियतनाम में शासन के विरोध में 17 साल की युवती ने 1966 में खुद को आग लगा ली।
- फुटबॉल एसोसिएशन ने इंग्लिश क्लबों के यूरोप में खेलने पर प्रतिबंध 1985 में लगा दिया।
- दक्षिण अफ्रीका 1994 में गुट निरपेक्ष आन्दोलन का 109वाँ सदस्य राष्ट्र बना।
- बेंजामिन नेतान्याहू इस्रायल के नये प्रधानमंत्री 1996 में चुने गये।
- एडोल्फ़ ट्युटर 1999 को स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति निर्वाचित।
- कृष्ण प्रसाद भट्टराई द्वारा नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में 1999 को शपथ ग्रहण की।
- पूर्व सोवियत देशों का राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन 2001 में मिंस्क (बेलारूस) में सम्पन्न।
- सैप ब्लेटर 2007 में तीसरी बार अंतर्राष्ट्रीय फ़ुटबाल संघ के अध्यक्ष बने।
- औपचारिक दस्तावेज के अभाव में पाकिस्तान के पूर्व मंत्री अंसार बर्नी नई दिल्ली हवाई अड्डे से 2008 में पाकिस्तान वापस हुए।
- भारत में मान्यता प्राप्त हर प्राइवेट स्कूल में ग़रीब बच्चों के लिए 25 फ़ीसदी सीटें आरक्षित करने का क़ानून 2010 में बनाया गया।

### 31 मई को जन्मे व्यक्ति

- मुग़ल सम्राट जहाँगीर की पत्नी नूरजहाँ का जन्म 1577 में हुआ।
- भारत की वीरांगनाओं में से एक अहिल्याबाई होलकर का जन्म 1725 में हुआ।
- मराठी रंगमंच में क्रांति लाने वाले प्रसिद्ध नाटककार अण्णा साहेब किर्लोस्कर का जन्म 1843 में हुआ।
- हिंदी फ़िल्मों में शीर्ष निर्देशक, निर्माणकर्ता और पटकथाकारों में से एक राज खोसला का जन्म 1925 में हुआ।
- आउटलुक के संस्थापक एवं प्रसिद्ध पत्रकार विनोद मेहता का जन्म 1942 में हुआ।

## विशेष आलेख

# किशोरों के बीच सहमति के संबंधों में पोक्सो एक्ट के तहत जेल क्यों?



रामस्वरूप रावतसरे

**सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पहले तो पति की सजा बरकरार रखी थी, लेकिन सजा के अमल पर रोक लगाकर एक कमेटी का गठन कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की 'न्यायमित्र' कमेटी ने कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने रखे, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने महिला के पति की सजा खत्म कर दी। इस फैसले के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बेहद लचीला रुख अपनाया। सुप्रीम कोर्ट ने महिला के संघर्षों, उसके भविष्य, दोनों के बच्चे और उनके साथ रहने को भी अपने फैसले में शामिल किया। इस मामले के बाद ही सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से इस अहम मुद्दे पर सोच विचार करने के लिए कहा है।**

सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से कहा है कि किशोरों के बीच सहमति से बनने वाले प्रेम-संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और देश में यौन व प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा (सेक्स एजुकेशन) की नीति बनाने पर विचार करना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि किशोरों को प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेज (पोक्सो) एक्ट के तहत जेल न जाना पड़े। एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार को इस मुद्दे पर एक विशेषज्ञ समिति बनाने और 25 जुलाई 2025 तक रिपोर्ट देने को कहा। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह इस रिपोर्ट के आधार पर आगे के निर्देश देगा।

यह पूरा मामला पश्चिम बंगाल की एक महिला की कानूनी लड़ाई से शुरू हुआ। इस महिला के पति को पोक्सो एक्ट के तहत 20 साल की जेल हुई थी, क्योंकि जब वह 14 साल की थीं, तब उनके बीच सहमति से रिश्ता था। महिला अपने पति को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुँची। इस मामले को देखते हुए कोर्ट ने दो वरिष्ठ महिला वकीलों, माधवी दीवान और लिज मैथ्यू, को इस संवेदनशील मुद्दे पर सलाह देने के लिए नियुक्त किया। इन वकीलों ने कहा कि पोक्सो एक्ट का मकसद बच्चों को यौन शोषण से बचाना है, लेकिन किशोरों के बीच सहमति वाले रिश्तों में इसका सख्ती से लागू करना कई बार गलत नतीजे देता है। इससे न सिर्फ किशोरों को, बल्कि उनके परिवारों को भी नुकसान होता है।

जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत 18 साल से कम उम्र के किशोरों के बीच सहमति से बने रिश्तों को अपराध न माना जाए। कोर्ट ने सरकार से कहा कि वह इस मुद्दे की जाँच के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाए। इस समिति में महिला और बाल विकास मंत्रालय के सचिव, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और कुछ विशेषज्ञ शामिल हों। कोर्ट ने यह भी कहा कि समिति में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस) की डॉ. पेखम बसु, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट जयिता साहा, और दक्षिण 24 परगना के जिला सामाजिक कल्याण अधिकारी संजीब रक्षित को स्थायी सदस्य के तौर पर शामिल किया जाए। समिति को इस मुद्दे पर विचार करके 25 जुलाई 2025 तक अपनी रिपोर्ट देनी होगी। कोर्ट ने यूनेस्को की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया कि भारत में यौन शिक्षा सिर्फ सेकेंडरी स्कूलों में दी जाती है, और वह भी बहुत सीमित तरीके से। कोर्ट का कहना है कि अगर किशोरों को सही समय पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य की जानकारी दी जाए, तो वे अपने फैसलों के कानूनी और सामाजिक परिणामों को बेहतर समझ सकेंगे। कोर्ट ने सरकार से कहा कि वह इस दिशा में एक ठोस नीति बनाए। इस दरम्यान सुप्रीम कोर्ट ने कई हाई कोर्ट्स के फैसलों का जिक्र किया, जो इस मुद्दे पर पहले ही संवेदनशील रुख अपना चुके हैं। कोर्ट ने खास तौर पर दिल्ली, मद्रास और कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसलों का उल्लेख किया है।

मद्रास हाई कोर्ट ने कई मामलों में कहा कि पोक्सो एक्ट का मकसद सहमति वाले रिश्तों को अपराध बनाना नहीं था। कोर्ट ने यह भी माना कि सहमति वाले रिश्तों में 'पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट' की परिभाषा लागू नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इसमें 'हमला' जैसी कोई बात नहीं होती। 2001 में भी मद्रास हाई कोर्ट ने सुझाव दिया था कि ऐसे रिश्तों को सजा से बचाने के लिए कानून में बदलाव करना चाहिए। कलकत्ता हाई कोर्ट के अनुसार पोक्सो एक्ट में 'पेनेट्रेशन' को एकतरफा हरकत माना गया है, यानी इसे सिर्फ आरोपित की हरकत माना जाता है। लेकिन सहमति वाले रिश्तों में यह जिम्मेदारी सिर्फ एक पक्ष पर नहीं डाली जा सकती। दिल्ली हाई कोर्ट ने फरवरी 2024 में एक लड़के को राहत देते हुए उसके खिलाफ पोक्सो का मामला रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानून का मकसद शोषण और दुरुपयोग को रोकना है, न कि प्रेम को सजा देना। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रेम एक बुनियादी मानवीय अनुभव है और किशोरों को भी सहमति से भावनात्मक रिश्ते बनाने का हक है, बशर्ते उसमें कोई दबाव या शोषण न हो। उच्च न्यायालयों ने यह भी माना कि अगर ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई की जाए, तो इससे पीड़ित (लड़की) और उसके परिवार को भी नुकसान हो सकता है। कई बार ऐसे मामलों को रद्द किया, जहाँ आगे कार्रवाई करना पीड़ित के लिए ही हानिकारक था। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने बीते साल एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि ज्यादातर लोग इस बात से अनजान हैं कि सहमति की उम्र (एज ऑफ कंसेंट) को 2012 में 16 साल से बढ़ाकर 18 साल कर दिया गया है।

# कम उम्र का गुस्सा, समाज का आईना: जब बच्चे चाकू उठाने लगे



प्रियंका सौरभ

**स्कूली छात्रों द्वारा चाकू से हमले की घटनाएं बता रही हैं कि बच्चों की मासूमियत में अब गुस्सा, हिंसा और असहायता छिपी है। सोशल मीडिया, संवादहीन पालन-पोषण, और ग्लैमराइज हिंसा ने किशोरों को चुप नहीं रहने दिया – वे अब चिल्ला रहे हैं, हथियार उठा रहे हैं। यह केवल कानून का नहीं, समाज के हर सदस्य का असफलता-पत्र है। बच्चों**

**थोड़ा बड़ा हो जा, फिर बात करेंगे! बच्चा है, समझ जाएगा!**

हमने अक्सर बच्चों को लेकर ऐसी ही बातें कही और सुनी हैं। लेकिन आज समाज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ बच्चा शब्द अब मासूमियत का प्रतीक नहीं रहा। हिसार जैसे अपेक्षाकृत शांत इलाके में स्कूली छात्रों द्वारा चाकू निकालना, शिक्षकों पर हमला करना और मामूली बातों पर हिंसक हो जाना इस बात का संकेत है कि हमारा सामाजिक तानाबाना अंदर ही अंदर सड़ रहा है। सवाल ये नहीं है कि बच्चों के हाथ में चाकू कैसे आया, सवाल यह है कि उनके दिल में नफरत, हिंसा और आक्रोश क्यों आया?

**किशोर अपराधों की बढ़ती घटनाएँ: एक चिंताजनक परिदृश्य :** हिसार जिले में केवल एक महीने में छात्रों के बीच 5-6 चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें फतेह नगर, तलवंडी राणा, गंगवा, जाखोबपुरा जैसे ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाके शामिल हैं। कुछ मामलों में दोस्ती के विवाद, फोन पर बातचीत, सोशल मीडिया पर कमेंट जैसी छोटी बातों ने इतना बड़ा रूप ले लिया कि एक छात्र ने शिक्षक पर ही चाकू से हमला कर दिया। यह घटनाएँ अकेले हिसार तक सीमित नहीं हैं। देशभर में किशोर अपराधों का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है — कभी प्यार के नाम पर, कभी मोबाइल गेम्स की लत में, और कभी स्टाइल या रुतबे की झूठी दुनिया में डूबकर।

**बच्चों का हिंसा की ओर झुकाव क्यों :** आज के किशोर सोशल मीडिया पर रिल्स, चैलेंजऔर स्टेटस के नाम पर ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहाँ हिंसा, स्टंट और आक्रोश को कूल समझा जाता है। छोटे-छोटे झगड़े अब वर्चस्व की लड़ाई बन जाते हैं, क्योंकि उन्हें दिखाना होता है — मैं किसी से कम नहीं। अभिभावक व्यस्त हैं — कुछ ज़रूरतों में, कुछ महत्वाकांक्षा में। बच्चों को समय, संवाद और भावनात्मक सहयोग नहीं मिल रहा। वे गूगल से सवाल पूछना सीख रहे हैं, लेकिन घर में सवाल पूछना भूल रहे हैं। सरकारी स्कूल संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं और निजी स्कूलों में अंधी प्रतिस्पर्धा ने बच्चों को सफलता मशीन बना दिया है। उनके मन की बेचैनी का कोई समाधान नहीं, कोई प्लेटफॉर्म नहीं। गैंगस्टर, बॉस, डॉन, विलेन जैसे किरदारों को ग्लैमराइज किया जाता है। किशोर उनकी नकल करते हैं, सोचते हैं कि डर पैदा करना ही ताकत है

**हिंसा का मनोविज्ञान: जब बच्चा चुप नहीं होता, चीखने लगता है :** बच्चा जब भावनात्मक रूप से अकेला होता है, तो उसका मन सबसे पहले प्रतिक्रिया करता है — या तो वह चुप हो जाएगा, या हिंसक हो जाएगा। वह जब खुद को असहाय महसूस करता है, तब उसे लगता है कि डराना ही सुरक्षा है। धीरे-धीरे यह आदत बन जाती है।

**समाज की भूमिका: हम सब दोषी हैं :** पड़ोसी चुप हैं, स्कूल निरीक्षक अनुपस्थित हैं, और मीडिया सनसनीखेज है। हमने बच्चों के भीतर की आवाजें नहीं सुनीं। हमने उस छात्र की आँखों में छिपा गुस्सा नहीं पढ़ा, जो आखिरकार शिक्षक पर चाकू लेकर चढ़ गया।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



दिनेश अग्रवाल
(मूक प्राणियों के रक्षक)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं एक ऐसे शख्स जिन्हे छपने का शौक नहीं,अनेकों बार निवेदन करने के बाद विनती करने के बाद इन्होंने अपनी डिटेल दी है। कहते हैं मूक प्राणियों का रक्षक भगवान होते हैं लेकिन भगवान खुद तो इस धरा पर आते नहीं अपने रूप में अपने पार्षद भेज देते हैं एक ऐसे ही इंसान हैं दिनेश अग्रवाल। बेसहारा पशुओं व आसमां में उड़ने वाले पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था में अपना सबकुछ न्यौछावर करने वाले दिनेश जी बहुत शानदार इंसान हैं। सन 1974 को गांव बडेर में जन्म हुआ और 1989 में अलवर आए पढ़ाई के लिए और 3 साल तक फैक्ट्री में लेबर का काम किया, 1992 में 60 फीट रोड पर बड़े भाई के साथ परचून की दुकान खोली 1 साल संघर्ष के बाद दुकान नहीं चली बड़े भाई साहब वापस गांव चले गए 1993 में महादेव प्रसाद अग्रवाल के यहां 800 मासिक वेतन पर कपड़े की दुकान पर 7 वर्ष तक काम किया ज्ञान बुद्धि सोच हौसला उत्तर के रूप में महादेव भाई साहब ही थे जिनके बदौलत आज इस मुकाम पर है करणी माता भतृहरि बाबा के प्रसाद,नाश्ता व लाठियाँ की दुकान लगाई। काला कुआं में गन्ने के जूस की दुकान चलाई, पासबुक की पूरे राजस्थान में स्कूल कॉलेज में सैंपल का कार्य किया। 2003 में मोती डूंगरी पर भगत जी के साथ मुलाकात हुई मोती डूंगरी के चारों तरफ पानी की कुंडियों को भरना, चुग्गा डालना, रोटी डालना तब से ही मन में संकल्प किया कि अपनी पहचान को छुपा कर रख कर पर्यावरण व बेजुबान पक्षी गाय,कुत्ता,बिल्ली बंदर आदि के लिए दाना,पानी चारा दवाई अपने खर्चे पर सेवा के रूप में करेंगे। पद यात्रा, भंडारा, जागरण व गरीब की बेटी की शादी का कोई भी कार्य हो 24 घंटे के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। कोई भी लावारिस पशु-पक्षी रोड एक्सीडेंट में मौत हो जाने पर अपने घर का खर्चा लगाकर इसी आदेश की प्रतीक्षा में रहते हैं कि वह किसी के काम आ सकें । घायल पशु पक्षियों को यथायोग्य सहायता करते हैं। पानी के परिंड़े व सीमेंट की टंकी पानी की नि:शुल्क हमेशा उपलब्ध रहती है एक फोन का इंतजार रहता है बस, अपनी जमीन पर अपने खर्चे से घायल लावारिस पशु पक्षियों के लिए समस्त सुविधाजनक हाइटेक हॉस्पिटल बनवाना इनका जीवन का लक्ष्य है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह इस तरीके की समाज सेवा करते हैं जिसका गवाह सिर्फ परमात्मा हो और यह प्रयास भी यही करते हैं कि कुछ कर्म ऐसे भी करने चाहिए जिन्हे सीसीटीवी और दुनियां नहीं सिर्फ और सिर्फ परमपिता देखें। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_028

बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 8 | 7 | | |
| | | | 4 | | 2 | | 9 | |
| 9 | | 8 | 3 | | | | | |
| | | 4 | 6 | | | | | |
| | 6 | 9 | | | | 8 | 1 | |
| | | | | | 9 | 2 | | |
| | | | | | 6 | 1 | | 7 |
| | 7 | | 9 | | 4 | | | |
| | | 5 | 2 | | | | 6 | |

### Ans_2025_027

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 8 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 4 | 9 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**वृष**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मिथुन**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**कर्क**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**सिंह**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

**कन्या**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**तुला**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**धनु**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**मीन**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# खुशखबरी : पांच हजार की आबादी वाले पांच गांवों में अब चमचमाते अटल पथ नजर आएंगे

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** करौली जिले के खुशखबर है कि पांच हजार की आबादी वाले पांच गांवों में अब चमचमाते अटल पथ नजर आएंगे। अटल पथ निर्माण के लिए सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से निविदा प्रक्रिया की कवायद की जा रही है।

राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत प्रथम चरण में जिले की चारों विधानसभाओं में पांच गांवों का अटल पथ निर्माण कार्य के लिए चयन किया गया है। सरकार की ओर से इन गांवों में निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति भी जारी कर दी गई है। अब अटल पथ निर्माण के लिए निविदाएं प्रक्रियाधीन है। संभवत: जून माह में निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य शुरू हो जाएगा।

**पहले 10 हजार की आबादी बनता था अटल पथ :** गौरतलब है कि पहले 10 हजार की आबादी वाले गांवों में अटल पथ का निर्माण होता था, लेकिन राज्य सरकार ने अब वर्ष 2025-26 के बजट में प्रदेश के पांच हजार की आबादी वाले गांवों का चयन कर इनमें अटल पथ निर्माण की घोषणा की। इसके तहत जिले में पांच हजार की आबादी वाले गांवों में से प्रथम चरण में 5 गांवों का चयन किया गया है। ये गांव जिले की चारों विधानसभा के हैं।

**इन गांवों में बनेंगे अटल पथ :** करौली विधानसभा क्षेत्र के कटकड़ गांव में एक किलोमीटर के अटल पथ का निर्माण होगा, वहीं टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र के गुढ़ाचन्द्रजी में 1.25 किलोमीटर का अटल पथ बनेगा। टोडाभीम के ही मूंडिया गांव में 2 किलोमीटर का अटल पथ बनाया जाएगा। हिण्डौन विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर गांव में 1.40 किलोमीटर का अटल पथ तो सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के आस्थाधाम कैलादेवी में 1.20 किलोमीटर का अटल पथ का निर्माण कराया जाएगा।

**यह राशि होगी खर्च :** प्रत्येक अटल पथ के निर्माण पर दो-दो करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। हालांकि कैलादेवी कस्बे के अटल पथ की स्वीकृति में एक करोड़ की राशि अंकित होने के कारण सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से रिवाइज स्वीकृति के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

**सीसी सड़कों का होगा निर्माण :** अटल पथ का निर्माण सीमेंट-कंक्रीट (सीसी) के जरिए कराया जाएगा। गौरतलब है कि कई गांवों में मुय सड़कें सड़कें खराब हो चुकी हैं और उनमें गड्ढे पड़े हैं। साथ ही पहले उनकी चौड़ाई भी कम थी। ऐसे में चयनित किए गए गांवों में अटल पथ निर्माण होने से आवागमन सुगम होगा। जगह की उपलब्धता के अनुसार किसी जगह 7 मीटर तो किसी जगह 5.50 मीटर चौड़ाई की सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

### मुख्य अभियंता को भेजा गया है पत्र

सरकार की बजट घोषणा के तहत पांच हजार की आबादी वाले गांवों में अटल पथ निर्माण के लिए गांवों का चयन किया गया। सरकार की ओर से पांच गांवों के लिए स्वीकृति जारी की गई है। अटल पथ निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि कैलादेवी में स्वीकृति एक करोड़ ही होने के कारण रिवाइज स्वीकृति के लिए मुख्य अभियंता को पत्र भेजा गया है।

**जयलाल मीना, अधीक्षण अभियंता, सानिवि, करौली**



# पानी के लिए सड़क पर उतरी महिलाएं, मटके फोड़ किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** एक ओर जहां राज्य सरकार पीने के पानी की सुचारू व्यवस्था का ढोल पीट रही हैं वही दूसरी तरफ जमीनी हकीकत यह हैं कि लोगो को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा हैं। कस्बे के कीर मोहल्ले में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। कई महीनों से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। मोहल्ले के करीब 100 घरों के लोग रोज़ाना डेढ़ से दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। मजदूरी करने वाले लोग पानी के चक्कर में काम पर भी नहीं जा पा रहे।

समस्या से परेशान महिलाओं ने शुक्रवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में खाली मटके और बाल्टियां लेकर चक्का जाम किया। मांगें पूरी नहीं होने पर मटकियां फोड़ दीं। सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में सीता, मनभर, गीता, कमला, चमेली, धापू सहित कई महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं ने चेतावनी दी कि तीन दिन में समाधान नहीं हुआ तो फिर से सड़क जाम करेंगी।

भीषण गर्मी में बोरिंग भी जवाब दे चुके हैं। भूजल स्तर गिरने से पानी नहीं निकल रहा। कई जगह फ्लोराइड और खारे पानी की समस्या भी बढ़ गई है। बिसलपुर जल परियोजना से ही राहत मिली थी, लेकिन अब वह भी ठप है।

सरकारी खजाने से लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद विभागीय लापरवाही के कारण पर्याप्त जलापूर्ति नही हो रही है। पाइप लाइनें पुरानी और जर्जर हो चुकी हैं। जगह-जगह से टूट चुकी हैं। कई जगह पाइप लाइन जाम हो गई है।

नटवाड़ा की टंकी से बिछी पाइप लाइन में जगह-जगह अवैध कनेक्शन हैं। रोज सैकड़ों गैलन पानी व्यर्थ बह जाता है। गांव में पानी की भारी किल्लत है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# सामाजिक न्याय योजनाओं की समीक्षा हेतु संवाद कार्यक्रम सम्पन्न
## अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं की पहुँच सुनिश्चित करने पर बल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा एवं जनसंवाद हेतु संवाद कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, सवाई माधोपुर में लोकसभा सांसद हरीश चंद्र मीना की अध्यक्षता में एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार के सचिव अमित यादव तथा राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कुलदीप रांका की उपस्थिति में आयोजित हुआ। अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने राजस्थान सरकार द्वारा संचालित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार का ध्येय है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए राज्य सरकार विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव अमित यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार भी समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुचाने के उदेद्श्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया की समाजिक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा आमजन की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील कि वे योजनाओं की निगरानी करें तथा आमजन को इनके बारे में अधिकाधिक जागरूक करें। केन्द्रीय मंत्रालय की उप महानिदेशक प्रतिमा गुप्ता, राजस्थान सरकार के निदेशक सामाजिक न्याय बचनेश कुमार, उप निदेशक प्रवीण कुमार, महेश कुमार मीणा, उप सचिव नरेन्द्र सिंह, विनेश ने केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गौरव बुड़ानिया ने संवाद कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समस्त आगंतुकों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन का धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस कार्यक्रम ने कल्याणकारी राजकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नीति सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर जिला प्रमुख सुदामा मीणा, जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर गंगापुर सिटी रामकिशोर मीणा, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मीना आर्य सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, प्रधान निरमा मीणा, केंद्र एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन गीता जैलिया ने किया।

# डिस्ट्रिक्ट जज दीक्षित ने उप कारागृह गंगापुर सिटी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** देवेंद्र दीक्षित अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर ने शुक्रवार को उप कारागृह गंगापुर सिटी का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित जेलर सुखवीर सिंह से उप कारागृह में बंदियों की संख्या, प्रथम बार अपराध करने वाले बंदियों के नाम, पता व उनकी संख्या, बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं आदि के संबंध में जानकारी ली। साथ ही बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित न्यायालय, परिजनों से बातचीत के समय आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उनकी समस्याओं को सुना। दौराने निरीक्षण बंदियों द्वारा बैरकों में गर्मी एवं उमस की शिकायत की गई, इस संबंध में देवेंद्र दीक्षित अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा जेलर सुखबीर सिंह को बैरकों में एग्जॉस्ट फैन लगवाने के संबंध में निर्देश प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि गत निरीक्षण में बंदियों द्वारा एसटीडी की समस्या के संबंध में अवगत करवाया गया था, जिसकी पालना में उप कारागृह प्रबंधन द्वारा बंदियों के लिए नई एसटीडी लगवाकर बंदियों की समस्या का समाधान किया गया। दौराने निरीक्षण कारागृह प्रबंधन द्वारा बंदियों को प्रदान की जाने वाली आवश्यक सुविधाएं संतोषजनक पाई गई, साथ ही कारागृह परिसर एवं बैरकों की साफ-सफाई भी ठीक पाई गई। दौराने निरीक्षण कुल 84 बंदी उपस्थित पाए गए। साथ ही डिस्ट्रिक्ट जज दीक्षित ने उप कारागृह परिसर में स्थित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट किया तथा प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियों को उपलब्ध करवाई जा रही नि:शुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# अवैध बजरी परिवहन, एसडीएम की कार्रवाई, मामला दर्ज



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले के मलारना डूंगर थाना क्षेत्र के शेषा गांव के पास गत दिवस अवैध बजरी परिवहन की सूचना पर कार्रवाई करने गई पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम की पकड़ से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर चालक फरार हो गया। वहीं दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की।

जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम गत दिवस अवैध रूप से बजरी परिवहन कर रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ने गई थी। उपखण्ड अधिकारी जयोत्सना खेड़ा के साथ कार्रवाई को निकली पुलिस टीम को देख बजरी माफिया में हड़कंप मच गया। इस दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली कच्चे रास्ते में फंस गई। वहीं इसके पीछे चल रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉली रुक गई। एसडीएम की मौजूदगी में पुलिस ने तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली। लेकिन कार्रवाई के दौरान ही मौका पाकर आरोपी मेघराज उर्फ छेड़ी मीना एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को गांव के अंदर भगा ले गया। पुलिस ने रोकने का भी प्रयास किया, लेकिन आरोपी चालक ने उन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ा कर जान से मारने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर ली। घटना के बाद पुलिस की ओर से मेघराज उर्फ छेड़ी पुत्र सुखराम मीना निवासी दिवाड़ा को नामजद करते हुए बजरी चोरी करने, अवैध खनन तथा पुलिस कब्जे से ट्रैक्टर-ट्रॉली भगा ले जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

**ट्रॉली भगाई तो ग्रामीणों की जान पर बन आई :** कार्रवाई के दौरान बजरी से भरी ट्रैक्टर-टॉली को चालक के घनी आबादी में तेज रफ्तार से दौड़ाने से लोगों की जान पर बन आई! पुलिस को पीछा करते देख चालक सड़क पर बजरी खाली कर भाग गया, जिससे यहां रास्ता बाधित हो गया। ग्रामीणों ने गांव क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन को लेकर हो रही इन घटनाओं पर रोष जताया है।

# भ्रष्टाचार पर प्रहार : सवाई माधोपुर परिवहन विभाग में एक साथ दस कर्मचारी निलंबित, कई अन्य लिस्ट में, मचा हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राजस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एक और बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सवाई माधोपुर के जिला परिवहन कार्यालय में कार्यरत 10 अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। यह कदम एंटी करप्शन ब्यूरो की जांच और विभागीय रिपोर्ट के आधार पर उठाया गया है, जिसमें अधिकारियों की मासिक बंधी और अवैध वसूली की पुष्टि हुई है।

### इन अधिकारियों पर गिरी गाज

निलंबित अधिकारियों में सबसे प्रमुख नाम जिला परिवहन अधिकारी डीटीओ पुन्याराम मीणा का है, जिन्हें एसीबी ने हाल ही में गिरफ्तार किया था। उनके साथ पूर्व डीटीओ दशरथ गुना, रजनीश, सहायक लेखाधिकारी मानसिंह मीणा, परिवहन निरीक्षक वीके सिंह, वरिष्ठ सहायक विवेक सिंह, ओमहरी उपाध्याय, रोहिताश सिंगल, अशोक गुना और सूचना सहायक धनेश पर भी कार्रवाई हुई है।



### जेल भेजे गए अफसर और दलाल

एसीबी कोर्ट में पेशी के बाद डीटीओ पुन्याराम मीणा, डीएसपी सुरेंद्र शर्मा और दलाल रामराज मीणा व प्रदीप को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने मिलकर अवैध बजरी परिवहन में संरक्षण दिया और मोटी रिश्वत वसूली। एसीबी की जांच में मोबाइल कॉल रिकॉर्ड्स और डिजिटल साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ कि लोकसेवकों को धमकाकर पैसा वसूला जा रहा था।

### पर्दाफाश हुआ बड़ा नेटवर्क

रामराज मीणा के मोबाइल से मिले कॉल रिकॉर्ड से पता चला कि परिवहन और पुलिस विभाग के कई कर्मचारी इस अवैध वसूली में शामिल थे। अवैध बजरी ले जाने वाले वाहनों को खुली छूट देने के बदले मासिक रकम तय की गई थी, जिसे दलालों के जरिए अधिकारियों तक पहुंचाया जा रहा था।

### एसीबी की पूछताछ जारी

फिलहाल एसीबी अन्य विभागों के संलिप्त अधिकारियों को नोटिस भेज रही है और जयपुर मुख्यालय पर उनसे लगातार पूछताछ चल रही है। यह कार्रवाई आने वाले समय में और भी बड़े खुलासे कर सकती है।

# पवन जैन संगम सचिव प्रान्तपाल विजिट नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के अध्यक्ष सहित अन्य कई पदो पर रहकर सेवा कार्य करने चाले पवन जैन संगम को रोटरी क्लब जिला प्रान्तपाल प्रज्ञा मेहता ने वर्ष 2025-26 की जिला कार्यकारिणी में प्रान्त 3056 के सचिव प्रान्तपाल विजिट पद पर नियुक्ति किया है। इस पद पर रहने के दौरान पवन जैन संगम जिला प्रान्तपाल द्वारा क्लबो की जाने वाली विजिट देखा जाएगा। संगम इससे पूर्व क्लब के सहायक प्रान्तपाल सहित अनेक पदो पर रहकर सेवा कार्य कर चुके हैं। साथ ही अपने सेवा कार्यो के चलते संगम को क्लब के कई प्रान्तीय अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। संगम की इस नियुक्त पर क्लब के सदस्यो ने प्रान्तपाल का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित कर पीड़ित व जरूरतमंद मानव की सेवा के कार्य में संगम व क्लब कभी पीछे नहीं रहने का संकल्प दोहराया है।



# नाबालिक लड़की के अपहरण, छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में पुलिस ने दो जनो को गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षेत्र की पचेवर पुलिस ने नाबालिक लड़की के अपहरण, छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में दो जनो को गिरपफ्तार किया है।

पचेवर थानाधिकारी मुकेश चौधरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशानुसार व एएसपी मोटाराम बेनीवाल व उप पुलिस अधीक्षक आशिष प्रजापत के मार्गदर्शन में थाने में दर्ज नाबालिक लड़की के अपहरण व छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में जांच के बाद दो जनो को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि 4 अप्रेल को पचेवर थाने में एक रिपोर्ठ दर्ज हुई। जिसमें आरोप लगाया गया कि 14 मार्च कोदिन के समय मुलजिम मुकेश पुत्र श्योजी बावरी व सुरेश पुत्र श्योजी बावरी निवासी आवड़ा द्वारा परिवादी व परिवादी की पत्नी तथा बहिन के साथ मारपीट कर व लज्जा भंग कर अपहरण करने का आरोप लगाया गया। रिपोर्ट के बाद मामले की जांच कर मामला पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओ में दर्ज किया। अनुसंधान के बाद दोनो आरोपितो को डिटेन कर पूछताछ के बाद अपराध स्वीकार कर लिए जाने के बाद दोनो को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया।



# तिलक पब्लिक स्कूल फिर रहा अव्वल, स्कूल के 17 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 90 प्रतिशत से अधिक अंक

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा के अजमेर रोड पर हाथकी मोड़ के पास स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित तिलक पब्लिक स्कूल का कक्षा दस के परीक्षा परिणाम में 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है। स्कूल निदेशक आदित्य पाटनी व प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने बताया कि कक्षा दस की बोर्ड परीक्षा में 59 परीक्षार्थीओं ने परीक्षा दी। जिसमें से 56 प्रथम श्रेणी से तथा 3 विद्यार्थी द्वितिए श्रेणी से उत्तीर्ण रहे । इससे स्कूल की कक्षा दस का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की कक्षा दस के 17 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यालय की कक्षा दस का प्रत्येक तीसरे छात्र ने 90 प्रतिशत व प्रत्येक दूसरे छात्र ने 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्त कर गुणात्मक व संख्यात्मक दृष्टि से स्कूल का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रख स्कूल को अव्वल श्रेणी में रखा है।

# जिले में आज फिर होगा ब्लैक आउट एवं मॉक ड्रिल

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )। राज्य के नागरिक सुरक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट को ब्लैक आउट एवं मॉक ड्रिल के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि निदेशालय, नागरिक सुरक्षा राजस्थान के निदेशक जगजीत सिंह मोंगा के द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार शनिवार शाम जिले में मॉक ड्रिल एवं ब्लैक आउट कराया जाना है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिले में 31 मई को द्वितीय सिविल डिफेंस अभ्यास (ऑपरेशन शील्ड) का आयोजित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से ब्लैक आउट और आपातकालीन सायरन की आवाज सुनते ही सभी निजी और सार्वजनिक संस्थानों, घरों की रोशनी, रोड लाइट, परिवहन साधनों द्वारा रोशनी बंद रखकर राष्ट्रीय सुरक्षा के अभ्यास में अपना योगदान की अपील की।

# शहीदों से देशवासियों को राष्ट्र प्रेम की प्रेरणा मिलती है : बेढम

## शहीद किशनलाल गुर्जर की प्रतिमा का हुआ अनावरण, वीरांगना सहित परिजनों का किया गया सम्मान

### शहीदों को देवताओं की तरह पूजो : बाजोर

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के गाँव मांची मीरापुर में शहीद किशनलाल गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने की तो अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री हेमसिंह भढ़ाणा, विधायक देवीसिंह शेखावत, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाणा, पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर, विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति प्रधान सुमन सुभाष यादव, जिला पार्षद पूर्ण चंदेला, सरपंच पूजा मेहरा व क्रृषि उपजमण्डी के पूर्व चेयरमैन माड़ाराम गुर्जर रहे।इस मौके पर बोलते हुए गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि राजस्थान की धरती वीरों धरती है,महावीर पिताओं और माताओं बहनों की धरती है।शहीदों ने देश सबकुछ दिया है जिससे हम अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हैं। सैनिक व उसके परिवार में देश प्रेम व अनुशासन की गरिमा कूट –कूटकर भरी रहती है। जिससे हम देशवासियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। वहीं उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि मुझे जितना ज्ञान है उसके अनुसार पर्यटकों पर धर्म पूछकर उनकी हत्या की गईं थी। सम्पूर्ण भाषा में हमारी सेना के जवान ही जवाब दे सकते हैं। बेढम ने कहा कि उन्होंने धर्म पूछकर पर्यटकों की हत्या कि तो मेरी सोच से मैं कह सकता हूँ कि सिंदूर का इस्तेमाल तो हिन्दू महिलाएं करती हैं। जहाँ तक मेरी सोच है उसके हिसाब से तो इसीलिए इस ऑपरेशन का नाम सिंदूर रखा गया होगा। वहीं सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेमसिंह बाजोर ने कहा कि शहीद देवता हैं वे किसी भी आंकलन से देवताओं से कम नहीं हैं।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही पूर्व मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि शहीदों की कोई जाति धर्म नहीं होता उनका तो मातृभूमि की सुरक्षा करना ही जाति धर्म है। उन्होंने अपने कार्यकाल में करवाए गए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला वहीं प्रधान, विधायक और मंत्री से शहीद के गाँव में विकास करवाने के लिए भी जोर दिया। अतिविशिष्ट अतिथि रहे विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने जो लकीर खींची है मैं उसे बढ़ाने का प्रयास करूँगा।

मात्र डेड साल में हमने जो विकास कार्य करवाए हैं वे एक मिशाल हैं। प्रधान प्रतिनिधि सुभाष यादव ने कहा कि मेरी तो राजनीतिक गुरु हैं शकुंतला रावत उनके आदेश की पालना करना मेरा कर्तव्य है।हमें उनके परिवार व उनकी प्रतिमा का अभिवादन करना चाहिए।वहीं राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह यादव ने नाबालिग छात्रा को शीघ्र दस्तयाब करने के लिए गृह राज्मंत्री जवाहर सिंह बेढम को ज्ञापन भी सौंपा।इस मौके भाजपा नेता एडवोकेट अंकुर दायमा,पीसी रावत,जिलाध्यक्ष सिंह चौधरी, एडवोकेट सुबेसिंह,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर, सुभाष बबेरा, मन्नालाल पटवारी, चतरपुरा सरपंच नीरज तोनगुरिया, रामधन सैनी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सैनी, नारायणपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र, गुर्जर महासभा के जिलाध्यक्ष युवा नेता साँवत चनेजा, रामावतार सरपंच, देशराज गिराठी, एडवोकेट धंशीराम रावत, कर्नल कुलदीप सिंह महलावत, सतीश शर्मा, धर्मपाल गुर्जर, रतिराम गुर्जर, सूबेदार रामसिंह गुर्जर, जयसिंह रावत, डॉ अंजली यादव, अजय सिंह यादव,डॉ शशिकांत बोहरा,सभी दलों के कार्यकर्त्ता, नेता, समाजसेवी व जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, बानसूर थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह मलिक सहित चारों थानो का पुलिस जाप्ता और काफ़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# हर आंगन एक परिंडा- हर पक्षी खुशहाल अभियान की हुई शुरुआत

## जिला कलक्टर ने भीषण गर्मी के बीच चलाया जीव मात्र के हितार्थ महत्वपूर्ण अभियान, गर्मियों में पक्षियों के लिए पेड़ों पर लगाए परिंडे




बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा, ( मुकेश शर्मा )।** भीषण गर्मी से जूझते जिले में पशु-पक्षियों को राहत देने हेतु जिला कलक्टर किशोर कुमार ने हर आंगन एक परिंडा – हर पक्षी खुशहाल अभियान की शुरुआत की। इसका शुभारंभ खैरथल की पुरानी अनाज मंडी स्थित लाला जय नारायण पॉचीदेवी खंडेलवाल स्मृति उद्यान से किया गया, जहां जिला कलक्टर ने बतौर मुख्य समाजसेवी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराए गए 1000 परिंडे वितरित किए। जिला कलेक्टर ने उद्यान में लगे पेड़ों पर परिंडे लगाकर अभियान की शुरुआत कि साथ ही पार्क में उपस्थित अतिथिगणों द्वारा बरगद का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर किशोर कुमार ने कहा कि गर्मी का प्रकोप केवल इंसानों पर नहीं, बल्कि बेजुबान पशु-पक्षियों पर भी उतना ही भारी पड़ रहा है। यदि हम उनके लिए पानी और दाने की व्यवस्था करें तो यह हमारे मानवीय कर्तव्यों की पूर्ति होगी। प्रत्येक आंगन में परिंडा लगाया जाए, पेड़ों पर पानी के पात्र बाँधे जाएं और समाज सेवा के इस कार्य में हम सब एकजुट हों। यह न सिर्फ जीव सेवा है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक परंपरा और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक अहम कदम है।

उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं से अपील कि इस अभियान को जन आंदोलन बनाएं। गर्मी के इस मौसम में जलस्त्रोतों की रक्षा करना भी हमारा दायित्व है। जल संरक्षण, जीवन संरक्षण का आधार है। जिला कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत आज जिला स्तर से की गई है इसके पश्चात यह कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर भी किए जाएंगे ताकि पूरे जिले में इस अभियान को जन आंदोलन बनाया जा सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने कहा कि समाज की असली ताकत उसकी संवेदनशीलता में होती है। यह अभियान हमें सिखाता है कि बेजुबान पक्षियों के लिए एक छोटी सी कोशिश, उनके जीवन को बचा सकती है। जब हर घर, हर छत, हर पेड़ पर परिंडे होंगे तो हमारे आसमान में चहचहाहट बनी रहेगी। इस कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास मनीष कुमार जाटव, उपखंड अधिकारी मुंडावर सुरेश कुमार बलई, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, स्थानीय पार्षद, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने घरों, बालकनियों और आसपास के स्थानों पर परिंडे लगाएंगे और नियमित रूप से उनमें दाना-पानी भरेंगे।

# मोदी विश्वविद्यालय की ये कवायद निश्चित रूप से छात्राओं को भविष्य की सही दिशा प्रदान करेगी : राठौड़

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** लक्ष्मणगढ़ स्थित मोदी विश्वविद्यालय द्वारा अलवर के निजी होटल में प्रेस कांफ्रेंस संवाद का आयोजन किया गया। इसमें अलवर के मुख्य इलेक्ट्रोनिक और प्रिन्ट मीडिया के प्रत्रकारों से विश्वविद्यालय ने शुरू होने वाले नये सत्र से संबधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रेस वार्ता में मोदी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनस के प्रोफेसर डा0 बी एस राठौड़, कला एवं मानविकी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ए एस रॉव एवं डिप्टी डीन, ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन हितेश जांगिड़ उपस्थित थे। सबसे पहले इन्होंने 10 वीं और 12 वीं में उत्तीर्ण हुए छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मोदी स्कूल की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया। मीडिया से रूबरू होते इन्होंने नये दौर में शिक्षा के बदलते आयामों के बारे में बात करते हुए कहा कि आज मेडिकल एवं इंजिनयरिंग के अलावा अन्य कई ऐसे क्षेत्र है जहा छात्र अपने रुचि को बरकरार रखते हुए कई अन्य स्किल बेस्ड कोर्सेस कर सकते हैं। नयी शिक्षा नीति अब छात्रों को कई विकल्प मुहैया करा रही है। हितेश जांगिड इंजिनयरिंग के क्षेत्र में छात्रों के लिए मौजूद विभिन्न विकल्पों के बारे में बताया। डा0 बी एस राठौड ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रिर्सच एवं मैनेजमेंट की महत्ता पर विस्तृत चर्चा की। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजिनयरिंग ने तकनीक के बदलते परिपेक्ष्य के मद्देनजर डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, ए आई, बॉयोमेडिकल एवं न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी सहित कई स्किल बेस्ड कोर्सेज छात्राओं के लिए मुहैया करवाए है। इंजिनयरिंग के कोर्स के दौरान प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि छात्राएं इंडस्ट्री के मांग के अनुसार बेहतर तौर पर खुद को तैयार कर सकें। इसी तरह स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइसेंस के अंतर्गत फोरेनसिक साइंस, फूड एंड न्यूट्रीशन, फिजयोथेरेपी, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, बायो टेक्नोलॉजी जैसे सरीखे कोर्सेस छात्राओं एक बेहतर भविष्य प्रदान करता है। स्कूल ऑफ लों के अंतर्गत छात्राओं को राजस्थान विधिक सेवा के लिए विशेष रूप से तैयार एवं प्रोत्साहित किया जाता है। वर्तमान वर्ष के दौरान भी 6 छात्राओं ने राजस्थान विधिक सेवा में सफलता क परचम लहरा कर शेखावाटी के साथ पुरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। स्कूल ओफ डिजाइन के अंतर्गत फैशन और इंटीरियर डिजाइन में छात्राएं यु एक्स, यु आई ऑटो कैड सहित वर्तमान दौर के सॉफ्टवेयर का उपयोग कर बेहतर तरीके से अपना भविष्य संवार रही है। स्कूल ऑफ बिजनेस में बी बी ए एवं एम बी ए के साथ बी कॉम, बी ए इकोनॉमिक्स, डिजिटल मार्केटिंग एवं इंटीग्रेटेड कोर्स भी छात्राओं के लिए उपलब्ध है। बात चाहे इंडस्ट्रियल एक्सपोजर की हो या फिर इंटर्नशिप की मैनेजमेंट की ये छात्रायें हर क्षेत्र में बेहतर कर रही है। फार्मेसी के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर को देखते हुए विश्वविद्यालय ने डी फार्मा एवं बी फार्मा कोर्स की भी शुरूआत की है ताकि छात्राओं को बेहतर अवसर प्राप्त हो सके।

# शेलोम इंग्लिश स्कूल के दसवीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग स्थित शेलोम इंग्लिश सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा घोषित 10 वीं परीक्षा परिणाम में राजगढ़ कस्बे में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लगातार 14 वर्षों तक 100 प्रतिशत परिणाम का रिकॉर्ड बरकरार रखा और विद्यालय के छात्र दक्ष साहू ने 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राजगढ़ उपखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं विद्यालय की छात्रा सोनम बाई ने 95.83 प्रतिशत, नेहा ने 95.67 प्रतिशत, प्रिंस मीणा ने 95.33 प्रतिशत, हितेश शर्मा ने 95.00 प्रतिशत, प्रगति मीना ने 94.67 प्रतिशत, गजेंद्र मीना ने 94.50 प्रतिशत, मोनिका मीना ने 94.50 प्रतिशत, साक्षी मीना ने 93.83 प्रतिशत, आराध्या शर्मा ने 92.33 प्रतिशत, काव्यांश गुप्ता ने 92.00 प्रतिशत, बरखा सोनी ने 92.00 प्रतिशत, दिव्यांश जैमन ने 90.83 प्रतिशत, राजलक्ष्मी ने 90.83 प्रतिशत, तनीषा सैनी ने 90.67 प्रतिशत, प्राची चेयरवाल ने 90.33 प्रतिशत, कृतिका शर्मा ने 90.17 प्रतिशत अंक हासिल कर कस्बे का, विद्यालय का व अपने परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के संस्था प्रधान डॉ. जोसेफ राज जिनको पिछले 30 वर्षों से इंग्लिश माध्यम की संस्था चलाने का अनुभव है ने बताया कि विद्यालय 14 साल से लगातार राजगढ़ क्षेत्र में शत प्रतिशत परिणाम दे रहा है। विद्यालय के 38 में से 17 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

इस वर्ष विद्यालय के दसवीं कक्षा के कुल 38 विद्यार्थियों में से एक विद्यार्थी ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की जबकि शेष 37 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से दसवीं कक्षा को उत्तीर्ण किया है। गुरुवार को विद्यालय में विद्यार्थियों तथा अभिभावकों का संस्था प्रधान, उपप्राचार्या तथा स्टाफ द्वारा माला व साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर विद्यालय की उपप्राचार्या कुंजुमोल जोसेफ, शशिभूषण शर्मा, पूनम गुप्ता, अनिल शर्मा, महेश बैरवा, नरेश शर्मा सहित अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विधायक शेखावत ने किया सड़कों के निर्माण कार्य का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** विधायक देवीसिंह शेखावत ने आज शाम को क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । विधायक ने निर्माण सामग्री का सैंपल लेकर लैब में भिजवाया गया।इस दौरान चूक विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बता दे कि स्टेट हाइवे .52 से गोवर्धन का बास तक निर्माणधीन सड़क को लेकर ग्रामीणों ने घटिया सामग्री उपयोग में लेने का आरोप लगाया थाए जिसको लेकर ग्रामीणों ने ठेकेदार सहित विभाग के अधिकारियों पर निर्माण सामग्री में घटिया सामग्री उपयोग में लेने और एक दिन बाद ही सड़क उखड़ने को लेकर विरोध किया था। जिसको लेकर आज विधायक देवीसिंह शेखावत सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और सामग्री का सैंपल लेकर लैब में भिजवाया गया। विधायक शेखावत ने गोवर्धन का बास सहित बूटेरी में निर्माणधीन सड़क का भी निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण गुणवत्तापूर्वक किया जाना चाहिए। इस दौरान चूक विभाग एक्सईएन नीलम पुनियाए ऐईएन शेरसिंह मीणा मौजूद रहे।

# भारतीय विद्या पीठ स्कूल ने फिर रचा कीर्तिमान, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत परिणाम देकर राजगढ़ कस्बे का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार सैन ने बताया कि विद्यालय की कक्षा बारहवीं के विद्यार्थी 20 विद्यार्थी जिनमें 18 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 2 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं कक्षा 10 में 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्र अमन सैनी ने 95.83 प्रतिशत, लोचन खण्डेलवाल ने 95.50 प्रतिशत, रीया सैन व प्रियंका सैनी ने 95 प्रतिशत, नित्या सैनी ने 93.50 प्रतिशत, मयंक शर्मा ने 92.33 प्रतिशत, भव्य शर्मा ने 91 प्रतिशत, अंशुल शर्मा, नवीन यादव, नेहा सैनी, उमंग सैन, मोलिशा यादव, आयुष यादव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। शुक्रवार को विद्यालय में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सभी विद्यार्थियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के अभिभावकों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर भगवान दास साहू, पूर्णिमा सैन, रिंकू सैनी, संतोष शर्मा, राजेश सैनी, पंकज खण्डेलवाल सहित बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

# नगरपालिका की सफाई व्यवस्था फेल,विकास कॉलोनी में लगा गंदगी का अम्बार, बीमारी फैलने का बना अंदेशा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** कस्बे की विकास कॉलोनी में नगरपालिका की अनदेखी के कारण सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। जहां सफाई के नाम सरकार करोड़ों खर्च कर रही है वहीं नगरपालिका राजगढ़ के हालात ये हैं कि सफाई के नाम पर पैसे खर्च करने के बाद भी आमजन को गंदगी के ढ़ेर में जीना पड़ रहा है। स्थानीय वाशिंदों ने बताया कि यहां पर सफाई नहीं होने तथा कचरे का ढ़ेर लगा होने के कारण दिनभर बदबू आती है तथा मच्छर पैदा हो गये है जिसके कारण यहां पर रहने वाले निवासियों को गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासी महेश खण्डेलवाल, कुलदीप तांबी, सुरेश जैन आदि ने बताया कि नगरपालिका के द्वारा शहर का कचरा इकट्ठा करके यहां पर डाला जा रहा है जिसके कारण यहां रहने वाले लोगों का जीना दुर्भर हो गया है। उन्होंने बताया कि कहीं-कहीं दिनों तक यहां से कचरा उठाया नहीं जाता। नगरपालिका में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

**लाखों का बजट, सफाई व्यवस्था जीरों :** राजगढ़ नगरपालिका में सफाई व्यवस्था के नाम पर लाखों का बजट खर्च हो रहा है परन्तु कस्बे में अनेक जगह सफाई व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। विकास कॉलोनी के वाशिंदों ने बताया कि नगरपालिका में अनेक बार शिकायत करने के बाद भी हालत जस के तस बने हुए हैं।

# एनसीसी कैम्प के उत्कृष्ट कैडेट्स को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** राजकीय महाविद्यालय में चल रहे 03 राज आर्म्डस स्क्वाड्रन कैडिट कोर का स्क्वाड्रन वार्षिक कैम्प के 9वें दिन जूनियर कैडेट्स को योगा तथा सीनियर कैडेट्स को पी.टी. परेड करवाई गई। एनसीसी कैडेट्स को शुक्रवार को कक्षा के प्रथम कालांश में फायरिंग रेंज में जाने वाले कैडेट्स का मस्कटरिज करवाया गया। उसके बाद फायरिंग पोजिशन की जानकारी दी गई। तृतीय कालांश में 8 दिवस में संचालित कक्षाओं का रिवीजन करवाया गया। लगभग 14 कैडेट्स को ईटाराना रैंज पर ले जाकर फायरिंग का अभ्यास करवाया गया। जिसमें सीनियर कैडेट्स एस. डब्ल्यू तथा जूनियर कैडेट्स जे. डब्ल्यू रहें। इसमें जी.सी.आई. सोनम यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रशासन की बड़ी कार्रवाई : ग्राम नीमलाका में 50 बीघा चारागाह भूमि से 10-15 साल पुराने अतिक्रमण हटाए गए

बढ़ता राजस्थान

खैरथल-तिजारा,(मुकेश शर्मा)। जिला कलेक्टर किशोर कुमार के निर्देशन में प्रशासन द्वारा तहसील कोटकासिम के ग्राम नीमलाका में चारागाह भूमि पर किए गए 10 से 15 वर्ष पुराने पक्के और कच्चे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की बड़ी कार्रवाई कि गई। इस सख्त कार्रवाई का नेतृत्व तहसीलदार धर्मेंद्र मीणा ने किया, जिसमें राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से कुल 50 बीघा भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया।

# लाखेरी में 24 घंटे बिक रही शराब वसूल रहे प्रिंट रेट से अधिक राशी

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी( नि.स. )।** शहर में खुल्ले आम 24 घंटे शराब की बिक्री हो रही है। इतना ही नहीं शहर के हर शराब व्यवसाई शराब की मनमानी रेट वसूल रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर में कुल आठ शराब के ठेके संचालित है। शहर के सभी शराब के ठेकों पर शराब विक्रेताओं द्वारा प्रिंट रेट से भी अधिक की राशि वसूली जा रही है। शराब विक्रेताओं द्वारा प्रिंट रेट से अधिक राशी वसूलने के कारण शराब पीने वालो की जेब पर असर पड़ रहा है। इतना ही नहीं शराब माफियाओं द्वारा शहर में विभाग द्वारा सभी अधिकृत दुकानों पर रात भर धड़ल्ले से खुलेआम शराब बेची जा रही है। शराब की कुछ अधिकृत दुकानों पर तो शराब पीने वालो को बैठा कर शराब पिलाने की व्यवस्था भी की जा रही है।



**आबकारी विभाग की मिली भगत की आशंका :** स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग की तथा शराब व्यवसायियों की मिली भगत का आरोप लगाते हुए बताया कि आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकानों हेतु आवंटन के समय शराब व्यवसायों के साथ मिली भगत कर नियम कायदों को ताक में रख कर अवैध जगहों पर दुकानें आवंटित कर दी गई। स्थानीय लोगों द्वारा बार बार उक्त दुकान की शिकायत के बावजूद भी आबकारी विभाग द्वारा झूठी रिपोर्ट पेश कर उच्च अधिकारियों को भी धोखे में रखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शहर के विवेकानंद पार्क के समीप स्थित शराब की दुकान पूर्णत: अवैध रूप से संचालित की जा रही है। इस दुकान के महज 50 मीटर के दायरे में तीन देवस्थान दो मंदिर तथा एक गुरुद्वारा स्थित है वही दुकान से सौ मीटर की दूरी पर ही सरकारी विद्यालय स्थित होने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा झूठी रिपोर्ट पेश कर शराब की दुकान की लोकेशन को वैध बताए हुए लाइसेंस जारी कर दिया। स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही करते हुए तुरंत ही अवैध शराब की दुकान को मंदिर के समीप से हटाने की मांग की।

**इनका कहना :** लाखेरी में ओवर रेट तथा दुकान में बैठा कर शराब पिलाने का मामला जानकारी में आया है, जिसकी पुष्टि की जाएगी, यदि ऐसा कुछ वास्तव में होता तो संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी, शहर के विवेकानंद पार्क के पास अस्तल रोड के समीप की दुकान का मामला सामने आया है जिस को लेकर विभागीय प्रक्रिया जारी है, जैसे ही विभागीय आदेश जारी होते है दुकान का स्थान परिवर्तन कर दिया जाएगा।

## पांचवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम: श्री राम बाल विद्या मंदिर भैंसरोड़गढ़ के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** विद्या भारती विद्यालय श्री राम बाल विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक विद्यालय, भैंसरोड़गढ़ के छात्रों ने पांचवीं कक्षा की प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि कक्षा 5 में कुल 18 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 17 छात्रों ने ग्रेड प्राप्त की, जबकि 1 छात्र ने . ग्रेड प्राप्त किया। इस प्रकार विद्यालय का परिणाम 100प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य ने छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और शिक्षकों व अभिभावकों का आभार प्रकट किया।

# बड़ा उपासरा, रामपुरा में 142 वें प्रतिष्ठा दिवस पर पूजा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** श्री पार्श्वनाथ मंदिर बड़ा उपासरा,रामपुरा कोटा के 142 वें प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष में दि. *31.5.25 शनिवार को दोपहर 1बजे से श्री पार्श्वनाथ पंचकल्याणक पूजा होगी। ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती देवयानी शाह ने बताया कि श्री सिद्धेश्वर पार्श्वनाथ जी की प्रतिमा के निर्माण कर्ता एवं प्राण-प्रतिष्ठा करने वाले श्री शान्तिसागर सूरि जी के दादागुरु श्री विनय सागर सूरि जी विक्रम संवत 1621 में कोटा पधारे थे और गढ़ पैलेस के सामने टिपटा में मंदिर व उपासरा कायम किया था , इसके बाद संवत 1749 में श्री पूज्य श्री तिलक सागर सूरि जी महाराज ने रामपुरा में बड़ा उपासरा कायम करके यहां पर ही स्थायी निवास किया, विक्रम संवत 1927 में बड़ा उपासरा के यति श्री रतनलाल जी ने पाटनपोल में मंदिर व उपासना कायम किया। संवत् 1941 ज्येष्ठ शुक्ल 5 रविवार को बड़ा उपासरा रामपुरा में श्री पूज्य श्री शान्तिसागर जी महाराज ने अधिष्ठायक देवी की प्रेरणा व सहायता से, मंत्र शक्ति द्वारा स्वहस्ते निर्मित शुद्ध धातु की श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा



प्रतिष्ठित की थी। प्रतिष्ठा महोत्सव बहुत ही ठाठ-बाट से किया गया था, प्रभावना में सोने के मोहरें बांटी गई थी।

श्री पूज्य श्री शान्तिसागर जी महाराज ने संवत 1934 में मकसुदाबाद के रायबहादुर लक्ष्मीपति सिंह जी को भगवती सूत्र की वांचना दी थी, रायबहादुर जी ने प्रत्येक प्रश्न उत्तर की वांचना पर बसराई मोती भेंट किए थे भगवती सूत्र में कुल 36000 प्रश्न है। श्री पूज्य श्री शान्तिसागर जी महाराज महाप्रतापी विद्वान,थे, उन्होंने बहुत सारी सिद्धियां प्राप्त कर रखी थी, आयुर्वेद के जानकार थे। आपके पास बड़े-बड़े ठिकानेदार चिकित्सा हेतु आते थे,आपने संवत 1950 में बड़ा उपासरा में ही सशरीर समाधि ली , उस स्थान बनाई गई छतरी में श्री पूज्य श्री शान्तिसागर जी महाराज के पगलिए प्रतिष्ठित है,जो अति चमत्कारी है। पंचकल्याणक पूजा में श्री पार्श्वनाथ भगवान के च्यवन,जन्म,दीक्षा, केवल्य ज्ञान और मोक्ष कल्याणक की संगीतमय स्तवना की जाती है। परमात्मा केवल्य ज्ञान होने के बाद शासन की स्थापना करते हैं अत: इस पूजा के बाद धर्मध्वजा चढ़ाई जाती है और मोक्ष कल्याणक पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया जाता है। इससे पूर्व प्रात: 8 बजे से स्नात्र पूजा द्वारा भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया जाता है। मूर्ति श्री पार्श्वनाथ ट्रस्ट के श्री शुभम लोढा ने बताया कि इस आयोजन में सकल श्वेताम्बर जैन समाज के श्रद्धालु शामिल होंगे।

# भारतीय जनता पार्टी नैनवां शहर मंडल अध्यक्ष पर चला आ रहा विवाद का सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पटाक्षेप हुआ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** भारतीय जनता पार्टी नैनवां शहर मंडल अध्यक्ष पर चला आ रहा विवाद का आज सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पटाक्षेप हो गया।

गत 14 मई को भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व जिला संगठन प्रभारी युगल शर्मा की सहमति से अनिल शर्मा को नैनवां मंडल का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया था। शर्मा की नियुक्ति से नाराज संगठन के एक धड़े ने 25 मई को बैठक कर केसर लाल नोगिया को नैनवां शहर का मंडल अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। संगठनात्मक नियुक्ति के विरुद्ध नोगिया के मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के पार्टी दो धड़ो में बंट गई थी। गत दिवस नैनवां में आयोजिय तिरंगा यात्रा के उपरांत भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल मीणा, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी बील्या सहित स्थानीय नेताओं की उपस्थित



में हस्तक्षेप कर मामले को विराम देकर संगठन हित मे कार्य करने को कहा। इस सम्बंध में शुक्रवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में केसर लाल नोगिया ने अपना मत स्पष्ट कर संगठन हित मे अपना श्रेष्ठतम योगदान देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भावनात्मक रूप से विचलित हुआ था, लेकिन मेरी पूरी निष्ठा संगठन व संगठन हित मे लिए जाने वाले निर्णयों में हैं। पार्टी ने हमेशा सम्मान देते हुए विभिन्न उत्तरदायित्व दिए हैं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने नोगिया का माल्यार्पण व मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। पूर्व जिलाध्यक्ष कुंज बिहारी बील्या, शहर अध्यक्ष राज कुमार श्रृंगी, पूर्व जिला प्रवक्ता संजय लाठी, वरिष्ठ नेता शम्भू दयाल जांगिड़, नैनवां के पूर्व पालिकाध्यक्ष पुखराज ओसवाल, युवा मोर्चा, नैनवां के पूर्व शहर अध्यक्ष विनोद साहू आदि उपस्थित रहें।

# बूंदी से सवाई माधोपुर वाया हिंडोली रोड़वेज सेवा बंद करने से यात्री परेशान

बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह ) ।** लंबे समय से संचालित बूंदी डिपो की बूंदी -हिंडोली -जजावर- नैनवां रोड़वेज बस बूंदी आगार द्वारा अचानक बंद कर दिए जाने से हिंडोली- नैनवां विधानसभा क्षेत्र के लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार भाजपा के युवा नेता दीक्षांत सोनी की कोशिश के साथ साथ क्षेत्रवासीयो की मांग पर जनहित में विधायक अशोक चांदना ने अपने पूर्व कार्यकाल मे मंत्री रहते हुए इस रूट पर बूंदी से नैनवां तक दो रोड़वेज बस सेवाएं शुरु करवाई थी जिससे इस क्षेत्र के लोगों को अच्छी सुविधा एवं निगम को अच्छा राजस्व प्राप्त हो रहा था इसके बाद बूंदी डिपो द्वारा इन बसों मे से एक बस को बूंदी से सुबह साढे सात बजे इसी मार्ग पर सवाई माधोपुर तक बढाकर वहां से शाम को साढे तीन बजे वापसी बूंदी के लिए कर दिया था जिससे इस बस का क्षेत्रवासीयो के लिये बहुत महत्व हो गया था लेकिन बूंदी डिपो द्वारा क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण एवं आवश्यक बस सेवा को बसों की कमी बताकर अचानक चलती हुई बस को 10-15 दिन से बंद कर रखा है जिसकी वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के रोनीजा, जजावर, सीसोला , गोठड़ा गांवो के कई ग्रामीणो एवं प्रबुद्धजनो ने बताया कि इस बस को यात्री भार अच्छा मिलने के बावजूद आगार प्रशासन द्वारा बस सेवा को बंद करना जनहित में उचित नही लग रहा। इस बस सेवा के बंद हो जाने से 15दिन से रोजाना सेंकड़ौ यात्री परेशान हो रहे है एवं यात्रियों को मजबुरी में अवेध साधनो से यात्रा करना पड़ रहा है। लेकिन डिपो प्रशासन ध्यान नही दे रहा। उधर इस मामले मे भाजपा नैनवां देहात मंडल अध्यक्ष राधाकिशन सैनी, सीसोला के पूर्व पंचायत समिति सदस्य मुकेश नागर, धाकड़ महासभा के जिलाध्यक्ष एवं छाबडियों का नयागांव के पूर्व सरपंच पोखरलाल नागर, मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा नेता दीक्षांत सोनी ने बताया कि बूंदी डिपो ने इस बस सेवा को यथावत संचालित नही किया तो जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी । उधर इस मामले में बूंदी डिपो के मुख्य आगार प्रबंधक घनश्याम गौड़ ने बताया कि बसों की कमी के चलते सेवाएं प्रभावित हो रही है लेकिन इस बस सेवा को 1 जून से वापिस चालू कर देंगें ।

# मुख्य सड़क पर बना गड्ढा आमजन के लिए बना मुसीबत

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के डग चौमहला मुख्य सड़क पर गंगधार दरवाजे के समीप एक बड़ा गड्ढा आमजन ओर वाहन चालकों के लिए मुसीबत बना हे जहां कई बार बाइक चालक नियंत्रण खोकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हे आपको बता हे सड़क के जिस स्थान यह गड्ढा बना हे वह मोड पर हे वही यह रहवासी ओर व्यवस्ततम क्षेत्र होने से कभी भी बड़ा हादसा होने का डर बना होता हे जूस सेंटर चलाने वाले लखन कुमावत का कहना हे यहां कई बार बाइक चालक दुर्घटना के शिकार होते हे बाईक पर महिला बच्चे कई बार चोटिल होते हे उनका कहना हे पास ही प्रहरी हनुमान मंदिर होने से ईश्वरीय कृपा



से कोई बड़ा हादसा अब तक नहीं हुआ, गल्ला व्यापारी नाजिर खान ने कहा कि थोड़ी सी बारिश होने पर गड्ढे में पानी भर जाता हे और बड़े वाहन निकलते हे तो कीचड़ दुकान के अंदर तक चला जाता हे, वही छोटे वाहन चालक आए दिन गिरते रहते हे, जानकारों की अगर माने तो यह गड्ढा जलदाय विभाग द्वारा पाइप लाइन लीकेज ठीक करने के लिए किया गया था मगर लाइन ठीक करने के बार विभाग ने गड्ढा बंद करने के नाम पर लिपा पोती कर दी जो थोड़े ही दिनों में सड़क फिर से उखड़ गई। उक्त मामले में पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता जितेन्द्र वर्मा से बात की तो साहब में पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उक्त सड़क आरएसआरडीसी के अंतर्गत हे आप उनके अधिकारी से बात करे। लोगों का कहना हे बारिश सिर पर हे और गड्ढा समय पूर्व नहीं भरा गया तो घुमाव दार मोड पर बने होने के कारण कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती हे प्रशाशन को चाहिए कि समय पूर्व इस रोड को सुधारे वरना क्षेत्र वासी रोड जाम कर आंदोलन करेंगे।

# कोटा शहर मे फल व सब्जियां प्राकृतिक रूप पकी हुई, कोई हानिकारक केमिकल नहीं मिला

## प्रयोगशाला कोटा से प्राप्त रसायन के माध्यम से मोबाइल फूड टेस्टिंग प्रयोगशाला द्वारा सभी को किया पास

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण तथा जिलाधीश महोदय कोटा के निर्देशन पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटा डा नरेन्द्र नागर के नेतृत्व में कोटा जिले में चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत आज कोटा में गैलेक्सी फ्रूट एंड जूस सेंटर तलवंडी विजय फ्रूट एंड ज्यूस सेंटर महावीर नगर चौराहा से विभिन्न होल सेल एंव रिटेल विक्रेताओं के यहां निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान पाया गया कि कोटा फ्रूट मंडी में किसी भी विक्रेता के यहां से कैल्शियम कार्बाइड या ऐसीटीलीन गैस से फल पकाना नहीं पाया गया।



प्रयोगशाला कोटा से प्राप्त रसायन के माध्यम से मोबाइल फूड टेस्टिंग प्रयोगशाला द्वारा सभी 5 होल सेलर के यहां मौके पर फलों को एसिटीलिन गैस से पकायें जाने की जांच की गई और किसी भी स्थान पर फलों को एसिटीलिन गैस से नहीं पकाया जाना पाया गया। साथ ही रिटेलर फल सब्जी विक्रेताओं के यहां भी फल , सब्जी की जांच की गई,अलग अलग स्थानों से 15 फल सब्जियों आम , पपीता , ,तरबूज, खरबूजा अनार, ,खीरा, ककड़ी के नमूने खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिये गये जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला कोटा भेजा गया रिपोर्ट, प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

उपरोक्त कार्यवाहियों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चंद्रवीर सिंह जादौन, संदीप अग्रवाल, शामिल रहे।

# कार्यवाही करे सरकार नही तो सड़को पर होगा आंदोलन: भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा

## नकली डीएपी खाद की जाँच व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही हो : मनोज दुबे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर पुरे देश में नकली डीएपी खाद की जाँच कराने व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए डबल इंजन की भाजपा सरकार में दोहरी लूट और किसानों के साथ हो रहे धोखे को बेहद शर्मनाक बताया है। राजस्थान सरकार के मंत्री द्वारा नकली डीएपी खाद बनाने की फैक्ट्रीयों को पकड़ना बड़ा गंभीर मामला है। जब केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री के संसदीय क्षेत्र किशनगढ़ में ही नकली डीएपी खाद का धंधा जोरों पर हो और किसानों के साथ विश्वासघात किया जा रहा हो, तो बाकी देश में क्या हाल होगा? पुरे देश में किसानों को नकली डीएपी बेचा जा रहा है।डीएपी खाद की भारी किल्लत के बीच खाद माफियाओं के हौसले बुलंद है। दुबे ने कहा की नकली खाद तैयार करना केवल मिलावट नहीं, बल्कि अन्नदाता के साथ घोर अन्याय है। अपने खून पसीने से खेतों को सींचने वाले किसानों भाइयों के भरोसे से ऐसा विश्वाशघात करने वाले अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना जाएगा। इनके खिलाफ ऐसी कड़ी कार्रवाई की ताकी आगे से कोई ऐसा अपराध करने की सोचे भी नहीं। मनोज दुबे ने कहा की भाजपा सरकार के डीएपी खाद उपलब्ध करवाने में नाकाम रहने का फायदा नकली नकली डीपी खाद बनाने वाले किसानों के दुश्मनों ने उठा रखा है। मुख्यमंत्री प्रदेश में नकली खाद प्रकरण में लिप्त सभी आरोपियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाकर किसानो के साथ न्याय दिलाये। महासभा के अध्यक्ष ने मांग करते हुए चेतावनी सी है कि अगर इस प्रकरण को तुरन्त संज्ञान में लाकर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो किसान सरकार के खिलाफ सड़को पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

## मेज नदी में डूबने से दो सगे भाइयों की हुई थी मौत

# विधायक व सामाजिक संघठनो ने बंधाया ढांढस आर्थिक सहायता राशि सोपी



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र के डडवाडा गांव में सोमवार को मेज नदी में नहाते वक्त डूबने से दो सगे भाई इशांत व रितिक की मौत हो गई थी। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक व सामाजिक संघठनो ने मृतकों के घर पहुच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। विधायक सी एल प्रेमी ने निजी तौर पर 21000 की सहायता राशि का चेक मृतक बालको के पिता मुरलीधर सुमन को सोपा ओर मौके पर उपखण्ड अधिकारी से पीड़ित परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच बदरी लाल मीणा कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष राम लक्ष्मण मीणा सहकारी अध्यक्ष राजेंद्र मीणा समाजसेवी भंवरलाल प्रजापति अजय बैरागी बरधी लाल सुमन आदि मौजूद रहे ।

**माली समाज के संघठन ने भी की आर्थिक सहायता :** माली समाज के जागरूक लोगो ने पीड़ित परिवार के लिये सहायता हेतु अभियान चलाकर राशि एकत्रित की जिसमे माली समाज युवा मोर्चा प्रदेश सचिव हेमन्त सुमन ने 11700 व कापरेन से माली समाज संघठन ने 10000 हजार समेत कुल 2170प रुपये की आर्थिक सहायता राशि सोपी समाज के महासचिव बनवारी लाल सुमन सयोजक योगेश सुमन कापरेन अध्यक्ष मदन लाल सुमन प्रदीप सुमन मोहन लाल टीकाराम जितेंद्र सुमन आदि ने मृतक बालको के घर पहुच पर अपनी सवेंदनाये भी व्यक्त की ओर सरकार से सरकारी सहायता के लिये संघर्ष में साथ रहने का आस्वासन दिया।

# दो कंटेनरों की आमने सामने की हुई भिड़ंत, दोनो कंटेनर के ड्राइवर गंभीर घायल

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी( नि.स. )।** शुक्रवार को डीएवी स्कूल के समीप से गुजरने वाले कोटा लालसोट मेघा हाइवे पर दो कंटेनर आपस में भीड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को पांच बजे लगभग कोटा की तरफ से जा रहा कंटेनर शहर के डीएवी स्कूल के पीछे स्थित बाई पास घूम पर स्थित धर्म कांटे के सामने सवाईमाधोपुर की तरफ से आ रहे कंटेनर से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कंटेनर के ड्राइवर सीट पर ही



फंस गए थे। आस पास से गुजर रहे वाहन चालकों तथा स्थानीय लोगों ने काफी कोशिश के बाद ड्राइवरों को निकाल कर चिकित्सालय पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने ड्राइवरों का प्राथमिक उपचार कर इलाज के लिए आगे रेफर कर दिया। दोनों कंटेनरों में ड्राइवर ही गाड़ी चला रहे थे खलासी नहीं थे। टक्कर के बाद रोड के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# बाड़ी में 38 करोड़ की जल योजना अटकी : 18 महीने का काम 34 महीने बाद भी अधूरा, विभाग ने लगाया 38 लाख का जुर्माना



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी शहर में स्वच्छ जलाशयों की क्षमता बढाने और जल वितरण प्रणाली के पुनर्गठन की योजना अधर में लटकी है। जुलाई 2022 में शुरू हुई 38 करोड़ रुपए की इस योजना का शिलान्यास तत्कालीन विधायक गिरिराज मलिंगा ने किया था।

18 महीने में पूरा होने वाला काम 34 महीने से अधूरा जलदाय विभाग के एक्सईएन देशराज गुर्जर ने बताया-शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह योजना बनाई गई। आगरा की देव कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह काम दिया गया। योजना में छह पेयजल टंकी, दो स्वच्छ जलाशय, 30 नलकूप और 110 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का काम है। 18 महीने में पूरा होने वाला काम 34 महीने बाद भी अधूरा है। अब तक तीन पेयजल टंकियों का काम आधा है। दो स्वच्छ जलाशय लगभग पूरे हुए हैं। 29 नलकूप खोदे गए हैं। 110 किलोमीटर में से आधी से कम पाइप लाइन बिछाई गई है।

**विभाग ने जारी किए कई नोटिस :** विभाग ने ठेकेदार को कई नोटिस जारी किए हैं। 38 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है, फिर भी काम की गति में सुधार नहीं आया है। इससे शहरवासी और विभागीय अधिकारी परेशान हैं। दूसरी और मामले को लेकर देव कंस्ट्रक्शन कम्पनी के प्रोजेक्ट इंचार्ज श्याम चौधरी का कहना है कि स्थानीय लोग काम में बाधा डाल रहे हैं। अंदाना पैलेस और कीड़ी में टंकी बनाने नहीं दी जा रही। दिन में काम करने की मनाही है। रात में काम करना भी मुश्किल है। भूमिगत बिजली लाइन के कारण रात में काम में खतरा है।

**वहीं आधी भी नही बिछी पाइपलाइन :** शहर के विभिन्न क्षेत्र में 110 किलोमीटर बिछाई जानी है। जिसमे से अभी तक 49 किमी एरिया में ही पेयजल पाइप लाइन डाली गई है। ऐसे में लगातार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ में काम में लापरवाही को लेकर 38 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया जा चुका है। काम की पूरी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को बार-बार रिपोर्ट भेजी जा रही है।

**शहरी जल योजना में यह परेशानी आ रही सामने :** एक्सईएन देशराज गुर्जर ने बताया-शहरी जल योजना के काम में कई जगह परेशानी भी आ रही है। शहर में प्रस्तावित छह पेयजल टंकियों में से महाराज बाग ऑफिस, पंचायत समिति और टोटरी मोड़ बटर बॉक्स पर तीन टंकियों का निर्माण जारी है, लेकिन अंदाना पैलेस पर टंकी निर्माण के लिए जगह ही नहीं मिल रही। पूर्व प्रस्तावित जगह पर नागरिकों ने विरोध कर दिया। वहीं धनोरा रोड रेलवे ट्रैक के पास प्रस्तावित जगह के लिए रास्ता ही नहीं है।

**इनका ये कहना :** मामले को लेकर जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता देशराज गुर्जर का कहना है कि ठेकेदार के कार्य में गति नहीं होने और टेंडर समय गुजरने के बाद भी कार्य में तेजी से नहीं लाने के कारण कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं। पेनल्टी की भी कार्रवाई की गई है। ठेकेदार के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट पेश कर अवगत कराया गया है।

### कम्पनी का आरोप, लोग नही करने दे रहे काम

मामले को लेकर देव कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट इंचार्ज श्याम चौधरी ने बताया कि यहां लोग काम नहीं करने दे रहे हैं। जिस एरिया को भी कम के लिए दिया जाता है वहीं प्रॉब्लम क्रिएट हो जाती है। टंकी बनाने को लेकर अंदाना पैलेस और कीड़ी में चिह्नित जगह पर काम नहीं होने दिया जा रहा। वहीं दिन में काम करने की मनाही है। रात में काम करने में भी परेशानी खड़ी की जाती है। जिसको सुनने वाला कोई नहीं है। शहर की सड़कों में भूमिगत बिजली लाइन पड़ी है। ऐसे में रात में काम करने में खतरा है।

# गांव-गांव पहुंचा विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों को सिखाए आधुनिक खेती के गुर



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़,( राजेश खारडू )।** किसानों की आय को बढ़ाने और खेती को टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा खरीफ पूर्व विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत हनुमानगढ़ जिले में हो चुकी है। इस अभियान की अगुवाई कृषि विज्ञान केंद्र नोहर द्वारा की जा रही है। गुरुवार को नोहर और भादरा तहसील के विभिन्न गांवों में कृषि वैज्ञानिकों की टीमों ने किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों से अवगत करवाया। नोहर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चक सरदारपुरा और सोती बड़ी में आयोजित कैंपों में केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. अशोक चौधरी ने खरीफ मौसम की प्रमुख फसलों की उन्नत खेती तकनीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रभावी उपयोग और प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में जानकारी दी। कृषि अधिकारी श्री राकेश कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, और सब्सिडी आधारित बागवानी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र की दूसरी टीम ने डॉ. सुरेश चंद कांटवा के नेतृत्व में भादरा तहसील के नेठराना, भरवाना, और खचवाना गांवों में शिविर लगाए। यहां किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खाद और मृदा जांच की आवश्यकता के बारे में जागरूक किया गया। बागवानी विशेषज्ञ डॉ. गुलाब चौधरी ने नींबू वर्गीय फलों, काचरी और काकड़िया जैसी बारानी फसलों की वैज्ञानिक विधियों से खेती पर जोर दिया। किसानों को बागवानी में आने वाली समस्याओं का समाधान भी उसी समय पर प्रदान किया गया।

# पैमाइश करने पहुंची राजस्व टीम : राजस्व टीम पर हमला करने के आरोप में प्राथमिक की दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना तहसील के नयागांव खुर्द गांव में शुक्रवार को खेतों की पैमाइश करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम पर आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने न केवल टीम के साथ मारपीट की, बल्कि महिला पटवारी के साथ बदसलूकी करते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित भी किया। इस दौरान टीम के सरकारी दस्तावेज भी फाड़ दिए गए और पैमाइश कार्य में जबरन बाधा डाली गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिससे राजस्व कर्मचारियों में भारी रोष है।

**आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की :** घटना के विरोध में शुक्रवार शाम तहसीलदार अंकुर जैन व नायब तहसीलदार वैशाली धाकड़ के नेतृत्व में राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर एसएचओ बाबूलाल गुर्जर से मुलाकात की और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान कानून को संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र पाराशर, पटवार संघ के तहसील अध्यक्ष उपस्थित रहे। प्राप्त जनकारी अनुसार भरतपुर के भू-प्रबंध अधिकारी और तहसीलदार बयाना के आदेश पर वे पटवार हल्का महलौनी की महिला पटवारी दीपा मीना, पटवारी विश्वेंद्र सिंह, सचिन खंडेलवाल और शांतनु कुमार के साथ खेतों की पैमाइश करने पहुंचे थे। टीम जैसे ही खेतों की माप कर रही थी, उसी दौरान गांव निवासी बंटी पुत्र सुगर सिंह अपने साथियों गौरव, राकेश, राहुल, पिंटू, लोकेश और ओमसिंह के साथ मौके पर पहुंचा। उन्होंने पैमाइश रुकवाने की कोशिश की। जब टीम ने उन्हें सरकारी आदेश दिखाए, तो आरोपी भड़क गए और लात-घूंसों से हमला कर दिया। महिला पटवारी के साथ अभद्रता करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और सरकारी रिकॉर्ड छीनकर फाड़ दिए गए।

**इनका कहना है :** राजकार्य में बाधा, मारपीट, अभद्रता और एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

**बाबूलाल गुर्जर**
**कोतवाली प्रभारी**

# वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण पर कार्यशाला

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण पर अटल वयो अभ्युदय योजनान्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ.अमित यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में अपना घर आश्रम से डॉ. बी.एम भारद्वाज, पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष डोरी लाल शर्मा भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजित कार्यशाला में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक श्याम सुंदर शर्मा एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रामरतन व विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे-योग एवं ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य और निवारक देखभाल, पोषण और स्वस्थ रूप में वृद्धावस्था, सामाजिक सुरक्षा लाभों के बारे में जागरूकता, वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम और प्रतिक्रिया, सामाजिक जुडाव और समय प्रबंधन के लिए रणनितियां एवं वित्तीय योजना तथा डिजिटल साक्षरता इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान अन्तर पीढिगत संवाद सत्र के अन्तर्गत कई प्रकार की मनोरंजक गतिविधियों एवं खेलों का आयोजन भी किया गया। उपस्थित सभी वृद्ध जनों से उनके कल्याण हितार्थ सुझाव मांगे गए जो संबंधित विभागों द्वारा समयबद्ध रूप से पूर्ण किये जाने का आश्वासन दिया। अंत मे जिला प्रशासन द्वारा कार्यशाला में पधारे सभी वरिष्ठ नागरिको का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यशाला का समापन किया गया।

## बिजली चोरी के खिलाफ डिस्कॉम का अभियान दूसरे दिन भी जारी

# शहर की अवस्थी कॉलोनी और मलक पाड़ा क्षेत्र में चलाया अभियान, एक दर्जन बनाये मामले

### साढ़े छह लाख रूपये का किया जुर्माना,मोके से सवा लाख रुपये वसूले

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में बिजली चोरी को लेकर डिस्कॉम की कार्यवाही दूसरे दिन भी जारी रही। शुक्रवार को शहर के मलक पाड़ा और अवस्थी कॉलोनी में डिस्कॉम के सहायक अभियंता के नेतृत्व में टीम ने एक दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। जिसमे एक निजी हॉस्पिटल भी शामिल है। सभी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए करीब साढ़े छह लाख का जुर्माना किया गया है। टीम ने विधुत चोरी के मामले में मौके पर ही करीब सवा लाख रुपये की वसूली की है। डिस्कॉम की सहायक अभियंता आरडी मीणा ने बताया कि विद्युत चोरी को लेकर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज शुक्रवार को शहर के मलक पाड़ा और अवस्थी कॉलोनी क्षेत्र में बिजली चोरी को लेकर अभियान चलाया गया।

जहां अवस्थी कॉलोनी से पांच लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिसमें एक निजी अस्पताल भी शामिल है। मौके पर चार लाख 34 हजार का जुर्माना किया गया। जिसमें एक लाख 26 हजार रुपये मौके पर ही जमा कराए गए हैं। शेष लोगों को एक सप्ताह का समय दिया है। राशि जमा नहीं करने पर एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। वही शहर के मलक पाड़ा क्षेत्र में भी अभियान के तहत सात लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा है। जिन पर करीब दो लाख का जुर्माना किया गया है। बिजली चोरी का अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान कनिष्क अभियंता जगदीश मीणा,टेक्निकल टीम के नीतेश कुमार,लोकेंद्र सिंह,धनीराम वर्मा,ओमवीर,सोहन सिंह,कल्याण, रामधन एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कंचनपुर के घड़ी सुक्खा पर अनियंत्रित ट्रेक्टर ने मारी युवक को टक्कर, उपचार के दौरान आगरा में हुई युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के गढ़ी सुक्खा गांव के चौराहे पर गुरुवार को दिन में सड़क दुर्घटना हो गई। एक अनियंत्रित ट्रेक्टर ने मौसी के घर आये सड़क किनारे खड़े एक युवक को कुचल दिया। दुर्घटना के बाद घायल युवक को सैपऊ सीएचसी से जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया। जिला अस्पताल में युवक की तबियत में सुधार नही हुआ तो उसे परिजन आगरा ले गए। जहां उपचार के दौरान देर रात युवक की मौत हो गई। ऐसे में परिजन शव को लेकर बाड़ी अस्पताल आये। जहां शुक्रवार को कंचनपुर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया हैं। मृतक के बड़े भाई ने घटना को लेकर कंचनपुर थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई राजकुमार ने बताया कि उनका छोटा भाई 18 वर्षीय बादल पुत्र राजकिशोर जाटव निवासी रतनपुर थाना कोलारी गुरुवार को दिन में अपनी मौसी के घर घड़ी सुक्खा गांव आया था। बस से उतरने के बाद वह सड़क किनारे खड़ा हुआ था। इस दौरान सैपऊ से बाड़ी की ओर जा रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। दुर्घटना में घायल को पहले ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सैपऊ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां पर परिजन भी पहुंच गए। इसके बाद सैपऊ से जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी जब तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो उसे आगरा निजी अस्पताल लेकर गए। जहां गुरुवार की रात उसकी मौत हो गई। ऐसे में शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया और पुलिस को सूचना दी। शुक्रवार को कंचनपुर पुलिस ने मृतक बादल पुत्र राजकिशोर जाटव के शव का पोस्टमार्टम कराया है और शव परिजनों को सौंप दिया है।

# पैसे लेकर शादी करवाने वाले गिरोह से पीछा छुड़वाने की अपील एसपी को दिया शिकायती पत्र



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा को शिकायती पत्र लिखकर बहादुरपुर निवासी युवक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया है कि 30 अप्रैल 2025 को उनके छोटे भाई राजू की शादी राखी पत्नी हरिओम एवं उनके रिश्तेदार विष्णु निवासी आंगई की उपस्थिति में करवाई थी, तथा शादी के बदले 1लाख 65 हजार दिए थे, यह एक संगठित मानव तस्कर गिरोह है जो पैसे लेकर शादियां करवाता है। बाद में यही लोग लड़कियों को किसी न किसी माध्यम से निकालने का प्रयास करते हैं तथा दूल्हा पक्ष के लोगों को दबाव में लेकर पैसे बसूलते हैं। वर्तमान में हम भी इसी तरह के एक मामले से पीड़ित है, अभी कुछ दिन पहले गिरोह के सदस्य ने पुलिस में हमारे खिलाफ सूचना दी लेकिन पुलिस को जब सच्चाई पता चली और शादी कर हमारे घर आई लड़की सोनाई दास ने हमारे पक्ष में बयान देकर बापिस हमारे घर आई है, आज इसी गिरोह के तीन पुरुष और एक महिला हमारे छोटे भाई की बहू को बहला फुसला कर जबरन ले जाने के लिए गांव में पहुंचे हैं, जिन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाए। वही जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट देने के बाद सदर थाना बाड़ी पुलिस मानव तस्करी गिरोह के तीन पुरुष और एक महिला को पड़कर थाने ले गई है आगे क्या कार्रवाई होती है इसका इंतजार है। अपने पत्र में पीड़ित धर्मेंद्र शर्मा ने गिरोह के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने एवं हमसे ठगे गए 1लाख 65 हजार रुपए वापस दिलवाने का आग्रह किया है।



# श्री अरुट जी महाराज का जीवन समरसता, सेवा एवं संस्कारों का प्रेरणा स्त्रोत : डा. इन्द्रजीत आहूजा

बढ़ता राजस्थान

हनुमानगढ़,( राजेश खारडू )। पीलीबंगा अरोड़वंश सभा, अरोड़वंश महिला मंडल एवं अरोड़वंश युवा मंडल द्वारा श्री अरुट जी महाराज की जयंती शुक्रवार को अरोड़वंश धर्मशाला में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम श्री अरुट जी महाराज की पूजा-अर्चना व तत्पश्चात आरती की गई। सभा के प्रवक्ता विजय बवेजा के अनुसार इस अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की गई। कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने उद्बोधन में श्री अरुट जी महाराज के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। डा. इन्द्रजीत आहूजा ने कहा कि अरुट जी महाराज का जीवन समरसता, सेवा एवं संस्कारों का प्रेरणास्त्रोत हैं, जो हमें सामाजिक एकता, सद्भाव एवं संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। डा. आहूजा ने समाज के सभी लोगों से अरुट जी महाराज के दिखाए पथ का अनुसरण कर समाज में प्रेम, एकता एवं सौहार्द बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर अरोड़वंश सभा सरंक्षक डा. इंद्रजीत आहूजा, सभाध्यक्ष रैमलदास मरेजा, जगदीश बिलंदी, रमन बाघला, राजेन्द्र छाबड़ा, राजीव भूतना, डा. संजीव वढ़ेरा, भूपेन्द्र नागपाल, विजय बवेजा, जे.पी. बलाना, अनिल चिलाना, सुभाष सेतिया, मनीष कुमार व महिला मंडल की अनिता अरोड़ा तथा युवा मंडल के संदीप विलंदी व आर्यन अरोड़ा आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री अरुट जी महाराज चौक पर भी माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई।

# पंचायत समिति पीलीबंगा में स्थाई समिति की बैठक कोरम के अभाव में आज फिर हुई स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़,( राजेश खारडू )।** पंचायत समिति पीलीबंगा में शुक्रवार को प्रात: 11 बजे होने वाली स्थाई समिति की बैठक आज भी कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई। इससे पूर्व 21 मई बुधवार को भी कोरम के अभाव में समिति की बैठक को स्थगित कर दिया गया था। आज होने वाली समिति की बैठक को लेकर जब सीमा संदेश द्वारा 12.50 मिनट पर विकास अधिकारी से उनके कक्ष में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कोरम के अभाव में बैठक को स्थगित कर दिया गया है। इसके उपरांत 12.58 मिनट पर जब पंचायत समिति प्रधान से ही उनके कक्ष में सीमा संदेश ने बैठक को लेकर बात करनी चाही तो उन्होंने कहा कि स्थाई समिति की बैठक चल रही है। करीब 15 मिनट के बाद मैं आपसे बात करूंगी। इस बैठक में पंचायत समिति डायरैक्टर के रूप में अमिता बिश्नोई एवं स्वयं प्रधान अमनदीप कौर बराड़ ही मौजूद थी। इसके अलावा बी.डी.ओ. प्रिया बजाज, सहायक विकास अधिकारी हुक्म सिंह राठौड़ एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे। स्थाई समिति की बैठक में कुल 6 डायरैक्टरों में से कोरम का पूरा होने के लिए 4 का मौजूद होना जरूरी हैं, जबकि मात्र 2 डायरैक्टरों की ही मौजूदगी में पंचायत समिति प्रधान द्वारा पत्रकारों को कहना कि स्थाई समिति की बैठक चल रही है।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री रहे भीलवाड़ा जिले के दौरे पर

# शिक्षा मंत्री ने प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन कक्षा 5 का वर्चुअली परीक्षा परिणाम किया जारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा )** । शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने जहाजपुर के पंचायत समिति कार्यालय से प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन कक्षा 5 का परीक्षा परिणाम वर्चुअल रूप से जारी किया। परीक्षा परिणाम जारी करने के बाद मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान में शिक्षा क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने में योगदान देने वाले शिक्षकों और स्टाफ की सराहना की। उन्होंने बताया कि कक्षा 5 की वर्ष 2025 की परीक्षा का आयोजन 7 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025 तक राज्य भर के 18,598 परीक्षा केंद्रों पर किया गया। इस परीक्षा में कुल 13,30,190 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें से 12,96,495 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 97.47 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक है। छात्रों की उत्तीर्णता दर 97.29 प्रतिशत और छात्राओं की 97.66 प्रतिशत रही। इस प्रकार छात्राओं का परीक्षा परिणाम छात्रों की तुलना में 0.37 प्रतिशत बेहतर रहा। प्रविष्ट सभी परीक्षार्थियों में से 2145 परीक्षार्थियों का परिणाम विभिन्न कारणों से




रोका गया है, जिन्हें अलग से जारी किया जाएगा। कुल 31,550 परीक्षार्थी एक या अधिक विषयों में पूरक श्रेणी में आए हैं, जिनकी पूरक परीक्षा अगस्त माह में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में अंकों का अंकन न करके ग्रेड प्रणाली के अनुसार परिणाम जारी किया गया है। कार्यक्रम के पश्चात मदन दिलावर ने पंचायत समिति कार्यालय में जिले के सभी विकास अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से पूरी तरह स्वच्छ और साफ-सुथरी ग्राम पंचायतों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित की जाए, सार्वजनिक स्थानों पर पॉलिथीन या कचरा न दिखे और रास्तों में गंदा पानी जमा न हो। मंत्री ने आगामी मानसून में शुरू होने वाले हरियालो राजस्थान अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के लिए गड्ढे खुदवाना, स्थान का चयन और अन्य सभी तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं ताकि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप अभियान को सफल बनाया जा सके। सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हरियालो राजस्थान अभियान की समय पर तैयारी की जाए और इसे सफल बनाया जाए। अधिकारी फील्ड में रहकर प्रभावी मॉनिटरिंग करें और पात्र आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरुणा गारू, जहाजपुर पंचायत समिति प्रधान कौशल देवी शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, विकास अधिकारी और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शानदार आगाज, 12 टीम ले रही भाग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा )** । श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत महिलाओं को खेलों में आगे लाने के लिए महेश स्पोर्ट्स एकेडमी में एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। तीन दिवसिय एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता केसर ग्रुप के कमल सोनी - टीना सोनी द्वारा प्रायोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ राष्ट्रगाण के साथ किया गया। उसके पश्चात अतिथीयों द्वारा टॉफीयों का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य खेल प्रभारी कैलाश अजमेरा और अर्चित मूंदड़ा ने बताया कि प्रभारी मधु देवपुरा एवं अंजना मालू के सानिध्य मे यह कार्यक्रम महेश स्पोर्ट्स एकैडमी पर शुरू हुआ है। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि एमपीएल का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती ममता मोदानी एवं पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री शिखा भदादा रहे। साथ ही नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, नगर मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक व पुर्व पार्षद राधेश्याम सोमानी, सह संयोजक केजी राठी, अभिजीत सारडा, प्रहलाद नुवाल, गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड, विनय माहेश्वरी, सुभाष लढ़ा, कैलाश अजमेरा, अर्चित मूंदडा द्वारा सामुहिक रूप से भगवान महेश की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर किया गया।प्रतियोगिता में 12 टीम जिसमें 72 महिलाएं और 24 युवतियाँ भाग ले रही है। जो पिछले कई दिनों से अपने पारिवारिक दायित्व को निभाते हुए प्रैक्टिस कर इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर रही है। प्रभारी कल्पना सोमानी ने बताया कि सह प्रभारी अंकित लखोटिया, पल्लवी लढा, शीतल बिरला, रेनू कोगटा, अंतिमा लाहोटी, सरिता मुंदड़ा, प्रदीप जागेटिया, अंकित सोमानी, सचिन काबरा, अरुण बियानी, भरत सोडाणी आदि के सहयोग से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। हर्ष सोमानी का कमेंट्री में सहयोग रहा। प्रथम मेच सुभाष नगर वर्सेस शास्त्री नगर बी के मध्य आयोजित हुआ। जिसमें शास्त्री नगर बी विजेता रही। दुसरा मैच शास्त्री नगर ए वर्सेस विजय सिंह प्रथिक नगर के बीच हुआ जिसमें शास्त्री नगर टीम विजेता रही। तृतीय मैच चंद्र शेखर आज़ाद नगर वर्सेस पुराना शहर के मध्य हुआ जिसमें चंद्रशेखर आजाद नगर टीम विजय रही। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रीय सभाओं से पधारे अध्यक्ष, मंत्री, महिला संगठन, युवा संगठन के अध्यक्ष व मंत्री व समाज जन उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की किशनगढ़, अजमेर में नकली खाद बनाने वाली फर्मों के खिलाफ दूसरे दिन भी कार्यवाही जारी

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के किशनगढ़ अराई क्षेत्र में 30 मई को कृषि मंत्री डॉ0 किरोड़ी लाल मीणा ने नकली खाद बनाने वाले माफियाओं के खिलाफ अपनी कार्यवाही को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को भी किशनगढ़ के डिंडवाड़ा, उदयपुरकला, तिलोनियां, नालू और बांदरसिंदरी क्षेत्रों में स्थित फैक्ट्रियों में छापेमारी की। यह अभियान लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा, जिसमें मंत्री खुद फैक्ट्रियों में पहुंचे। छापेमारी के दौरान फैक्ट्रियों में मार्बल के चूने और मिट्टी को मिलाकर नकली डीएपी, एसएसपी और पोटाश तैयार किया जा रहा था। खेतों और गोदामों में बनी अवैध फैक्ट्रियों में हजारों ब्राण्ड़ेड नामों



के खाली कट्टे और लेबल मिले। उर्वरकों को ब्राण्ड़ेड कम्पनियों के नाम पर पैक किया जा रहा था और इन कट्टों को गांवों में किसानों को बेचने की तैयारी चल रही थी। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों को उच्च गुणवत्ता युक्त खाद, बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और नकली उर्वरकों पर अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर विशेष गुण नियंत्रण अभियान चलाये जाते हैं।

शुक्रवार को मैसर्स ग्रीन एग्रो इण्डस्ट्रीज एवं राधिका एग्रो इण्डस्ट्रीज बांदरसिदरी पर कार्यवाही प्रगति पर है। इनमें से गुरूवार को 8 इकाईयों पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 28 (1)(डी) के तहत सीज की कार्यवाही की गई तथा शुक्रवार को 2 वैद्य इकाईयों पर कार्यवाही प्रगतिरत है। स्थानीय अधिकारियों सहित राज्य स्तर के अधिकारियों द्वारा मौके पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार लगभग 2798.04 मैट्रिक टन विभिन्न उर्वरक को सीज कर वैधानिक कार्यवाही एवं नमूना आहरण की कार्यवाही की जा रही है। इस क्षेत्र में शेष इकाईयों पर कार्यवाही प्रगति पर है। राज्य के अन्य जिलों में स्थापित शेष इकाईयों 277 पर भी सघन निरीक्षण हेतु जिला अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। 01 अप्रेल 2025 से अब तक उर्वरकों के 1464 नमूनें आहरित किये गये, जिसमें से 136 नमूनें अमानक पाये गये, जिनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। खरीफ फसल पूर्व संघन गुण नियंत्रण अभियान दिनांक 15 मई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें निरीक्षकों द्वारा विक्रेता एवं विनिर्माता के परिसरों को निरीक्षण करने, नमूना आहरित करने एवं अनियमितता पाये जाने पर उनके विरूद्ध आदेश/नियम/अधिनियम के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

# आंधी तूफान और ओले ने मचाई तबाही

## महिला पुरुष घायल एवं तीन बकरियों की हुई मौत

### घायल महिला पुरुष को केकड़ी जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम कनेईकलां , नीमेडा में शुक्रवार को दिन में लगभग ढाई बजे तूफान के साथ ओले गिरे। करीब आधा घंटे तक चले तुफान ने गांव में तबाही मचा दी। गांव में कई मकानों के टीन टप्पड़ उड गये। पैड धराशाही हो गए। पैड के नीचे दबने से दो जने घायल हो गए वहीं तीन बकरियों की मौत हो गई। ग्रामीण विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि तुफान व वर्षा के दौरान पैड गिरने से रामकुमार बैरवा व शांति देवी प्रजापत पैड के नीचे दब कर घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु केकड़ी चिकित्सालय ले जाया गया है। बंबूल के पैड के नीचे दबने से 3 शांति देवी प्रजापत की तीन बकरियां मर गई। वहीं गांव में अधिकांश मकानों में लगे टीन, टप्पड़, लोहे के चद्दर उड़ गए। जिसके चलते जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इसी प्रकार क्षेत्र के ग्राम नीमेडा में भी तुफान से नुकसान की जानकारी मिली है। निमेडा में देवनारायण भगवान का मंदिर बाल बाल बचा । पीपल का पैड



गिरने से मंदिर के ऊपर कलश व छत का अगला हिस्सा पर थोड़ा बहुत नुकसान । करीब आधा घंटे से अधिक चले तूफान से गांव में दहशत का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने सरकार से नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# नवजोत ब्राइट फ्यूचर एकेडमी का 5 वी बोर्ड का परिणाम रहा सर्वश्रेष्ठ



बढ़ता राजस्थान

**सरवाड़-अजमेर ( इकबाल अहमद )।** सरवाड़- के ग्राम गोयला में संचालित नवज्योत ब्राइट फ्यूचर एकेडमी गोयला का आठवीं कक्षा और पांचवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा।दोनों ही कक्षाओं में 100त्न परीक्षा परिणाम रहा। संस्था निदेशक मुकेश कुमार वैष्णव के अनुसार इस बार आठवीं बोर्ड परीक्षा में कुल सोलह छात्र छात्राएं परीक्षा में प्रविष्ट हुए परीक्षा परिणाम में, ग्रेड सात और क्क ग्रेड नौ छात्र छात्राओं ने प्राप्त कर सफलता हासिल की इसी तरह पांचवीं बोर्ड परीक्षा में प्रविष्ट हुए इकतालीस छात्र छात्राओं ने, ग्रेड छब्बीस और क्क ग्रेड पंद्रह छात्र छात्राओं ने प्राप्त कर सफलता हासिल कर विधालय और गांव का नाम रोशन किया। पूरे विद्यालय परिवार के स्टाफ देवेंद्र लक्षकार रामेश्वर बैरवा,मधु शर्मा, हेमलता कालोत, टीना प्रजापत और अभिभावकों और ग्रामीणों ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई शुभकामनाएं दी साथ ही विद्यालय परिवार को भी बधाई शुभकामनाएं दी कहा कि आपके कुशल मार्गदर्शन मेहनत से ही छात्र छात्राओं ने मेहनत से पढ़ाई कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया। ग्रामीणों औम सिंह राठौड़ महेंद्र खटीक सरपंच रामदेव गुर्जर मनीष शर्मा सुरेश सिंह कोशल सैन रतन सिंह भगवत सिंह राठौड़ शिवराज जाट भाया बन्ना पृथ्वी बन्ना सुरेन्द्र जांगिड पिरु खटीक सहित ग्रामीणों ने श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम की बधाई दी।

जल स्वावलम्बन पखवाड़ा

# जल स्वावलम्बन पखवाड़े में गतिविधियां आयोजित करने के दिए निर्देश

## अजमेर जिला कलक्टर लोक बन्धु ने वीसी के माध्यम से निर्देश प्रदान किए

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 30 मई को जल स्वावलम्बन पखवाड़े में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के लिए जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने वीसी के माध्यम से निर्देश प्रदान किए। वे वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि आगामी मानसून में वर्षा जल के अधिक से अधिक संग्रहण तथा विद्यमान जल स्त्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए 5 जून से 20 जून तक जल स्वावलम्बन पखवाड़ा मनाया जाएगा। 5 जून को गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जल स्वावलम्बन पखवाड़े का शुभारम्भ होगा। गंगा दशमी पर प्रत्येक ग्राम एवं शहर में समस्त विभागों द्वारा जल स्त्रोतों, नदियों, जल धाराओं एवं तालाबों पर पूजन कर कलश यात्रा, जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान एवं अन्य कार्यकम आयोजित होंगे। 6 जून निर्जला एकादशी पर विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित एवं



प्रस्तावित जल संग्रहण संरचनाओ का लोकार्पण एवं नई संरचनाओं का शुभारम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल स्वावलम्बन पखवाड़े के अन्तर्गत मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान, जल शक्ति अभियान-जन सहभागिता जन-भागीदारी, हरियालो राजस्थान एवं कर्म भूमि से मातृ भूमि आदि अभियानों में जन भागीदारी पर विशेष बल देकर इन्हे जन आंदोलन की ओर अग्रसर करने का कार्य किया जाएगा। स्थानीय जनप्रतिनिधि, समस्त राजकीय कर्मचारी, आमजन एवं स्वयंसेवी संगठन की भागीदारी सुनिश्चित रहेगी। जिला स्तर पर जिला कलक्टर को, उपखण्ड स्तर पर उपखण्ड अधिकारी को तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक आयोजित होने वाला गतिविधियों का दस्तावेजीकरण किया जाना आवश्यक है। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अभिषेक खन्ना, अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़, ज्योति ककवानी, श्रीमती वंदना खोरवाल, अजमेर उपखंड अधिकारी श्रीमती पदमा देवी उपस्थित रहे। सभी उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार वीसी के माध्सम से जुड़े।

# भिनाय : जय गुरुदेव आश्रम में 5 दिवसीय अखंड साधना शिविर शुरू

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय स्थानीय जय गुरुदेव आश्रम एवं सत्संग स्थल में शुक्रवार से 5 दिवसीय अखंड साधना शिविर का आयोजन शुरू कर दिया गया है। व्यवस्थापक धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि जय गुरुदेव आश्रम उज्जैन के प्रमुख मुख्य परम पूज्य संत श्री उमा कांत जी के आदेशानुसार 5 दिवसीय अखंड साधना शिविर में शुक्रवार को भजन, ध्यान व सुमिरन में विभिन्न गांवों के 100 से अधिक महिला पुरुष सत्संगियों ने भाग लिया। यह अखंड साधना शिविर दिन रात जारी रहेगा। उक्त शिविर में बांदनवाड़ा के कैलाश प्रजापत, ढाणी के गौतम रायका, पिपलिया के नंद किशोर लक्षकार, हीरापुरा के रघुनाथ जी रावत, भिनाय के उगमा जी गूर्जर, गोवलिया के भाग चंद रावत,रेण के छगन लाल जाट, उदयगढ़ खेड़ा के नारायण सिंह रावत, आदि सत्संगी शिविर में अपनी सक्रिय निस्वार्थ भाव से सेवाएं दे रहे हैं। भिनाय के जय गुरुदेव आश्रम के व्यवस्थापक श्री प्रजापति ने धर्म प्रेमियों से उक्त अखंड साधना शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक ओर आध्यात्मिक लाभ व पुण्य अर्जित करने का आग्रह किया है।

# बाल सम्प्रेषण गृह, किशोर गृह पालड़ी एवं सखी सेंटर का सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आज अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा विशाल भार्गव द्वारा पालड़ी स्थित बाल सम्प्रेषण गृह, सुरक्षित स्थान, किशोर गृह, शिशु गृह एवं सखी सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव भार्गव द्वारा अधीक्षक श्री गौरव सारस्वत से बाल सम्प्रेषण गृह में निवासरत किशोरों के स्वास्थ्य, चिकित्सा सुविधाओं, खाद्य एवं स्वच्छता व्यवस्था, आवासीय वातावरण तथा बालकों के अधिकारों की रक्षा संबंधी प्रबंधों की विस्तृत जानकारी ली गई। इसके पश्चात उन्होंने एवरेस्ट आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने प्रबंधक कल्पना जौहरी से बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

भार्गव ने सखी सेंटर का भी निरीक्षण किया और प्रबंधक सुमन शर्मा से वहाँ आने वाली पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं के समाधान हेतु संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों, पीड़िताओं को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं, पुलिस सुरक्षा, कानूनी सहायता तथा अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# विधानसभा स्तर पर संविधान बचाओ रैलियों की तिथियां घोषित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा ( अमित शर्मा )** । एआईसीसी एवं पीसीसी के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में संविधान बचाओ रैलियों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा नियुक्त विधानसभा के ब्लॉक पर्यवेक्षकों ने रैली की तिथि, स्थान आदि को लेकर स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की और अपनी रिपोर्ट जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी को प्रस्तुत की है। चंद्रप्रकाश अमरवाल ने बताया कि प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने विधानसभावार रैलियों की तिथियों की घोषणा की है। आसींद में 1 जून, गुलाबपुरा में 2 जून, गंगापुर में 4 जून, शाहपुरा में 5 जून, मांडलगढ़ में 6 जून तथा मांडल में 8 जून को रैलियों का आयोजन किया जाएगा। जहाजपुर विधानसभा में रैली की तिथि राष्ट्रीय सचिव की अनुकूलता के अनुसार घोषित की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों में आसींद में अनिल राठी, हुरड़ा में अविनाश शर्मा, शाहपुरा में कैलाश सेन, बनेड़ा में एडवोकेट भैरूलाल बैरवा, मांडल में विकास सुवालका, करेड़ा-बागोर में धर्माराम रायका एवं गोपाल तिवारी, मांडलगढ़-बिजौलियां में मंजू पोखरना, सहाड़ा में महेश सोनी तथा रायपुर में मनोज पालीवाल शामिल हैं।

# चौथी बार फाइनल में पहुंची आरसीबी

## तीन बार टूट चुका है दिल, इस बार किससे खतरा



नई दिल्ली।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को पंजाब किंग्स को हराकर नौ साल बाद एक बार फिर आईपीएल फाइनल में जगह बना ली है। रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली बेंगलुरु की टीम ने जारी सीजन में 15 मैच खेले हैं और 10 में जीत हासिल की है। आईपीएल के इतिहास में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने चौथी बार फाइनल में जगह बनाई। हालांकि पिछली तीन बार रॉयल बेंगलुरु का दिल टूटा है। वहीं पंजाब किंग्स को हारने के बावजूद फाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलेगा, श्रेयस अय्यर के नेतृत्व वाली पंजाब किंग्स की टीम दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी।

### चौथी बार बेंगलुरु ने फाइनल में बनाई जगह

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल के इतिहास में चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 2009 में पहली बार फाइनल तक का सफर तय किया था लेकिन डेक्कन चार्जर्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। डेक्कन ने 6 रन से ये मैच जीता था। 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टीम को हार मिली थी। चेन्नई ने 58 रनों से ये मैच जीता था। 2016 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम शानदार फॉर्म में थी लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 8 रनों से रोमांचक मुकाबला जीतकर पहली बार चैंपियन बनी थी।

### इस बार किससे खतरा

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने फाइनल में जगह पक्की कर ली है, जहां उसका सामना पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस या मुंबई इंडियंस से हो सकता है। मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच एलिमिनेटर 30 मई को मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में ही खेला जाएगा। ये मैच जीतने वाली टीम दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी और फिर ये मुकाबला जो भी टीम जीतेगी वो फाइनल में बेंगलुरु से खेलेगी। बेंगलुरु ने लीग स्टेज में मुंबई इंडियंस को 12 रनों से हराया है, हालांकि गुजरात टाइटंस के खिलाफ टीम को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि पंजाब किंग्स को टीम ने जारी सीजन में दो बार हराया है और एक बार मैच गंवाया है, ऐसे में गुजरात से बेंगलुरु को सबसे बड़ा खतरा होगा। आईपीएल प्लेऑफ में यह बची हुई गेंद (60 गेंद) के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है। इस तरह आरसीबी ने चौथी दफा आईपीएल फाइनल में जगह बनाई। यह 2016 के बाद उसका पहला फाइनल होगा। आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया और गेंदबाजों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स को 14 .1 ओवर में महज 101 रन पर समेट दिया। फिर सॉल्ट ने विराट कोहली (12) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 30 रन और मयंक अग्रवाल (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 54 रन जोड़कर आरसीबी को 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर आसान जीत दिलाई।

# आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंचने पर कप्तान पाटीदार ने कहा-हम अपनी योजनाओं को लेकर स्पष्ट थे



मुल्लांपुर।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। यह चौथा मौका है जब बैंगलोर की टीम फाइनल में पहुंची है। इस जीत के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा कि टीम जहां खेलती है, ऐसा लगता है जैसे अपने होम ग्राउंड पर हों। कृपया ऐसे ही समर्थन करते रहिए। मैच के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा,हम अपनी योजनाओं को लेकर स्पष्ट थे, खासकर गेंदबाजी में। तेज गेंदबाजों ने पिच का अच्छे से इस्तेमाल किया। सुयश ने भी बहुत अच्छी लाइन-लेंथ में गेंदबाजी की। मैं उसके रोल को लेकर हमेशा स्पष्ट रहता हूं - उसे सिर्फ स्टंप्स पर निशाना लगाना होता है। उसकी गूगली पढ़ना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता। मैं उसे ज्यादा निर्देश नहीं देता, ताकि वह कंफ्यूज न हो। पाटीदार ने आगे कहा, फिल सॉल्ट जिस अंदाज़ में शुरुआत देते हैं, वह देखने लायक होता है। मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। आरसीबी फैंस का हमेशा शुक्रगुज़ार हूं - हम जहां भी खेलते हैं, ऐसा लगता है जैसे अपने होम ग्राउंड पर खेल रहे हों। कृपया इसी तरह हमारा समर्थन करते रहिए। 56 रन की नाबाद पारी खेलने वाले फिल सॉल्ट ने कहा,बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। गेंद थोड़ी मूव हो रही थी, लेकिन ये इस सीजन की सबसे खराब पिच नहीं थी। मेरे दिमाग में एक ही बात चल रही थी - अर्शदीप से आउट मत होना। वह लीग स्टेज में दो बार मुझे अलग-अलग तरीके से आउट कर चुका है, इसलिए बस बॉल पर रिएक्ट करने पर ध्यान था। उन्होंने आगे कहा, मैंने मैच से पहले कोच एंडी फ्लावर से कहा था कि सफर और ब्रेक शायद हमारे लिए फायदे का सौदा बनें। अब इस जीत से हमें जरूरी मोमेंटम मिल गया है, जो टूर्नामेंट के इस चरण में बेहद अहम है। प्लेयर ऑफ द मैच रहे लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने 4 ओवर में 3 विकेट लेकर पंजाब की कमर तोड़ दी। उन्होंने कहा,मैंने बस वही किया जो कोच ने प्लान दिया था। आज गेंदबाजी करते समय बहुत अच्छा महसूस कर रहा था। मुझे लगा कि कोई भी मेरी गूगली नहीं पढ़ पा रहा था, जिससे आत्मविश्वास बढ़ गया। हमने इसे एक सामान्य मैच की तरह लिया और सेमीफाइनल जैसा दबाव खुद पर नहीं डाला। उन्होंने यह भी कहा, मुझे टीम में एक ही रोल दिया गया है, स्टंप्स पर अटैक करना।

## हार के बाद श्रेयस अय्यर कहा-हम लड़ाई हारे हैं, जंग नहीं



नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 क्वालीफायर 1 में पंजाब किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी ने जीत दर्ज करके आईपीएल के 18वें सीजन के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जबकि पंजाब किंग्स के लिए टूर्नामेंट अभी समाप्त तो नहीं हुआ, लेकिन फाइनल में पहुंचना कठिन हो गया है। पंजाब किंग्स अभी भी क्वालीफायर 2 के जरिए फाइनल में प्रवेश कर सकती है। यही कारण है कि श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वे लड़ाई जरूर हारे हैं, लेकिन जंग नहीं हारे। क्वालीफायर 2 में पंजाब किंग्स को एलिमिनेटर की विजेता टीम से भिड़ना होगा। ये मुकाबला गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस के बीच होना है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ 8 विकेट से मिली शर्मनाक हार के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में श्रेयस अय्यर ने कहा, यह भूलने वाला दिन नहीं है, लेकिन ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाना होगा। हमने (पहली पारी में) बहुत सारे विकेट खो दिए। वापस जाकर अध्ययन करने के लिए बहुत कुछ है। ईमानदारी से कहूं तो मुझे अपने फैसलों पर संदेह नहीं है। हमने जो भी प्लानिंग की, मैदान के बाहर जो भी (प्लानिंग) हमने की, मुझे लगता है कि वह सही थी। बस हम मैदान पर इसे अंजाम नहीं दे पाए। उन्होंने आगे कहा, गेंदबाजों को भी दोष नहीं दे सकते, क्योंकि यह बचाव करने के लिए कम स्कोर था। हमें अपनी बल्लेबाजी पर काम करना होगा, खासकर इस विकेट पर। हमने यहां जितने भी मैच खेले हैं, उनमें कुछ अलग-अलग उछाल रहा है। हम ऐसे कारण नहीं दे सकते, क्योंकि हम प्रोफेशनल क्रिकेटर हैं और हमें स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करनी होती है और हमें इसके अनुरूप प्रदर्शन करना होता है। हमने लड़ाई तो हारी है, लेकिन जंग नहीं हारी।

### एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप

## अविनाश ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली।**भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने गुरुवार को एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में मेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में गोल्ड जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 8:20.92 सेकंड का समय निकालकर 36 सालों बाद भारत को इस इवेंट में गोल्ड मेडल दिलाया। एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 साउथ कोरिया के गुमी में जारी है। भारत ने पिछली बार 1989 में इस इवेंट में गोल्ड जीता था, तब दीना राम ने ये कारनामा किया था। वहीं 1975 में हरबेल सिंह स्टीपलचेज में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। साउथ कोरिया के गुमी में जारी इस चैंपियनशिप में जीत के बाद साबले ने कहा, मुझे गोल्ड मेडल जीतने का पूरा भरोसा था, क्योंकि मैं इस क्षेत्र में बेस्ट था।

**ज्योति ने भी गोल्ड जीता :** ज्योति याराजी ने 100 मीटर के हर्डल रेस को महज 12.96 सेकंड में पूरा करके गोल्ड मेडल जीता। ज्योति का पिछला रिकॉर्ड 12.99 सेकंड का था।

**भारत ने अब तक 14 मेडल जीते :** भारत 26वें एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अब तक अलग-अलग कॉम्पटीशन में 14 मेडल जीत चुका है। पॉइंट्स टेबल में देश दूसरे पायदान पर हैं। भारत ने 5 गोल्ड, 6 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज जीते हैं। इससे पहले 2023 सीजन में भी भारत ने 4×400 मीटर मिक्स्ड रिले में गोल्ड मेडल जीता था।

### फ्रेंच ओपन 2025

# जोकोविच तीसरे राउंड में पहुंचे, वर्ल्ड नंबर-1 सिनर भी जीते

## गौफ लगातार पांचवें साल तीसरे दौर में



नई दिल्ली।

सर्बिया के नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन 2025 में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने गुरुवार को फ्रेंच खिलाड़ी कोरेंटिन माउटे को 6-3, 6-2, 7-6 से हराकर मेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में प्रवेश किया। इस मैच में उन्हें बाएं पैर में कुछ समस्या हुई, जिसके लिए उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मजबूती से वापसी की और टाईब्रेक में दबदबा बनाए रखा।

### गैस्के ने करियर का आखिरी मुकाबला खेला

इटली के टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर भी मेंस सिंगल्स के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने दूसरे दौर में फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी रिचर्ड गैस्के को सीधे सेटों में 6-3, 6-0, 6-4 से हराया। यह मैच गैस्के के 23 साल लंबे करियर का अंतिम मुकाबला था, जिसमें उन्हें कोर्ट पर इमोशनल विदाई दी गई। इस जीत के साथ 23 साल सिनर ने ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में लगातार 16वीं जीत दर्ज की है, जो 2008 में राफेल नडाल के 19 मैचों की जीत के बाद सबसे लंबी जीत श्रृंखला है। सिनर का अगला मुकाबला तीसरे दौर में चेक गणराज्य के खिलाड़ी जिरी लेहेका से होगा।

### पहले सेट में पिछड़ने के बाद भी जीते ज्वेरेव

जर्मन टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 2025 फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने डच खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग को चार सेटों में 3-6, 6-1, 6-2, 6-3 से हराया। मैच की शुरुआत में डी जोंग ने ज्वेरेव को परेशान किया, लेकिन ज्वेरेव ने दूसरे सेट से लय पकड़ते हुए मैच पर नियंत्रण बना लिया। अब वे तीसरे दौर में इटली के मैटियो अर्नाल्डी और फ्लावियो कोबोली के बीच के विजेता से भिड़ेंगे ।

### गौफ ने वेलेंटोवा को सीधे सेटों में हराया

विमेंस सिंगल्स में कोको गौफ ने तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। दूसरी सीड अमेरिकी खिलाड़ी ने चेक गणराज्य की युवा खिलाड़ी टेरेजा वेलेंटोवा को 6-2, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ गौफ ने लगातार पांचवें साल फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाई है, जो 2008 में मारिया शारापोवा द्वारा हासिल की गई उपलब्धि की बराबर है। गौफ 2022 में फाइनलिस्ट और 2024 में सेमीफाइनलिस्ट रही थीं, अगले दौर में मैरी बौजकोवा का सामना करेंगी।

## इंग्लैंड दौरे के लिए केएल राहुल की स्पेशल तैयारी, लगभग 20 दिन पहले भरेंगे उड़ान



नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 का करवां खत्म होने के बाद टीम इंडिया को इंग्लैंड का दौरा करना है। 20 जून से शुरू होने वाले इस टूर पर भारत मेजबानों के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज खेलेगा। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए बीसीसीआई 18 खिलाड़ियों के स्क्वॉड का ऐलान कर चुका है। रोहित शर्मा और विराट कोहली की गैरमौजूदगी में टीम थोड़ी हलकी दिखाई दे रही है, मगर अब इन्हीं खिलाड़ियों को दिग्गजों की जगह को भरना है। केएल राहुल को रोहित शर्मा के बाद टेस्ट क्रिकेट में ओपनर के रूप में देखा जा रहा है। ऐसे में यह स्टार खिलाड़ी इंग्लैंड दौरे के लिए स्पेशल तैयारियों में जुट गया है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार केएल राहुल लगभग 20 दिन पहले इंग्लैंड के लिए उड़ान भरेंगे और इंग्लिश परिस्थितियों में ढलने के लि इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ होने वाले इंडिया ए के मुकाबले में हिस्सा लेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पुष्टि की, वह सोमवार (2 जून) को उड़ान भरेंगे और भारत ए टीम के साथ दूसरा अभ्यास मैच खेलेंगे। चूंकि वह सीनियर पुरुष टीम का हिस्सा हैं, जो सीरीज में पांच टेस्ट मैच खेलेगी, इसलिए इन मैचों से उन्हें खेलने का समय और मैच अभ्यास मिलेगा। बता दें, इंडिया ए टीम इस समय इंग्लैंड दौरे पर है। इंग्लैंड लॉयनस के खिलाफ उन्हें दो अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज का आगाज आज यानी 30 मई से होने जा रहा है। पहले टेस्ट में यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, शार्दुल ठाकुर, नीतिश कुमार रेड्डू और ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का निधन, 77 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली।


न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिए उक्त जानकारी दी। ट्रिस्ट ने न्यूजीलैंड को साल 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। यह न्यूजीलैंड पुरुष टीम का पहला वैश्विक खिताब था।

### 14 साल तक खेले घरेलू क्रिकेट, फिर बने सफल कोच

डेविड ट्रिस्ट ने अपने करियर में 14 वर्षों तक कैंटरबरी के लिए तेज गेंदबाज के रूप में क्रिकेट खेला। इसके बाद उन्होंने कोचिंग की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने कैंटरबरी के अलावा दक्षिण अफ्रीका, हांगकांग और नीदरलैंड्स की टीमों के साथ भी काम किया। साल 1999 में उन्होंने स्टीव रिक्सन की जगह न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय टीम के कोच का पद संभाला।

### 2000 में भारत को हराकर दिलाई खिताबी जीत

डेविड ट्रिस्ट के कार्यकाल में न्यूजीलैंड ने नैरोबी में खेले गए फाइनल में भारत को चार विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस मुकाबले में क्रिस केयर्न्स ने नाबाद शतक जड़ा था और टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। ट्रिस्ट का कार्यकाल भले ही केवल दो साल का रहा, लेकिन उन्होंने टीम को पहली बार वैश्विक स्तर पर विजयी बनाया।



### कोचिंग के बाद भी जुड़े रहे क्रिकेट से

न्यूजीलैंड टीम से विदा लेने के बाद ट्रिस्ट क्राइस्टचर्च के ओल्ड कोलेजियंस क्रिकेट क्लब के कोचिंग डायरेक्टर बने। इसके अलावा उन्होंने भारत और इंग्लैंड में भी कोचिंग के क्षेत्र में काम किया।

### न्यूजीलैंड क्रिकेट ने दी श्रद्धांजलि

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करते हुए कहा, न्यूजीलैंड क्रिकेट को यह पुष्टि करते हुए गहरा दुख हो रहा है कि पूर्व ब्लैककैप्स कोच डेविड ट्रिस्ट का क्राइस्टचर्च में निधन हो गया है। वह 77 वर्ष के थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट, डेविड के परिवार और मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।



# जाह्नवी ने 'धक-धक' को वल्गर बताने वाली रील की लाइक

## नेटिजन्स ने विराट का उदाहरण देते हुए कसा तंज, बोले- अब कहेंगी एल्गोरिदम के कारण हुआ

जाह्नवी कपूर अपने कांस डेब्यू और फिल्म होमबाउंड को लेकर सुर्खियों में रही हैं। अभी उनकी फिल्म परमसुंदरी का भी टीजर आ गया है, जिसे ऑडियंस का प्यार भी मिल रहा है। इन सबके बीच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लाइक करने उनके लिए मुसीबत बन गया है। एक्ट्रेस ने जिस पोस्ट को लाइक किया है वो उनकी दिवंगत मां श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित की रायवलरी के बारे में है। दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक पेज से माधुरी दीक्षित और श्रीदेवी की तुलना करते रील बनाई गई है। उसमें रील में एक तरफ माधुरी के फेमस गाने 'धक-धक' को दिखाया गया और दूसरी तरफ श्रीदेवी की फिल्म 'खुदा गवाह' का सीन है। दोनों की वीडियो पर कैप्शन में लिखा गया है- 'उन्हें वल्गर स्टेप और कुछ नहीं करने के लिए फिल्मफेयर बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला।'


वहीं श्रीदेवी के लिए कैप्शन में लिखा गया है, कमाल एक्टिंग के साथ डबल रोल निभाया, जिसने पूरी फिल्म को अपने कंधों पर संभाला, फिर भी फिल्मफेयर ने उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस के लिए इग्नोर कर दिया। बता दें कि माधुरी की फिल्म बेटा और खुदा गवाह एक ही साल रिलीज हुई थी।

जान्हवी कपूर ने इस इंस्टाग्राम रील को लाइक किया है। जब इंस्टाग्राम यूजर्स की नजर जाहन्वी की लाइक पर पड़ी तो उन्होंने सवाल खड़े कर दिए। उनकी लाइक का स्क्रीन शॉट इंस्टाग्राम के साथ रेडिट पर भी वायरल है।

### जाहन्वी का लाइक क्या इंस्टाग्राम की गलती?

दोनों जगह यूजर्स सवाल उठा रहे हैं कि क्या जाहन्वी इनडायरेक्ट माधुरी की आलोचना कर रही हैं? रेडिट पर एक यूजर लिखते हैं कि अब वो भी एल्गोरिदम की कहानी लेकर आएंगी। वहीं, एक यूजर ने माधुरी को सपोर्ट में लिखा कि माधुरी की बेटा हिट थी और उन्होंने एक्टिंग के मामले में शानदार परफॉर्मेंस दी और वो अवॉर्ड हासिल किया। वो सिर्फ एक डांस नंबर नहीं था। एक सोशल मीडिया यूजर ने कहा- दोस्तों, एल्गोरिदम की गलती है, जाहन्वी को दोष मत दीजिए। एक टूसरे कमेंट में कहा गया, मुझे कलेशी बॉलीवुड के इस युग से प्यार है। अच्छी




फिल्में नहीं तो कलेश ही सही। एक नेटिजन ने शेयर किया, एल्गोरिदम पैंडेमिक का एक और शिकार...उम्मीद है कि इंस्टाग्राम जल्द ही एक वैक्सीन लेकर आएगा। बता दें कि कुछ दिनों पहले विराट कोहली ने टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर की एक फोटो लाइक की थी, जिसके बाद हंगामा मच गया था। मामले ने इतना तूल पकड़ा कि विराट को इंस्टाग्राम पर सफाई देनी पड़ी और कहा कि उन्होंने कई पोस्ट लाइक नहीं किया है। वो इंस्टाग्राम एल्गोरिदम की वजह से हुआ। वहीं, एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को भी दीपिका पादुकोण के सपोर्ट में एक पोस्ट लाइक करने पर सफाई देनी पड़ी और उन्होंने भी इसके लिए एल्गोरिदम को दोष दिया।

# शाहरुख को थप्पड़ मारना मेरे करियर का शर्मनाक पल

## प्रिया गिल ने सुनाया फिल्म जोश का किस्सा, बोलीं- सेट पर एकदम सन्नाटा पसर गया




फिल्म जोश में शाहरुख खान के अपोजिट नजर आने वाली एक्ट्रेस प्रिया गिल का एक पुराना इंटरव्यू सुर्खियों में है। इसमें वो शाहरुख के साथ काम करने का अपना अनुभव बता रही हैं। साथ ही फिल्म के उस सीन का भी जिक्र किया, जिसमें उन्हें शाहरुख खान को थप्पड़ जड़ा था। लेहरन पॉडकास्ट को दिए एक इंटरव्यू में प्रिया मानती हैं कि उनके पूरे फिल्मी करियर में सबसे शर्मनाक काम, शाहरुख खान को थप्पड़ मारना था।

एक्ट्रेस उस पल के बारे में बात करते हुए कहती हैं- 'मुझे गाने की शुरुआत में उन्हें थप्पड़ मारना था। हम गोवा में इस सीन को बार-बार कर रहे थे और मंसूर मुझसे कह रहे थे कि प्रिया, यह सही से नहीं हो रहा कि लड़की उस पर गुस्सा हो जाए। मैंने कहा, ठीक है और मैं कोशिश करती रही। शाहरुख ने भी कहा मुझे मारो। मुझे उन्हें मुक्का मारना पड़ा। मैं खुद को रोक नहीं सकी। हे भगवान, मैं इसे कभी नहीं भूलूंगी।'

प्रिया बताती हैं कि शाहरुख खान को थप्पड़ मारने के बाद सेट पर पूरी तरह सन्नाटा छा गया था, क्योंकि किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि आखिर हुआ क्या था। वो कहती हैं- 'मुझे लगता है कि वहां पूरी तरह से सन्नाटा था। हर कोई चुपचाप था, बस कैमरा चलता रहा। मुझे लगता है कि डायरेक्टर रिएक्शन देखकर कट कहना भूल गए।' मुझे याद है कि कैमरामैन केवी ने मुझसे कहा था, 'लड़कियां तुमसे नफरत करने लगेंगी, क्योंकि तुमने शाहरुख को मारा है। हालांकि, शाहरुख इस बारे में बहुत स्वीट रहे, क्योंकि इसके बाद वो मुझे समझा रहे थे कि इसे सही तरीके से कैसे किया जाना चाहिए और मुझे समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहूं। प्रिया गिल की करियर की बात करें तो एक्ट्रेस ने प्रिया गिल के करियर की बात करें तो उन्होंने 'तेरे-मेरे सपने' से करियर की शुरुआत की थी। वो हिंदी के अलावा प्रिया ने तमिल, तेलुगु, पंजाबी, मलयालम और भोजपुरी सिनेमा में काम किया है। आखिरी बार साल 2006 में फिल्म 'भैरवी' में नजर आई थीं।

# बाबूराव का किरदार बना गले का फंदा बीयर की तरह यूरिन पी : परेश रावल



**बॉलीवुड से लेकर राजनीति की पिच तक परेश रावल ने खुद को साबित किया है। तकरीबन 240 फिल्मों में काम कर चुके एक्टर के करियर का फिल्म हेरा फेरी और फिर हेरा फेरी में निभाया गया बाबूराव का किरदार आइकॉनिक है। हालाकि, परेश रावल इसे अपने करियर के लिए गला का फंदा मानते हैं। इन दिनों इस फिल्म को लेकर परेश विवादों में भी खूब हैं। उनके राजनीतिक करियर की बात करें तो उन्होंने राजनीति में आने के बारे में कभी नहीं सोचा था। यहां तक कि उनकी पत्नी स्वरूप संपत ने यह तक कह दिया था कि वो नगर निगम का चुनाव भी नहीं जीत सकते।**

### बचपन से ही थिएटर की तरफ झुकाव था

30 मई 1955 को मुंबई की एक मिडिल क्लास गुजराती परिवार में जन्मे परेश रावल का बचपन से ही थिएटर की तरफ झुकाव था। वो एक्टर बनना चाह रहे थे। उनके पिता दह्याल रावल बिजनेसमैन थे। उन्होंने कभी भी परेश को नाटक करने से नहीं रोका। स्कूल के दिनों से ही परेश रावल नाटकों में हिस्सा लिया करते थे। 15 साल की उम्र में सबसे पहले उन्हें एक नाटक में काम करने का मौका मिला था।

### थिएटर के समय ही हुई स्वरूप से मुलाकात

थिएटर में ही काम करने के दौरान ही परेश रावल की मुलाकात स्वरूप संपत से हुई। 1975 में दोनों कॉलेज स्टूडेंट थे। परेश रावल की एक स्टेज परफॉर्मेंस देखकर स्वरूप संपत उनकी फैन हो गई थीं। वह इतनी एक्साइटेड थीं कि शो खत्म होते ही बैकस्टेज पहुंचकर परेश का नाम और काम के बारे में पूछने लगीं। उनकी एक्टिंग की तारीफ की। परेश और स्वरूप की इस छोटी सी मुलाकात ने दोनों को एक-दूसरे का काफी अच्छा दोस्त बना दिया। फिर दोस्ती से प्यार तक पहुंचने में दोनों को देर नहीं लगी।

### पहली ही नजर में स्वरूप पर फिदा हो गए थे

एक इंटरव्यू के दौरान परेश रावल ने इंट्रेस्टिंग लव स्टोरी शेयर की थी। एक्टर ने कहा था- पहली बार स्वरूप को देखते ही उन पर फिदा हो गया था। जब यह बात अपने दोस्त महेंद्र जोशी को बताई तो उसने कहा कि तुझे पता है तू जिस कंपनी में काम कर रहा है उसके बॉस की बेटी है। मैंने कहा कि किसी की भी बेटी हो, बहन हो, मां हो, मैं इसके साथ शादी करूंगा।

### पेड़ के नीचे सात फेरे लिए

धीरे-धीरे बात शादी तक पहुंची, लेकिन एक मुश्किल ये थी कि काफी लोग दोनों के बीच के रिश्ते के बारे में नहीं जानते थे। एक इंटरव्यू में परेश रावल की पत्नी स्वरूप ने बताया था- लोगों को इसकी जानकारी न हो इसलिए हमने मुंबई के लक्ष्मीनारायण मंदिर में एक पेड़ के नीचे सात फेरे लिए, क्योंकि मंदिर में मंडप नहीं था। इस दौरान 9 पंडित मंगल मंत्र जाप कर रहे थे।

### तीन दिन में ही छोड़ दी बैंक की नौकरी

थिएटर में काम करने के दौरान परेश रावल के लिए सर्वाइव करना मुश्किल हो रहा था। इसलिए उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा में नौकरी कर ली। थिएटर के प्रति परेश रावल का ऐसा जुनून था कि वह बैंक की नौकरी से बोर होने लगे। बैंक की नौकरी छोड़ने के बाद जब परेश आर्थिक तंगी का शिकार हो गए, तब वह जेब खर्च के लिए अपनी गर्लफ्रेंड स्वरूप संपत से पैसे लेते थे। इस बात का खुलासा परेश ने अनुपम खेर के शो पर किया था। बता दें कि संपत एक्ट्रेस रह चुकी हैं, इतना ही नहीं, संपत ने साल 1979 में मिस इंडिया का खिताब भी जीता था।

### गुजराती फिल्म से हुई करियर की शुरुआत

परेश रावल की फिल्मों में एक्टिंग की शुरुआत गुजराती फिल्म नसीब नी बलिहारी से हुई थी, जो 1982 में रिलीज हुई थी। इसके बाद बॉलीवुड में उन्होंने 1984 में डायरेक्टर केतन मेहता की फिल्म होली से डेब्यू किया। इस फिल्म के नाम की तरह परेश रावल के फिल्मी करियर के कैनवास में भी कई रंग के किरदार शामिल हैं। गुजराती और हिंदी के अलावा परेश रावल मराठी और तेलुगु फिल्मों में भी अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं, लेकिन सबसे ज्यादा लोकप्रियता उन्हें डायरेक्टर प्रियदर्शन की फिल्म 'हेरा फेरी' के किरदार बाबूराव से मिली।

### हेरा फेरी का किरदार बना गले का फंदा

फिल्म 'हेरा फेरी' सीरीज में परेश रावल के किरदार बाबूराव को खूब सराहना मिली। आज भी इस किरदार की खूब चर्चा होती है, लेकिन अब परेश के लिए यह किरदार गले का फंदा बन गया है। इस बात का जिक्र परेश रावल ने लल्लनटॉप के साथ एक इंटरव्यू में किया। परेश ने कहा कि उनके काम की तारीफ तो होती है, लेकिन वो उनके लिए गले का फंदा है। साथ ही परेश ने बताया कि उन्होंने अलग-अलग डायरेक्टर के पास जाकर उनसे दरख्वास्त की थी कि वो बाबूराव का किरदार लेकर कोई और फिल्म बनाएं और अलग कहानी दर्शकों को परोसे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

### तीन दिन में ही छोड़ दी बैंक की नौकरी

थिएटर में काम करने के दौरान परेश रावल के लिए सर्वाइव करना मुश्किल हो रहा था। इसलिए उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा में नौकरी कर ली। थिएटर के प्रति परेश रावल का ऐसा जुनून था कि वह बैंक की नौकरी से बोर होने लगे। बैंक की नौकरी छोड़ने के बाद जब परेश आर्थिक तंगी का शिकार हो गए, तब वह जेब खर्च के लिए अपनी गर्लफ्रेंड स्वरूप संपत से पैसे लेते थे। इस बात का खुलासा परेश ने अनुपम खेर के शो पर किया था। बता दें कि संपत एक्ट्रेस रह चुकी हैं, इतना ही नहीं, संपत ने साल 1979 में मिस इंडिया का खिताब भी जीता था।

### गुजराती फिल्म से हुई करियर की शुरुआत

परेश रावल की फिल्मों में एक्टिंग की शुरुआत गुजराती फिल्म नसीब नी बलिहारी से हुई थी, जो 1982 में रिलीज हुई थी। इसके बाद बॉलीवुड में उन्होंने 1984 में डायरेक्टर केतन मेहता की फिल्म होली से डेब्यू किया। इस फिल्म के नाम की तरह परेश रावल के फिल्मी करियर के कैनवास में भी कई रंग के किरदार शामिल हैं। गुजराती और हिंदी के अलावा परेश रावल मराठी और तेलुगु फिल्मों में भी अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं, लेकिन सबसे ज्यादा लोकप्रियता उन्हें डायरेक्टर प्रियदर्शन की फिल्म 'हेरा फेरी' के किरदार बाबूराव से मिली।

### हेरा फेरी का किरदार बना गले का फंदा

फिल्म 'हेरा फेरी' सीरीज में परेश रावल के किरदार बाबूराव को खूब सराहना मिली। आज भी इस किरदार की खूब चर्चा होती है, लेकिन अब परेश के लिए यह किरदार गले का फंदा बन गया है। इस बात का जिक्र परेश रावल ने लल्लनटॉप के साथ एक इंटरव्यू में किया। परेश ने कहा कि उनके काम की तारीफ तो होती है, लेकिन वो उनके लिए गले का फंदा है। साथ ही परेश ने बताया कि उन्होंने अलग-अलग डायरेक्टर के पास जाकर उनसे दरख्वास्त की थी कि वो बाबूराव का किरदार लेकर कोई और फिल्म बनाएं और अलग कहानी दर्शकों को परोसे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

### बाबूराव के किरदार से घुटन हो रही थी

एक्टर ने कहा था- बाबूराव का किरदार मेरे गले का फंदा बन गया है। सभी लोग मुझे हेरा फेरी जैसे किरदार में लेना चाहते थे। मुझे इस किरदार में घुटन हो रही थी। फिर हेरा फेरी के रिलीज के बाद मैं 2007 में विशाल भारद्वाज के पास गया। उनसे कहा कि एक फिल्म है डांसर इन द डार्क। बहुत ट्रैजिक कहानी है। उसमें जो लड़की है, मोटा चश्मा लगाती है और बिल्कुल बाबूराव की बेटी लगती है। मैंने कहा कि इस गेटअप के अंदर मुझे दूसरा किरदार चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं रीमेक नहीं करता।

### मुन्ना भाई एमबीबीएस में काम करने वाले थे

परेश रावल फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' में डॉ. अस्थाना का किरदार निभाने वाले थे, लेकिन उन्होंने फिल्म छोड़ दी। बाद में इस किरदार को बोमन ईरानी ने निभाया। एक इंटरव्यू के दौरान 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' से जुड़ा एक किस्सा शेयर करते हुए परेश रावल ने कहा था- विधु विनोद चोपड़ा ने फिल्म के लिए संपर्क किया था। फीस की बात चली तो मैंने 15 लाख रुपए की डिमांड की।

### मैं तो एक रुपए में भी फिल्म कर लूंगा

विधु विनोद चोपड़ा ने अहंकार के साथ कहा कि मैं तुम्हें 15 लाख रुपए दूंगा? मुझे गुस्सा आ गया। बात पैसे की नहीं थी। जिस लहजे से विधु विनोद चोपड़ा ने कहा था। वह मुझे बहुत बुरा लगा। अगर मेरे कंधे पर हाथ रखकर विनम्रता से कोई पूछे तो मैं 1 रुपए में भी फिल्म कर लूंगा। वरना करोड़ों में भी काम नहीं करूंगा।

### यूरिन पीने के 15 दिन बाद ठीक हो गए

द लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में परेश रावल ने पेशाब पीने से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया। एक्टर ने कहा- राजकुमार संतोषी की फिल्म घातक की शूटिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी। नानावटी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उसी दौरान वीरू देवगन भी अस्पताल में किसी से मिलने आए थे। जब उनको मेरे बारे में पता चला तो मेरे पास आकर पूछे कि क्या हुआ है? मैंने उन्हें अपने पैर की चोट के बारे में बताया। उन्होंने मुझे सुबह उठकर सबसे पहले अपना पेशाब पीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी फाइटर ऐसा करते हैं। आपको कभी कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने मुझे शराब, मटन या तंबाकू नहीं खाने को कहा, जो मैंने बंद कर दिया था। फिर मैंने बीयर की तरह सिप-सिप करके सुबह अपना पहला यूरिन पिया। इससे फायदा हुआ। 15 दिनों तक ऐसा करने के बाद जब एक्स-रे रिपोर्ट आई तो डॉक्टर भी हैरान रह गए। डॉक्टर ने एक्स-रे में एक सफेद लाइनिंग देखी, जो यह दिखाती है कि यह ठीक हो गई है। जबकि चोट ठीक होने में आमतौर पर दो से ढाई महीने लगते हैं।

रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# कांग्रेस बोली : केंद्र की विदेश नीति नाकाम

## किसी भी देश ने पाकिस्तान को आतंकी मुल्क नहीं माना; रूस ने भी पाक से एमओयू साइन किए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर मोदी सरकार की विदेश नीति को नाकाम बताया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की फेल डिप्लोमैसी और कमजोर विदेश नीति की वजह से भारत की छवि को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि कोई देश पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कह रहा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी किसी ने भी आपके समर्थन में बयान नहीं दिया। यहां तक कि रूस ने भी पाकिस्तान के साथ पुरानी स्टील मिल दोबारा शुरू करने के लिए एमओयू साइन किया है। अब इससे पाकिस्तान को रूस से 2.6 अरब डॉलर (21,660 करोड़ रुपए) मिलेंगे।

पीएम मोदी बोले- कोई सबूत न मांगे, इसलिए ऑपरेशन का वीडियो रिकॉर्ड किया कांग्रेस के आरोपों के बीच गुजरात की एक रैली में पीएम मोदी ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर का कोई सबूत न मांगे, इसलिए कैमरे पर रिकॉर्ड किया। जिन आतंकियों को मारा गया, उन्हें पाकिस्तान में सैन्य सम्मान दिए गए, जो दिखाता है कि पाकिस्तान सीधे इसमें शामिल था। कांग्रेस नेता थरूर बोले- हमने सेल्फ डिफेंस में कार्रवाई की ऑल-पार्टी डेलीगेशन में कोलंबिया गए कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, कोलंबिया ने जो पाकिस्तान में मारे गए लोगों के लिए संवेदना जताई, वह दुखद है। हमलावर और आत्मरक्षा करने वालों को एक बराबर नहीं कहा जा सकता। भारत ने 22 अप्रैल के पाहलगाम आतंकी हमले के बाद आत्मरक्षा में कार्रवाई की। इस दौरान थरूर ने पाकिस्तान का आतंकियों को समर्थन देने का सबूत दिखाया। इसमें पाकिस्तानी अफसर आतंकी के जनाजे में शामिल दिखे।

# सीपी जोशी बोले-75 साल की उम्र में भी जवान हूं

## चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं, मैं कड़वी कुनेन की गोली की तरह

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद/जयपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा है कि आजादी के पहले आदमी की उम्र 35 साल भी नहीं होती थी। चेचक से मर जाता था, किसी न किसी बीमारी से मर जाता था। आज मेरी उम्र 75 साल है, इसके बावजूद मैं जवान हूं, चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं। यही अगर मैं उस समय होता तो लड़ सकता था क्या। 35 साल की उम्र में ही मेरा नाम ऊपर चला जाता। पता ही नहीं चलता कि था या नहीं। जोशी राजसमंद में शुक्रवार को कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली में बोल रहे थे। जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने देश में विकास किया, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया, जिसके बाद देश में बदलाव आया है। कांग्रेस ने नियम कानून बनाकर देश में आम गरीब आदमी को उसका हक दिया है। सीपी जोशी ने कहा- झूठ बोलकर झांसे देकर लोग वोट ले जाते हैं, भावना से लोग बह जाते हैं। आज हर आदमी का काम करना संभव नहीं है। सीपी जोशी डांटता है, सीपी जोशी भगा देता है, सीपी जोशी फलां कह देता है। तो क्या सीपी जोशी झूठ बोले झूठ बोलकर वोट लेता तो एक बार में ही लोग भगा देते। 1980 में एमएलए बन गया, आज 75 की उम्र में भी राजनीति कर रहा हूं मैं। झूठ बोलता तो एक बार में ही निपट जाता। सच बोलना कड़वा होता है, मीठी गोली से बुखार नहीं उतरेगा, सीपी जोशी कुनेन की गोली है-जोशी ने कहा- सच बोलना कड़वा होता है।

# दीया कुमारी बोलीं-लोग उल्टी-सीधी चीजें बोलते, अब सच्चाई बताने का समय

## जब बोलती हूं तो बहुत कुछ बोलती हूं; सही इतिहास लोगों तक पहुंचाने का समय आ चुका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राजसमंद सांसद के तौर पर मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि थी कि मैने हल्दीघाटी में लगे शिलालेख को चैंज करवाया। पहले शिलालेख पर लिखा था कि हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर जीते थे। लेकिन मैने 2021 में सांसद रहते हुए शिलालेख को बदलवाने का प्रयास किया।

यह मॉन्यूमेंट्स आर्कियोलॉजी ऑफ इंडिया (एएसआई) के पास हैं। हम दिल्ली तक गए। उस समय अर्जुनराम मेघवाल जी के पास यह मंत्रालय था। हमने उस शिलालेख को बदला, आज जब आप हल्दीघाटी जाएंगे तो उस शिलालेख पर लिखा है कि महाराणा प्रताप युद्ध जीते थे।

उन्होंने कहा- मेरे कार्यकाल की यह सबसे बड़ी उपलब्धि थी। लेकिन शायद यह किसी को पता नहीं है। मैंने सोचा आज इस मंच के माध्यम से क्यों न सच्चाई बताऊं। क्योंकि लोग बहुत सी उल्टी सीधी चीजें बोलते हैं। अब सबको सच्चाई बताने का समय आ चुका है। मैं कम बोलती हूं, लेकिन जब बोलती हूं तो बहुत कुछ बोलती हूं। दीया कुमारी महाराणा प्रताप की जयंती पर गुरुवार को जयपुर के संघ शक्ति कार्यालय में आयोजित समारोह को संबोधित कर रही थीं।

# समरावता हिंसा केस में नरेश मीणा की जमानत खारिज

## एसडीएम थप्पड़ कांड में हाईकोर्ट से मिली राहत; फिलहाल जेल में ही रहना पड़ेगा

जयपुर। विधानसभा उपचुनाव के दौरान एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले नरेश मीणा को फिलहाल जेल में ही रहना पड़ेगा। समरावता हिंसा मामले में हाईकोर्ट ने नरेश मीणा की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी। जस्टिस प्रवीर भटनागर की अदालत ने अपने आदेश में कहा- 14 फरवरी को जिन परिस्थितियों में नरेश मीणा की जमानत खारिज की थी। उन परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं आया हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता के दूसरे जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इससे पहले आज थप्पड़ कांड मामले में नरेश मीणा को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जस्टिस अनिल उपमन की अदालत ने नरेश मीणा को जमानत दी।

# महापंचायत में चेतावनी के बाद पहुंचे ADM, दिया आश्वासन:बोले-सरकार को प्रस्ताव भेजेंगे; कृषि मंत्री बोले- पैनिक नहीं हों, पंचायत समिति को लेकर हमारी कोई जिद नहीं

बढ़ता राजस्थान

**दौसा।** दौसा में महवा क्षेत्र के गांव खेड़ला बुजुर्ग को पंचायत समिति बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। खेड़ला बुजुर्ग गांव में शुक्रवार को 6 घंटे की महापंचायत के बाद यह फैसला हुआ। जिला प्रशासन की ओर से एडीएम रामस्वरूप चौहान ने महापंचायत में पहुंचकर कहा कि प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजा जाएगा। वहीं मामले को लेकर कृषि मंत्री डॉ किरोडीलाल मीणा ने कहा कि हमारी कोई जिद नहीं है कि खोहरा पंचायत समिति बनें, लेकिन खेडला के लोगों ने कोई डिमांड भी नहीं की थी। हम साथ मिलकर रहते हैं, उनकी बात सरकार के स्तर पर रखकर रखेंगे। यहां पंचायत समिति बनाने को लेकर दो गांवों में विवाद चल रहा है। एक गांव है खेड़ला बुजुर्ग और दूसरा गांव है खोहरा मुल्ला। खेड़ला बुजुर्ग गांव के लोगों को आरोप है कि खोहरा मुल्ला गांव मंत्री किरोड़ी लाल मीणा का पैतृक गांव है इसलिए उसे पंचायत समिति बना दिया गया, जबकि खेड़ला बुजुर्ग गांव सभी पात्रताएं पूरी करता है।

इस मामले में विरोध जताते हुए आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से खेड़ला बुजुर्ग गांव में महापंचायत की जा रही थी। शाम 4 बजे एडीएम रामस्वरूप चौहान बात करने महापंचायत में पहुंचे।

महापंचायत में खेड़ला बुजुर्ग गांव के सरपंच ने आरोप लगाया कि विरोध करने के कारण पंचायत के अकाउंट को फ्रीज कर दिया गया है। महापंचायत के बाद फैसला लिया गया है कि मांग पर अब भी विचार नहीं किया तो मंत्रियों का घेराव किया जाएगा।खोहरा मुल्ला मंत्री किरोड़ी का पैतृक गांव है, जिसे हाल ही में पंचायत समिति बनाने की घोषणा की गई। ऐसे में इसी गांव से करीब 4 किलोमीटर दूर खेड़ला बुजुर्ग उपतहसील के लोग विरोध में उतर आए। उनका कहना है कि खोहरा मुल्ला की जगह खेड़ला बुजुर्ग को पंचायत समिति का दर्ज दिया जाए। इसे लेकर शुक्रवार को खेड़ला के भौंणा बाबा मंदिर परिसर में महापंचायत की गई।

**ये था पूरा मामला**

राज्य सरकार द्वारा जारी पंचायत पुनर्गठन की अधिसूचना में खेड़ला बुजुर्ग को पंचायत समिति बनाना प्रस्तावित था। इसके बाद 6 अप्रैल को प्रकाशित सूचना में कृषि मंत्री के गांव खोहरा मुल्ला को नई पंचायत समिति बनाया जाना प्रस्तावित किया गया। इसके बाद खेड़ला क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। जिन्होंने पिछले दिनों बैठक आयोजित कर रैली निकालते हुए विधायक सेवा केन्द्र का घेराव भी किया था।

इसे लेकर पूर्व जिला प्रमुख अजीतसिंह ने कहा- खेड़ला बुजुर्ग की जगह खोहरा मुल्ला को पंचायत समिति बनाया जाना, इसमें शामिल ग्राम पंचायतों की जन भावनाओं के खिलाफ और जनहित में नहीं है।

आरोप है कि प्रशासन ने राजनीतिक दबाव में प्रस्ताव बदल दिया, ऐसे में जन भावनाओं के खिलाफ निर्णय स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं भाजपा नेता महेन्द्र सिंह खेडला ने बताया कि खेड़ला बुजुर्ग पंचायत समिति बनाने के सभी मापदंडों को पूरा करता है। इसके बावजूद प्रशासन ने एक गांव को पंचायत समिति बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवा दिया।

# जयपुर में मेट्रो स्टेशन, 2 कोर्ट में बम ब्लास्ट की धमकी

## मेल में लिखा- 3 आईईडी से होंगे धमाके

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के मानसरोवर मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद बम और डॉग स्क्वॉयड मौके पर पहुंचे। इससे पहले शुक्रवार सुबह 2 कोर्ट में बम ब्लास्ट की धमकी मिली थी। इनमें एक जयपुर मेट्रो कोर्ट और एक फैमिली कोर्ट है। धमकी भरे ई-मेल के बाद हड़कंप मच गया था। मेल में आज दोपहर 2 बजे तक 3 आईडी से दो कोर्ट में धमाके करने की जानकारी थी। मेल भेजने वाले ने खुद को पूर्व नक्सली बताया था। सुबह मेल मिलने के बाद पूरे परिसर को खाली कराया गया था। मौके पर पहुंचे बम और डॉग स्क्वॉयड ने फैमिली कोर्ट में करीब चार घंटे सर्च किया था। वहीं, जयपुर मेट्रो कोर्ट में करीब एक घंटे तक सर्च करने के बाद परिसर को सेफ बताया था।

**जज ने दी पुलिस कमिश्नर को जानकारी**-जयपुर मेट्रो कोर्ट (प्रथम) के जज पवन कुमार ने पुलिस कमिश्नर को धमकी भरे ई-मेल की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि ई-मेल 29 मई को सुबह 4.49 बजे मिला था।

# राजस्थान में 5वीं बोर्ड का रिजल्ट 97.47 प्रतिशत

## शिक्षा मंत्री बोले- स्कूल टाइम में पूजा-नमाज पर रोक से बेहतर हुआ सरकारी स्कूलों का परिणाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को पांचवीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया। रिजल्ट 97.47 प्रतिशत रहा। इसमें छात्राओं ने बाजी मारी है। छात्रों का परिणाम 97.29% जबकि छात्राओं का 97.66% रहा। दोपहर 12:30 बजे जयपुर के शिक्षा संकुल में रिजल्ट घोषित किया गया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। परीक्षा में कुल 13 लाख 30 हजार 190 स्टूडेंट्स बैठे थे। इनमें से 12 लाख 96 हजार 495 स्टूडेंट्स पास हुए। रिजल्ट पिछले साल से 0.41% अधिक रहा। पिछले साल परिणाम



97. 06 प्रतिशत रहा था। पांचवीं बोर्ड में किसी स्टूडेंट को फेल नहीं किया गया है। 33 प्रतिशत से कम अंक लाने वाले स्टूडेंट्स को फिर से एग्जाम देना होगा। दौसा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, सीकर और अजमेर जिले का रिजल्ट सबसे अच्छा रहा। धौलपुर, जोधपुर, जालोर, बीकानेर और जैसलमेर जिले का रिजल्ट सबसे खराब रहा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भीलवाड़ा में कहा- स्कूल टाइम में टीचर्स के पूजा करने और नमाज पढ़ने पर रोक लगाई थी। इसके बाद सरकारी स्कूलों में हालात सुधरे हैं। सरकारी स्कूलों का रिजल्ट प्राइवेट स्कूलों से अच्छा रहा।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बीएसएफ ने 118 से अधिक पाकिस्तानी पोस्टों को तबाह किया : शाह

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू और कश्मीर के पुंछ में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कर्मियों को संबोधित किया। इस अवसर पर जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो और महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल सहित अनेक गणमान्य व्यक्तिउपस्थित थे। अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वे आज देश की 140 करोड़ जनता की ओर से सीमा सुरक्षा बल के सभी सीमा प्रहरियों को धन्यवाद देने यहाँ आए हैं। उन्होंने कहा कि जब भी भारत की सीमा पर किसी भी प्रकार का आक्रमण होता है, तब उस आक्रमण का सामना सबसे पहले बीएसएफ के जवान करते हैं। किसी भी परिस्थिति में 365 दिन और 24 घंटे सीमा सुरक्षा बल के जवान उपलब्ध, सजग और समर्पित रहते हैं।

शाह ने कहा कि बीएसएफके जवानों के कारण ही कोई भी आक्रमण सीधा देश की सीमा के अंदर क्षति नहीं पहुंचा पाता क्योंकि उसके सामने सबसे पहले सीमा सुरक्षा बल के जवान का सीना होता है।

अमित शाह ने कहा कि इसी कारण बीएसएफसीमा प्रहरियों को देश की सुरक्षा की प्रथम



पंक्ति के रूप में देश का हर बच्चा जानता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी परंपराओं को बनाए रखते हुए जम्मू और राजस्थान फ्रंटियरऔर सुदूर कच्छ सीमा पर तैनात बीएसएफके जवानों ने पूरी सजगता के साथ देश की सीमाओं की सुरक्षा की। शाह ने कहा कि जब पाकिस्तान ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकियों पर किए हुए हमले के जवाब में हमारे रिहायशी इलाके पर हमला किया तब जम्मू फ्रंटियर में लगभग 118 से अधिक पाकिस्तानी पोस्ट्स को तबाह करने और नुकसान पहुचाने का काम हमारे बीएसएफ के जवानों ने किया।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- रिलेशनशिप टूटने के बाद रेप केस गलत

## इससे आरोपी की छवि खराब होती है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फैसले में कहा, यदि दो वयस्कों में सहमति से बना रिश्ता बाद में टूट जाता है या दोनों के बीच दूरी आ जाती है, तो इसे शादी का झूठा वादा बताकर रेप का केस नहीं बनाया जा सकता। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने यह टिप्पणी की। बेंच ने कहा- ऐसे मामलों से न केवल न्याय व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, बल्कि आरोपी व्यक्ति की सामाजिक छवि को भी गंभीर नुकसान होता है। सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि सिर्फ शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा नहीं माना जा सकता, जब तक कि आरोपी की तरफ से रिश्ते की शुरुआत से ही धोखाधड़ी का इरादा न हो। बेंच ने कहा कि शादी का वादा तोड़ने को झूठा वादा बताकर धारा 376 के तहत रेप का केस करना गलत है। इस सोच पर पहले भी चिंता जताई जा चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के साथ ही महाराष्ट्र के अमोल भगवान नेहुल के खिलाफ रेप केस रद्द कर दिया। आरोपी नेहुल ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उस पर दर्ज आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था।

# राजस्थान में कोरोना के 15 नए केस मिले

## जयपुर में सबसे ज्यादा मरीज; केंद्र सरकार ने बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, आईसीयू की रिपोर्ट मांगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में 15 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा 7 मरीज जयपुर में आए हैं। वहीं, बीकानेर में 3 और उदयपुर में 2 केस मिले हैं। देश में बढ़ते कोरोना को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर राज्यों को भीड़-भाड़ वाले एरिया में जाने से रोकने और मास्क का उपयोग करने के प्रति जागरूक करने के लिए कहा है। साथ ही केंद्र सरकार ने 2 जून तक प्रदेश के सभी जिला, उप-जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, आईसीयू, दवाइयां और पीपीई किट की उपलब्धता की रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य विभाग से जारी रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर के सवाई मानसिंह और आरयूएचएस हॉस्पिटल में एक-एक केस आया है, जबकि 5 अन्य केस एक निजी डायग्नोसिस सेंटर पर मिले हैं। इनके अलावा बीकानेर में 3, उदयपुर में 2, जोधपुर में एक और 2 अन्य जगह मिले हैं। इस तरह राजस्थान में इस साल अब तक कुल 69 मरीज मिल चुके हैं।



### केंद्र सरकार ने राज्यों को जारी की एडवाइजरी

कोविड के बढ़ते केसों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को सतर्कता बरतने और तैयारियां रखने की एडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय की ओर से लिखे एक पत्र में बताया- कोविड के केसों में बढ़ोतरी ओमिक्रॉन वैरिएंट के नए सब वैरिएंट छ्हृ 1, एक्सएफजी और रूऌ 7 .9 के कारण हो रही है, जिनसे हल्के लक्षण जैसे बुखार, खांसी, गले में खराश आदि सामने आ रहे हैं। 28 मई तक देश में कोविड के 1621 सक्रिय मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से 90 फीसदी से अधिक मामले केवल छह राज्यों (केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक) से हैं।

### केंद्र सरकार ने राज्यों को जारी की एडवाइजरी

कोविड के बढ़ते केसों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को सतर्कता बरतने और तैयारियां रखने की एडवाइजरी जारी की है। मंत्रालय की ओर से लिखे एक पत्र में बताया- कोविड के केसों में बढ़ोतरी ओमिक्रॉन वैरिएंट के नए सब वैरिएंट छ्हृ 1, एक्सएफजी और रूऌ 7 .9 के कारण हो रही है, जिनसे हल्के लक्षण जैसे बुखार, खांसी, गले में खराश आदि सामने आ रहे हैं। 28 मई तक देश में कोविड के 1621 सक्रिय मामले दर्ज किए हैं, जिनमें से 90 फीसदी से अधिक मामले केवल छह राज्यों (केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक) से हैं।

### तैयारियां रखने के निर्देश

एडवाइजरी पत्र में केंद्र ने राज्य सरकार के हेल्थ डिपार्टमेंट से जिला, उप-जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में बेड, ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, आईसीयू, दवाइयां और पीपीई किट की उपलब्धता की समीक्षा करने और उसकी 2 जून तक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com